सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
15.12.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net अगहन, शुक्ल पक्ष, तृतीया संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 152

12 'वेट्टैयन' में काम करेंगे अमिताभ बच्चन

न्यूज डायरी

कोयला चोरी में कई ठिकानों पर सीबीआइ का छापा

नयी दिल्ली। सीबीआइ ने कोयला चोरी घोटाले से जुड़े मामले की जांच के तहत गुरुवार को बंगाल में 12 स्थानों पर तलाशी ली। ये तलाशी कोलकाता, बर्नपुर, पुरुलिया, दुगार्पुर और मालदा सहित 12 से अधिक स्थानों पर हुई। सीबीआइ ने संपत्ति के कागजात, मोबाइल सहित आपत्तिजनक दस्तावेज और लेख बरामद किये गये।

राजस्थान के नये सीएम का शपथ ग्रहण आज

जयपुर। भजनलाल शर्मा शुक्रवार को यहां राजस्थान के नये सीएम के रूप में शपथ लेंगे। ऐतिहासिक अल्बर्ट हॉल के बाहर होने वाले समारोह में पीएम मोदी, गृह मंत्री शाह तथा भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल होंगे।

खनन माफिया के हमले में तीन जवान घायल

सिमडेगा। जिले में अवैध खनन कर रहे पत्थर माफियाओं को रोकने पर उन्होंने सिमडेगा पुलिस पर हमला कर दिया। जिसमें तीन पुलिसकर्मी घायल हो गये। ओडिशा बॉर्डर पर बनडेगा की तरफ से एक पत्थर व्यवसायी ट्रैक्टर में पत्थर लेकर ओडिशा की तरफ जा रहा था। इस दौरान गश्त कर रही पुलिस से उनका सामना हो गया।

एक ही परिवार के पांच लोगों ने की खुदकुशी

बीकानेर। राजस्थान के बीकानेर जिले के मुक्ता प्रसाद थाना क्षेत्र से एक ही परिवार के पांच लोगों ने खुदकुशी कर ली है। सुसाइड करने वालों में पति-पत्नी के साथ उनके तीन बच्चे शामिल हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

मुंडा ने किया श्रीअन्न महोत्सव का शुभारंभ

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने गुरुवार को आसियान-भारत श्री अन्न महोत्सव का यहां शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि देश में मोटे अनाज (मिलेट्स) को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार लगातार प्रयास कर रही है।

रिम्स में इलाजरत हार्ड कोर नक्सली की मौत

रांची। चाईबासा जेल ब्रेक का मास्टरमाइंड हार्डकोर नक्सली संजय गंझू उर्फ संजय टेक्निकल की गुरुवार को रिम्स में मौत हो गयी। बम बनाने में माहिर संजय लातेहार के बालूमाथ का रहने वाला था। जेल में उसकी तबीयत बिगड़ने पर छह दिसंबर को रिम्स में भर्ती कराया गया था। संजय गंझू पर राज्य सरकार ने 10 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।

क्रेन ने पांच वाहनों को मारी ठोकर, चार घायल

दुमका। गुरुवार को महुआडंगाल के पास एक क्रेन ने एक साथ कई वाहनों में ठोकर मार दी। हादसे में चार लोग जख्मी हो गये। अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। है। क्रेन रांची से दुमका की ओर आ रही थी। नशे में रहने के कारण उसने एक ट्रैक्टर, कार और आटो में धक्का मार दिया।

गहना आभूषण
सोना (बिक्री) : 59,100 रु./10 ग्राम
चांदी : 77,000 रु./प्रति किलो

तीसरी आंख

झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से, उच्च स्तरीय बैठक कर स्पीकर ने मांगा सहयोग

सत्ता और विपक्ष ने बनायी रणनीति, हंगामे के आसार

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। कड़ी सुरक्षा के बीच झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुक्रवार से शुरू हो रहा है जो 22 दिसंबर तक चलेगा। सदन के शांतिपूर्ण संचालन को ले कर गुरुवार को बैठकों का दौर जारी रहा। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने अपने कक्ष में विधायक दल के नेताओं की बैठक की। यह पहला मौका था कि जब नेता प्रतिपक्ष इस बैठक में उपस्थित हुए। सीएम हेमंत सोरेन की मौजूदगी में हुई इस बैठक में स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने 15 से 22 दिसंबर तक होने वाले शीतकालीन सत्र को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष से सहयोग की अपील की।

सदन को मिल चुका है नेता प्रतिपक्ष : सदन की कार्यवाही शांतिपूर्ण ढंग से संचालित कराने के लिए सहयोग मांगा। वहीं सीएम ने बैठक के बाद कहा कि ये खुशी की बात है कि सदन को नेता प्रतिपक्ष मिल चुका है। आशा है कि सदन का उपयोग आमजनों की समस्याओं को सुनने और उसके निराकरण पर बात होगी। उन्होंने कहा कि सरकार विपक्ष के हर सवालों का जवाब देने को तैयार रहेगी। वहीं विपक्ष के रूख से स्पष्ट लग रहा है कि सदन की कार्यवाही बेहद ही हंगामेदार होगी। वहीं दूसरी ओर देर शाम तक सत्ता पक्ष और विपक्ष ने अपनी-अपनी बैठक कर रणनीति बनायी।

(शेष पेज 11 पर)

मजबूत विपक्ष की भूमिका निभायेंगे : बाउरी

बैठक में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि सदन में हम मजबूत भूमिका निभायेंगे। चर्चा है कि गिरती कानून व्यवस्था का मामला भी सदन में उठेगा। राज्यसभा सांसद धीरज साहू मामले पर सरकार को घेरने का भी प्रयास होगा। भ्रष्टाचार और युवाओं को नौकरी देने में विफल रहने के मुद्दे पर जवाब मांगने की तैयारी है। बहरहाल 22 दिसंबर तक चलने वाले झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के द्वारा सरकार के द्वारा अनुपूरक बजट के अलावा कई महत्वपूर्ण विधेयक को भी लाने की तैयारी की गयी है।

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी को कक्ष तक ले गये सीएम हेमंत

सीएम श्री सोरेन ने कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि सदन को नेता प्रतिपक्ष मिल गया है। अब लोकतंत्र के इस मंदिर में जनता की बात होगी। बैठक के बाद विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नेता प्रतिपक्ष श्री बाउरी को उनके कक्ष तक ले गये। नेता प्रतिपक्ष ने उनका आभार जताया। साथ ही कहा कि उनका पूरा प्रयास रहेगा कि सदन सुचारू रूप से चले। सबसे बड़ी इस पंचायत में जनता की बातें सामने आये और उनकी समस्याओं का समाधान हो।

सदन चलाने में दोनों पक्षों की भूमिका अहम : स्पीकर

सत्र के दौरान सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चले इसे लेकर विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने गुरुवार को सर्वदलीय बैठक की। सत्र के दौरान सदन की कार्यवाही बिना व्यवधान चलाने को ले कर चर्चा चर्चा की गयी। बैठक में सीएम हेमंत सोरेन, संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, माले विधायक विनोद सिंह व आजसू विधायक लंबोदर महतो मौजूद थे। विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो ने कहा कि सदन चलाने की जिम्मेवारी जितनी पक्ष की होती है, उतनी ही विपक्ष की भी। सदन और आसन को सम्मान दोनों पक्षों से मिलता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सदन बहुत ही सुचारू और ढंग से चलेगा। सभी दल के विधायकों ने भी अपनी-अपनी राय रखी।

मथुरा कृष्ण जन्मभूमि मामले में हाइकोर्ट का बड़ा फैसला

शाही ईदगाह मस्जिद परिसर का होगा सर्वे

एजेंसी

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्म भूमि शाही ईदगाह परिसर का सर्वे कराये जाने की मंजूरी दे दी। सर्वे कराये जाने, कोर्ट कमिश्नर की नियुक्ति तथा सर्वे की शर्तों को लेकर अदालत 18 दिसंबर को सुनवाई करेगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला देते हुए शाही ईदगाह मस्जिद की दलीलें खारिज कर दी। भगवान श्रीकृष्ण विराजमान और सात अन्य लोगों की तरफ से याचिका दाखिल कर सर्वे की मांग की गयी थी। श्री कृष्ण विराजमान और अन्य की ओर से दाखिल अर्जी पर सुनवाई करते हुए यह आदेश न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने दिया है।

अदालत का कहना था कि कोर्ट कमिश्नर की नियुक्ति से दोनों पक्षों को किसी प्रकार का नुकसान नहीं होगा। विपक्षी भी सर्वे में हिस्सा ले सकते हैं और यदि कोर्ट कमिश्नर की रिपोर्ट से वे सहमत नहीं हैं तो उस पर आपत्ति दाखिल कर सकते हैं। अदालत का कहना था कि कोर्ट कमिश्नर विश्वसनीय साक्षी होते हैं और वाद के विचारण के समय उनको साक्ष्य के लिए बुलाया जा सकता है। कोर्ट ने विपक्षी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड और अन्य पक्षकारों की उन दलीलों को खारिज कर दिया, जिसमें परिसर का सर्वे नहीं कराये जाने की मांग की गयी थी। कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की इस दलील को नहीं माना कि सिविल सूट 2020 में दाखिल किया गया, जबकि सर्वे कराने की अर्जी उसके 3 साल बाद 2023 में दाखिल की गयी।

■ अदालत का कहना था कि कोर्ट कमिश्नर की जांच के दौरान परिसर की सुचिता बनाये रखने और ढांचे को किसी भी प्रकार का नुकसान न पहुंचने का कड़ा आदेश पारित किया जा सकता है। हिंदू पक्ष ने दलील दी कि कटरा केशव देव की 13.37 एकड़ जमीन श्री कृष्ण विराजमान की है तथा इसे लेकर 12 अक्टूबर 1968 को हुआ समझौता अवैध है। इस समझौते को रद्द करने की मांग की गयी थी। कटरा केशव देव के मालिकाना हक को लेकर लंबे समय से अदालती विवाद चल रहा है, जिसमें पूर्व में हिंदुओं के पक्ष में फैसला भी हो चुका है। गौरतलब है कि श्री कृष्ण जन्मभूमि मामले को लेकर मथुरा की अदालत में चल रहे सभी 18 मुकदमों को सुनवाई के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में स्थानांतरित कर दिया गया है। गुरुवार को कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए सर्वे कराने की मांग मंजूर कर ली है। अब 18 दिसंबर को अदालत सर्वे कराने पर दोनों पक्षों को सुनेगी।

सुरक्षा में चूक: भारी हंगामे के कारण नहीं चली संसद, 14 सांसद निलंबित

मामला बेहद गंभीर, लेकिन राजनीति से बचें : पीएम

एजेंसी

नयी दिल्ली। संसद की सुरक्षा में सेंध मामले को ले कर संसद के दोनों सदनों में गुरुवार को भारी हंगामा हुआ। सरकार से जवाब की मांग करते हुए विपक्षी सदस्य लगातार शोरशराबा करते रहे। सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद अंततः शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। सदन में आसन की अवमानना और अनादर के लिए विपक्ष के 15 सदस्यों को मौजूदा शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित भी कर दिया गया। निलंबति सांसदों ने विरोध स्वरूप धरना दिया। बाद में पहचान में चूक के कारण द्रमुक सांसद पार्थिबन का निलंबन वापस ले लिया गया। वह सदन में मौजूद नहीं थे। इस तरह कुल 14 सदस्यों को लिंबित किया गया। इस बीच इस मामले में पीएम मोदी ने केंद्रीय मंत्रियों को निर्देश दिया कि वे मामले को गंभीरता से लें। पर मामले को लेकर राजनीति में ना पड़े। हम सभी को सावधानियां बरतनी होगी।

गलत परंपरा न डालें : स्पीकर- अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों से हंगामा न करने का अनुरोध करते हुए कहा कि संसद परिसर की सुरक्षा लोकसभा सचिवालय की जिम्मेदारी है। उन्होंने जोर दिया कि संसद की सुरक्षा सरकार का नहीं, बल्कि हमारा अधिकार क्षेत्र है। हमने संसद की सुरक्षा के मसले पर कल चर्चा की थी और आगे फिर चर्चा करेंगे। गलत परिपाटी मत डालिये।

(शेष पेज 11 पर)

मुख्य साजिशकर्ता 'कोई और' : पुलिस सूत्र

नयी दिल्ली। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को कहा कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, बुधवार की संसद सुरक्षा उल्लंघन का मुख्य साजिशकर्ता कोई और है। सूत्रों के मुताबिक, आरोपियों ने पहले ही संसद के बाहर की रेकी कर ली थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सभी आरोपी एक सोशल मीडिया पेज 'भगत सिंह फैन क्लब' से जुड़े थे। लगभग डेढ़ साल पहले सभी लोग मैसूर में मिले थे। सागर जुलाई में लखनऊ से आया था लेकिन संसद भवन में प्रवेश नहीं कर सका था। 10 दिसंबर को एक-एक करके सभी अपने-अपने राज्यों से दिल्ली में इंडिया गेट के पास जुटे, जहां सभी को रंगीन पटाखे दिये गये। इस बीच दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने यूएपीए धारा के तहत मामला दर्ज किया है। गृह मंत्रालय (एमएचए) ने भी बुधवार को संसद सुरक्षा उल्लंघन की घटना की जांच का आदेश दिया था। पुलिस के अनुसार मुख्य साजिशकर्ता अब भी फरार है उसकी तलाश तेज है। छठे संदिग्ध आरोपी की तलाश में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन छापेमारी कर रही है।

सुप्रीम कोर्ट से पूजा सिंघल को झटका

बेल पर सुनवाई अब 8 जनवरी को

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। जेल में बंद निलंबित आइएएस पूजा सिंघल का नया साल का पहला दिन भी जेल में बीतने वाला है। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट से उन्हें फिर झटका लगा। शीर्ष अदालत में अब उनकी जमानत याचिका पर अब 8 जनवरी 2024 को सुनवाई होगी। पूजा सिंघल की ओर से सुप्रीम कोर्ट में जमानत अर्जी दाखिल की गयी थी। गुरुवार को उनकी अर्जी पर सुनवाई के बाद अगली तिथि निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से उपस्थित वरीय अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि एजेंसी के द्वारा जिस गवाह की गवाही कराई जानी थी, उसकी गवाही पूरी नहीं हुई है। जिसके बाद अदालत ने पूजा सिंघल की बेल पर अगली सुनवाई के की तिथि निर्धारित की।

खूंटी जिले में मनरेगा घोटाला से जुड़े मनी लाउंडरिंग केस में जेल में बंद पूजा सिंघल ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत के लिए याचिका डाली थी। इसके पहले भी उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से जमानत देने की अपील की थी, लेकिन उनकी अपील को शीर्ष अदालत ने ठुकरा दिया था। पूजा सिंघल को 11 मई 2022 को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था।

संसद में सेंध मामले का मुख्य आरोपी ललित झा भी धराया

एजेंसी

नयी दिल्ली। संसद की सुरक्षा में सेंध मामले का फरार चल रहा मास्टरमाइंड ललित मोहन झा को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह भी कहा जा रहा है कि ललित ने खुद सरेंडर किया। वह महेश नाम के शख्स के साथ पहुंचा था। पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों को स्पेशल सेल को सौंप दिया। चार आरोपियों को पुलिस पहले ही दबोच चुकी थी। स्पेशल सेल अब सभी से पूछताछ कर रही है। पुलिस के समक्ष आरोपियों ने खुलासा किया कि वे भारत में ब्रिटिश शासन के दौरान क्रांतिकारी भगत सिंह द्वारा सेंट्रल असेंबली के अंदर बम फेंके जाने जैसी घटना को दोहराना चाहते थे। आरोपियों ने स्मोक बम का उपयोग के बाद संसद में पर्चे फेंकने की योजना थी। आरोपियों को पता था कि सदन में जाते समय जूतों की तलाशी नहीं होती है। ललित, सागर और मनोरंजन करीब एक साल पहले मैसूर में मिले थे। वहीं संसद में घुसने की साजिश रची थी। बाद में नीलम और अमोल को भी साजिश में शामिल कर लिया। पुलिस गुरुग्राम निवासी विशाल शर्मा उर्फ विक्की और उसकी पत्नी से भी पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार चारों आरोपी मंगलवार रात शर्मा के आवास पर रुके थे।

सांसद धीरज साहू का मामला पहुंचा झारखंड हाइकोर्ट

सीबीआइ और इडी से जांच की याचिका दायर

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू से संबंधित अलग-अलग कंपनियों और उनके ठिकानों से करोड़ों रुपये की बरामदगी का मामला हाइकोर्ट जा पहुंचा है। जमशेदपुर के रहने वाले दानयाल दानिश ने इस मामले की जांच केंद्रीय एजेंसी सीबीआई और ईडी से करवाने के लिए झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने जनहित याचिका दायर दायर कर कहा कि एक सांसद के ठिकानों से इतनी बड़ी नकदी का पकड़ा जाना एक गंभीर मामला है। इससे यह स्पष्ट रूप से प्रतीत होता है कि यह आर्थिक अपराध है। यह पैसा कहां से आया और इस पैसे में किसका-किसका हिस्सा है यह जांच का विषय है।

(शेष पेज 11 पर)

आवास की तलाशी जारी

आयकर विभाग के आला अधिकारियों की देखरेख में शुक्रवार को भी कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद धीरज साहू के रेडियम रोड स्थित आवास में तलाशी जारी रहा। आयकर विभाग को शक है कि सांसद ने अपने रांची और लोहरदगा आवास में भी जमान के अंदर राशि और जेवरात छिपा रखे हैं। इसी आशंका में जांच टीम उनके घर की जमीन खोदने की तैयारी में है। छापेमारी टीम में रांची और लोहरदगा में जियो सर्विलांस सिस्टम मशीन के जरिये घर की जमीन की तलाशी कर रही है। मशीन के जरिए जांच कर जमीन में मिट्टी के अंदर छिपे आभूषण और दूसरे सामान की तलाश की जा रही है। दरअसल, छापेमारी के दौरान मिली अकूत संपत्ति के सामने आने के बाद टीम की उम्मीदें बढ़ गयी हैं।

बैठक में सीएम ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश, दिये जरूरी टिप्स

हम डरने वाले नहीं, हर परिस्थिति को तैयार रहें : हेमंत

चुनावी तैयारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से कहा कि वो हर परिस्थिति के लिए तैयार रहें। झामुमो किसी भी स्थिति और परिस्थिति से न डरने वाला है और न ही घबराने वाला। झामुमो का जन्म ही संघर्ष से हुआ है। संघर्ष यात्रा की बदौलत 2019 में पूर्ण बहुमत की सरकार बनायी। उक्त बातें सीएम ने गुरुवार को अपने आवास पर आयोजित जिला अध्यक्षों, प्रखंड अध्यक्षों और केंद्रीय पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक में कही। उन्होंने कहा कि 2024 में लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा चुनाव भी होने हैं। इसकी तैयारी में जुट जायें, समय अब कम है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हुए चुनाव के लिए एक बेहतर रणनीति के साथ तैयारी करने का मंत्र दिया।

(शेष पेज 11 पर)

कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ : मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं। आपके कंधों पर एक बड़ी जिम्मेदारी है, अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन तत्परता और ईमानदारी के साथ आप करें। सीएम ने कहा कि वर्ष 2024 चुनावी वर्ष के रूप में आकर खड़ा है। लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा चुनाव भी होने हैं। वर्ष 2024 में अगर हम बीच के दो-चार महीने छोड़ दें, तो पूर्ण रूप से आचार संहिता वाला वर्ष होगा।

एकजुटता से हर षडयंत्र फेल करेंगे

सीएम ने कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं को इस बात की भी जानकारी है कि इस चुनावी वर्ष में राज्य विरोधी लोग और पार्टियां धर्म और समुदाय के नाम पर हमारी अखंडता और एकजुट को तोड़ने का प्रयास करेंगे। ऐसे लोगों से हमसभी को सतर्क रहने की जरूरत है। हमारी एकजुटता का ही परिणाम है कि आज तक लोगों ने विरोधियों के हर षडयंत्र को विफल कर दिया है। आगे भी आपके दम पर वही करेंगे।

देश के हालात ठीक नहीं, सतर्क रहें

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी देश के जो हालात हैं, उससे सबसे ज्यादा नुकसान किसान, गरीब और युवा वर्ग को हुआ है। यहां के आदिवासी-मूलवासी, दलित, शोषित अल्पसंख्यक समेत विभिन्न वर्ग के लोगों को विपक्षी दलों के लोग भड़का रहे हैं। देश एवं राज्य विरोधी शक्तियां हमें निरंतर तोड़ने का प्रयास कर रही हैं। ऐसे में हम सभी को सतर्क रहना है। एकजुट हो कर विरोधियों के मंसूबे पर पानी फेरना है।

आज खूंटीवासियों को विकास योजनाओं की सौगात देंगे सीएम

खबर मन्त्र संवाददाता

खूंटी, रांची। सीएम हेमंत सोरेन आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को खूंटी के कचहरी मैदान में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे। सीएम खूंटीवासियों को करोड़ों की सौगात देंगे। विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उदघाटन करेंगे। कार्यक्रम को ले कर शिविर में कुल 15 स्टॉल लगाये गये हैं। इसमें विभिन्न योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ आवेदन भी लिया जायेगा।

डीसी ने की तैयारियों की समीक्षा : कार्यक्रम की तैयारी को लेकर गुरुवार को खूंटी के उपायुक्त लोकेश मिश्र ने कचहरी मैदान में जायजा लिया। उन्होंने सभी अतिथि और लोगों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, एंबुलेंस सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। अधिकारियों को सारी व्यवस्था दुरुस्त करने और सुरक्षा-व्यवस्था पुख्ता रखने को कहा। इसके बाद ब्रीफिंग करते हुए उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दी। मौके पर एसपी अमन कुमार, डीडीसी नीतीश सिंह, एसडीओ अनिकेत सचान सहित अन्य उपस्थित थे। बैठक में उन्होंने कार्यक्रम स्थल आने वाले लोगों की कड़ाई से जांच करने, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ रखने सहित अन्य निर्देश दिया।

समाज को सशक्त बनाने में हर वर्ग की भागीदारी महत्वपूर्ण : सुदेश महतो

समाज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को किया गया सम्मानित

क्षेत्रीय गूंज महोत्सव का दूसरा दिन राहे में उत्साह और उल्लास के बीच संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। सिल्ली विधानसभा अंतर्गत राहे प्रखण्ड के डोमनडीह मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ क्षेत्रीय गूंज महोत्सव 23 का आयोजन किया गया। इस दौरान जरूरतमंद लोगों के बीच परिसंपत्तियों का किया गया वितरण। मौके पर सिल्ली विधायक सह गूंज परिवार के संरक्षक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि समाज में जमीनी स्तर पर सेवा देने वाली रसोइया, स्वास्थ्य एवं जल सहिया, पहान, किसान समेत कई ऐसे लोग हैं जिन्होंने गांवों की निस्वार्थ सेवा की है, लेकिन सरकारी स्तर पर उनकी अनदेखी होती रही है। क्षेत्रीय गूंज महोत्सव के माध्यम से हम अनदेखे किए गए उन सभी लोगों को सम्मानित करने एवं उनका उत्साहवर्धन करने का काम कर रहे हैं और यह कार्य लगातार जारी रहेगा। समाज को सशक्त बनाने के लिए हर वर्ग की भागीदारी महत्वपूर्ण है, तभी हम सामाजिक न्याय के लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है।

निःशुल्क जांच शिविर : राहे में हुए क्षेत्रीय गूंज महोत्सव के दौरान स्थानीय लोगों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। दिव्यांगजनों को रेजिस्ट्रेशन के बाद प्रमाण पत्र दिए गए साथ ही उनके बीच निःशुल्क सहायक उपकरण जैसे व्हीलचेयर का वितरण किया गया। साथ ही निःशुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन और पौधों का भी वितरण हुआ।

लोगों ने जताया आभार : इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों के हित के लिए लगाए गए शिविर का लाभ सीधा जरूरमंद लोगों को मिला। निःशुल्क गैस कनेक्शन, नेत्र व स्वास्थ्य जांच एवं दिव्यांगजनों के बीच वितरित सहायता यंत्र मिलने से जरूरतमंद लोगों के चेहरों पर खुशी नजर आई। लोगों ने कहा कि इस तरह का आयोजन हमारे प्रखंड में भी होगा यह कभी नहीं सोचा था। जिस काम के लिए दूर शहर जाना पड़ता था आज वो हमारे घर के पास हो रहा है। इस शानदार पहल के लिए महोत्सव में मौजूद लोगों ने सुदेश कुमार महतो और गूंज परिवार का हृदय से आभार व्यक्त किया।

रांची में कई अधिवक्ताओं ने थामा पार्टी का दामन : पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की उपस्थिति में उनके आवासीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में रांची के कई अधिवक्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इन्होंने ली सदस्यता-दीपक केरकेप्ता, मनीष शर्मा, कृपा मुंडा, संध्या मुंडा, कुंदन कुमार।

कई लोग हुए सम्मानित

इस मौके पर अपने अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सैकड़ों ग्राम प्रधान, संयोजिका, रसोइया, पहान, सहिया, जल सहिया, किसान, महिला समिति, क्षेत्रीय कवि, लेखक और गायक को सम्मानित कर उन्हें प्रशस्ति पत्र भी दिए गए। ग्राम सांस्कृतिक दलों के बीच वाद्य यंत्र का भी वितरण किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए आयोजित

मौके पर कई क्षेत्रीय कलाकारों ने एक ताल और लय के साथ छऊ नृत्य की अद्भुत प्रस्तुति दी। इसके अलावा भी विभिन्न कलाकारों ने कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

आज सोनहातु में होगा आयोजन

शुक्रवार को सोनहातु प्रखंड अन्तर्गत सोनहातु मैदान में क्षेत्रीय गूंज महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों के बीच विभिन्न परिसंपत्तियों का वितरण और क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। साथ ही लोगों के स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का भी लगाए जाएंगे।

खबर एक नजर में

मशाल जुलूस आज, पूरे राज्य में होंगा प्रदर्शन : पुष्कर

रांची। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने बयान जारी कर कहा कि 16 एवं 17 दिसंबर को आहूत आर्थिक नाकेबंदी के पूर्व 15 दिसंबर को राज्य के प्रत्येक जिले एवं प्रखंड में मशाल जुलूस का आयोजन किया जाएगा। शहीद स्थल से परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक तक मसाल जुलूस निकाला जाएगा। इस मसाल जुलूस एवं कार्यक्रम में 50 साल से 95 वर्ष के बुजुर्ग महिला - पुरुष आंदोलनकारी भी बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारी अपनी अलग पहचान पानी के लिए आतुर है तो अपने मान सम्मान एवं स्वाभिमान की रक्षा के लिए एक और संघर्ष एवं शहादत को तैयार है। आंदोलनकारी इस राज्य को सजाने और संवारने के साथ-साथ इस राज्य को किसी भी ताकत को लूटने नहीं देंगे।

हाईकोर्ट ने जमशेदपुर के डीएसई को सशरीर उपस्थित होने का दिया निर्देश

रांची। प्रार्थी श्यामली मंडल को उसके शिक्षक पति की मृत्यु के बाद ग्रेच्युटी, एरियर आफ पेंशन, फैमिली पेंशन आदि सुविधा भुगतान नहीं किए जाने से संबंधित अवमानना याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में जिला शिक्षा अधीक्षक जमशेदपुर द्वारा सो काज दाखिल नहीं किए जाने पर हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट ने उन्हें 19 जनवरी 2024 को सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 19 जनवरी 2024 को होगी। दरअसल, स्वप्न मंडल साइंस शिक्षक के रूप में 23 दिसंबर 1976 को ज्वाइन किए थे। वे अपग्रेडेड हाई स्कूल, कपाली में अप्रैल 2011 में इंचार्ज हेड मास्टर के पद पर कार्य कर रहे थे। उसी दौरान उनकी मृत्यु के बाद उनकी पत्नी श्यामली मंडल को रिटायरमेंट बेनिफिट नहीं मिल पाया था। जिसे लेकर उन्होंने हाईकोर्ट की एकल पीठ में याचिका दाखिल की थी। एकल पीठ ने 17 जून 2020 को आदेश जारी कर प्रार्थी को रिटायरल बेनिफिट देने का आदेश सरकार को दिया था। लेकिन आदेश का अनुपालन नहीं होने पर प्रार्थी श्यामली मंडल की ओर से हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की गई। इस अवमानना याचिका में जिला शिक्षा अधीक्षक, जमशेदपुर की ओर से कोर्ट के आदेश का अनुपालन रिपोर्ट भी नहीं प्रस्तुत किया गया। साथ ही कोर्ट में सो काज दायर नहीं किया गया।

धनबाद से बेंगलुरू के लिये नयी ट्रेन की मांग को लेकर रेलवे को लिखा गया पत्र

रांची। धनबाद से बेंगलुरू तक चलने वाली नयी ट्रेन की मांग की गयी है। इस संबध में झारखंड पैसेंजरस एसोसिएशन एवं रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य प्रेम कटारूका की ओर से रेलवे को पत्र लिखा गया है। पूर्व मध्य रेलवे के क्षेत्रीय महाप्रबंधक अनिल खंडलेवाल को यह पत्र लिखा गया है। पत्र में जिक्र है कि राजधानी से गाड़ी संख्या 18637 और 18638 का सर एम विश्वश्रेया टर्मिनल बेंगलुरू का सप्ताह में सिर्फ दो दिन परिचालन होता है। जिसमें साल भर वेटिंग लिस्ट लगी रहती हैं। पत्र में आग्रह किया गया है कि उक्त यात्री गाड़ी का विस्तार धनबाद से वाया रांची या हटिया होते हुए सर एम विश्वश्रेया टर्मिनल बेंगलुरू तक एक नई यात्री गाड़ी चलाने की स्वीकृति रेलवे बोर्ड से प्राप्त कर परिचालन किया जायें। इससे न तो राजधानीवासियों को कष्ट होगा और ना ही धनबाद वासियों को। पत्र के माध्यम से विश्वास जताया गया है कि दिनों दिन यात्रियों की बढ़ती संख्या व व्यापक यात्रीहित में धनबाद बंगलुरू के लिए एक नई यात्री गाड़ी के परिचालन की स्वीकृति पूर्व मध्य रेलवे को मिल जायेगी। इस संबंध में रेलवे के साथ ही सांसद संजय सेट, रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा, दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक और धनबाद रेल मंडल को लिखा गया है।

सुरंग में फंसे मजदूरों के नाम पर राजनीति कर रहे सीएम : बाबूलाल

रांची। पूर्व सीएम और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उत्तराखंड के एक सुरंग से बाहर निकाले गए झारखंड के श्रमिकों के नाम पर गंदी राजनीति करने का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया पर इसे लेकर अपनी बात भी रखी है। इसमें उन्होंने कहा है कि याद करिए वो दिन, जब हेमंत सोरेन ने सुरंग में फंसे मजदूरों के नाम पर गंदी राजनीति कर के सुर्खियां बटोरने का कुत्सित प्रयास किया था। क्रेडिट खोरी की खराब लत से मजबूर हेमंत ने मजदूरों की सहायता के लिए मीडिया में बड़े-बड़े दावे किए थे, मजदूरों के गांव जाने तक की घोषणा कर दी थी। बाबूलाल के मुताबिक आज बेचारे मजदूर रोजगार की आस देख रहे हैं लेकिन हेमंत सरकार के पास उनकी सुध लेने तक का समय नहीं है।

सीएम आवास घेरने निकले दिव्यांगजनों को पुलिस ने रोका

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड दिव्यांग आंदोलन संघ की अगुवाई में संघ से जुड़े दिव्यांगों ने गुरुवार को अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने निकले ही थे कि पुलिस ने उन्हे राजभवन पास रोक दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री सचिवालय के अधिकारियों ने आकर दिव्यांगजनों से बात की और उनकी मांगों से मुख्यमंत्री से अवगत कराने की बात कही। इसके पूर्व दिव्यांग जनों ने जाकिर हुसैन पार्क के पास धरना भी दिया। संघ के प्रदेश संयोजक सुरेंद्र कुशवाहा ने बताया कि राम मूर्ति सिंह नाम के अधिकारी से उनकी बात हुई। उन्होंने कहा कि हमने आपकी मांग पिछले साल भी सरकार को बतायी थी। सरकार इसपर निर्णय लेगी तब तक आप इंतजार करें और धरना-प्रदर्शन खत्म कर दें नहीं तो प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि झारखंड दिव्यांग अपनी मांगों को लेकर बीते 1 दिसंबर से धरना पर बैठे हुए हैं। पिछले वर्ष भी इन्होंने ने 26 नवंबर से 22 दिसंबर तक धरना दिया था। जिसके बाद सरकार के कई मंत्री और विधायकों ने उनसे मिलकर कहा था कि 3 महीने के भीतर उनकी मांगें पूरी कर दी जाएंगी। दिव्यांगजनों की मांग है कि उन्हें हर महीने 2500 रुपये पेंशन दिया जाये। साथ ही निशक्तता आयुक्त के खाली पड़े पद को भरा जाये और खाली पड़े पदों पर जल्द नियुक्ति की जाये।

AFEIDAVIT

1GORAKHNATH GOND, S/ORamji gond, aged about 59 years, by faith-Hindu, Residing at- sector-1/C, District-Bokaro, Jharkhand-827001, Aadhar No. 42256903 6845, PAN Card vide No BBAPG6613D, do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows.

1. THAT, my actual and correct name is GORAKHNATH GOND, which is mentioned in my Aadhar Card and Pan Card.

2. THAT, in my Bank Account of Bank of India, St. Xavier`s School Branch Bokaro vide A/c. No. 485910510000660, my name has been mentioned as GORAKH NATH SHAH.

3. THAT, now I want to change/rectify/correct my name in my aforesaid Bank Account as GORAKHNATH GOND in place of GORAKH NATH SHAH.

4.THAT, GORAKHNATH GOND and GORAKH NATH SHAH is the name of same and one identical person i.e. myself.

5. THAT, this affidavit is being sworn by me in token of proof of the contents made hereinabove and submit it before the authority concerned for needful purpose.

कार्यपालक अभियंता(याँत्रिक) का कार्यालय सिंचाई याँत्रिक प्रमण्डल, राँची।

ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

अल्पकालीन ई– निविदा प्रसंग सं0– WRD/IMD/RANCHI/12/2023–24

1.	कार्य का नाम	तजना बराज योजना के मुख्य नहर के विभिन्न चेन संख्या पर अवस्थित C/R एवं H/R गेटों के उत्तोलन प्रणाली एवं इम्बेडेड पार्ट्स का जीर्णोद्धार कार्य ।
2	प्राक्कलित राशि (रुपये में)	34,45,319.00 (चौंतीस लाख पैतालिस हजार तीन सौ उन्नीस) मात्र।
3	कार्य समाप्ति की अवधि	06 (छः माह)।
4	अग्रधन की राशि (रूपये में)	रू0 69,000.00 (उनहत्तर हजार) मात्र।
5	वेबसाईट पर ई– निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय	दिनांक 18.12.2023 (05:00 बजे अपराह्न)
6	बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय	दिनांक 28.12.2023 (05:00 बजे अपराह्न तक)।
7	ई– निविदा खोलने की तिथि एवं समय	दिनांक 29.12.2023 (10:30 बजे पूर्वाह्न)।
8	निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता	कार्यपालक अभियंता, सिंचाई याँत्रिक प्रमण्डल, राँची।
9	प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर	0651–2912296
10	ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0	0651–2490232

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विस्तृत जानकरी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट् पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

कार्यपालक अभियंता
PR 313446 (Irrigation) 23-24 (D) सिंचाई याँत्रिक प्रमण्डल, राँची।

चक्रधरपुर रेल मंडल से चलने वाली ट्रेनें 31 तक परिवर्तित मार्ग से चलेंगी

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। चक्रधरपुर रेल मंडल से चलने वाली कुछ ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया गया है। यह व्यवस्था 18 दिसंबर से 31 दिसंबर तक लागू रहेगी। ट्रेनों के मार्ग में बदलाव का मुख्य कारण साउथ सेंट्रल रेलवे के विजयवाड़ा रेल मंडल में रोलिंग कॉरिडोर ब्लॉक कार्य किया जाना है। जिसके कारण 18 से 31 दिसंबर तक रूट ब्लॉक किया जायेगा।

इसमें 21 और 28 दिसंबर को टाटानगर से रवाना होने वाली ट्रेन नंबर 18111 टाटानगर यशवंतपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमावरम टाउन, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर यशवंतपुर तक जायेगी।

22 और 29 दिसंबर को टाटानगर से रवाना होने वाली ट्रेन नंबर 12889 टाटानगर सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल बेंगलुरु सुपरफास्ट एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमावरम टाउन, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर बेंगलुरु तक जायेगी।

22 और 29 दिसंबर को जसीडीह से रवाना होने वाली ट्रेन नंबर 12376 जसीडीह ताम्बरम साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमावरम टाउन, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर बेंगलुरु तक जायेगी।

18, 19, 20, 21, 22 और 23 दिसंबर को धनबाद से रवाना होने वाली ट्रेन नंबर 13351 धनबाद एलेप्पी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमावरम टाउन, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर एलेप्पी स्टेशन तक जायेगी।

19, 24, 26 और 31 दिसंबर को हटिया से रवाना होने वाली ट्रेन नंबर 12835 हटिया सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल बेंगलुरु साप्ताहिक एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमावरम टाउन, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर बेंगलुरु तक जायेगी।

18 और 25 दिसंबर को हटिया से रवाना होने वाली ट्रेन नंबर 22837 हटिया एणार्कुलम धरती आबा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमावरम टाउन, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर एणार्कुलम तक जायेगी।

23 और 30 दिसंबर को हटिया से रवाना होने वाली ट्रेन नंबर 18637 हटिया सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल बेंगलूरु साप्ताहिक एक्सप्रेस परवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमावरम टाउन, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर बेंगलुरु तक जायेगी।

विस्थापित ट्रिब्यूनल के गठन को लेकर प्रह्लाद जोशी से मिले चंदप्रकाश चौधरी

गिरिडीह सांसद ने विस्थापितों की समस्याओं की ओर केंद्रीय मंत्री का ध्यान कराया आकृष्ट, साथ में थे कोल इंडिया के चेयरमैन तथा सीसीएल के सीएमडी

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री प्रहलाद जोशी से मिलकर विस्थापित ट्रिब्यूनल का गठन करने का आग्रह किया है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को अपने गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र एवं राज्य में विस्थापितों की समस्या से अवगत कराया। उन्होंने गुरुवार को नई दिल्ली में कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद एवं सीसीएल के सीएमडी बी वीरा रेड्डी की मौजूदगी में केंद्रीय मंत्री को बताया कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र एवं राज्य के अन्य क्षेत्रों में कोयला खदान परियोजनाओं की स्थापना के लिए कोयला धारक क्षेत्र (अधिग्रहण और विकास) अधिनियम 1957 के तहत स्थानीय गरीब मुलवासी, आदिवासी एवं इस क्षेत्र में निवास करने वाले विभिन्न लोगों की जीविका का मुख्य स्त्रोत कृषि भूमि थी, जिसका अधिग्रहण कर लिया गया। जिसके परिणाम स्वरूप झारखंड में बड़े पैमाने पर मुलवासी आदिवासी एवं अन्य स्थानीय लोगों को विस्थापित किया गया । जो एक अभिशाप के रूप में यहां विस्थापितों के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक एवं मानवीय मूल्यों पर विपरीत प्रभाव डाल रहा है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री का ध्यान झारखंड में कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा कोयला खदानों के राष्ट्रीयकरण 1973 में होने के बाद से लेकर अब तक कोयला खदानों परियोजनाओं से प्रभावित विस्थापितों के हितों की रक्षा के लिए कोयला धारक क्षेत्र (अधिग्रहण और विकास) अधिनियम 1957 की धारा 14 में विस्थापितों की मुआवजा तथा अन्य समस्याओं के समाधान के लिए केंद्र सरकार के द्वारा विस्थापितअधिकरण (ट्रिब्यूनल) के गठन के प्रावधान है की ओर आकृष्ट कराया और बताया कि ट्रिब्यूनल जिम्मा किसी उच्च न्यायालय के न्यायधीश हैं या रहे हैं या होने योग्य हैं को दिया जा सकता है।

लेकिन झारखंड के विस्थापितों का दुर्भाग्य है कि कोयला खदानों के राष्ट्रीयकरण हुए 50 वर्षों से ज्यादा समय बीत जाने के उपरांत आज तक पूर्ण विशेष अधिकरण (ट्रिब्यूनल) का गठन झारखंड राज्य में नहीं किया गया है। उन्होंने कोयला मंत्री से एक विस्थापित अधिकरण (ट्रिब्यूनल) गठन करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देने का आग्रह किया।

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़

(जिला भू-अर्जन शाखा)

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

भारतमाला परियोजना के अन्तर्गत कि0मी0 55.650 से कि0मी0 71.323 तक NH320B गोला–ओरमाँझी सेक्शन के चौड़ीकरण/चार लेन के निर्माण (पैकेज–02) परियोजना हेतु मौजा हेमतपुर, डभातु, कमती, बड़कीकोईया, बरियातु एवं बेयांग में प्रभावित होने वाली संरचनाओं का नोटिस तामिला होने के बावजूद अभी तक संबंधित रैयतों के द्वारा संरचना का मुआवजा प्राप्ति हेतु कार्यालय में बंध–पत्र एवं अन्य कागजात जमा नहीं किया गया है। फलस्वरूप परियोजना कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। मुआवजा भुगतान प्राप्त नहीं करने वाले पंचाटियों की विवरणी निम्नवत् है:–

क्र0	मौजा	पंचाटी का नाम	प्लॉट नं0	संरचना नं0
01	हेमतपुर	जयन्त कु0 दांगी पिता स्व0 दरबारी महतो	816	XR167
02	डभातु	वासुदेव साव पिता स्व0 मुनु साव	483	XR174
		कपिलेश्वर प्रसाद महतो पिता स्व0 छोटुलाल महतो	484, 497	XR171A
03	बड़कीकोईया	नमिता देवी पति चेतलाल महतो	987	XR262
		हनीलाल महतो पिता रितु महतो	1002	XR267
04	बरियातु	रामलोचन महतो पिता चरकु महतो	191	XR319
05	बेयांग	श्रीधर महतो पिता गजाधर महतो	539	D6
		अनिल कु0 महतो पिता गजाधर महतो	539	D7
		रामदास महतो पिता स्व0 भिखु महतो	1070	D42A
		लखन महतो पिता स्व0 भिखु महतो	1070	D42B
		नरसिंह महतो पिता स्व0 भिखु महतो	1070	D42C
		आनन्द महतो, उमाशंकर महतो पिता रामदास	1070	D42D
		रामदास महतो, लखन महतो पिता नरसिंह महतो	1070	D42G

उपरोक्त मौजा के अंर्तगत प्रभावित भू–धारियों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय में संरचना का मुआवजा राशि प्राप्त करने हेतु अधिगृहित जमीन से संबंधित दस्तावेज, बंध–पत्र एवं अन्य कागजात कार्यालय में प्रेस विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर जमा कराना सुनिश्चित करें अन्यथा सभी वाद एवं उसमें सन्निहित राशि को वाद को NHAI Act. 1956 की धारा 3(H)4 के तहत् व्यवहार न्यायालय, रामगढ़ में भेज दिया जायेगा एवं संरचना हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

ह०/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
–सह– सक्षम पदाधिकारी, रामगढ़

PR 313426 Land Reforms (23-24)_D

कनकनी शुरू, पारा गिरते जनजीवन होने लगी प्रभावित

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। जाड़े की कनकनी का असर दिखने शुरू हो गये हैं। अहले सुबह और सूरज ढलने के बाद कंपकंपी का एहसास होने लगा है। शहरी क्षेत्र के बाहर वाले इलाकों में कनकनी ज्यादा महसूस की जा रही है। इसका जनजीवन पर भी असर दिखने लगा है। सुबह के वक्त ग्रामीण इलाकों से सब्जियां लेकर शहर आने वाले किसानों को ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है।मौसम केंद्र के मुताबिक पिछले 24 घंटे में 7.8 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान गढ़वा में रिकॉर्ड हुआ है। सुकून देने वाली बात यह है कि धूप खिलने की वजह से न्यूनतम और अधिकतम तापमान के बीच अच्छा खासा गैप रह रहा है। अबतक अधिकतम तापमान का औसत 22 से 28 डिग्री के बीच रिकॉर्ड हुआ है। इसकी वजह से धूप निकलने के बाद लोगों को ज्यादा दिक्कत नहीं हो रही है। मौसम केंद्र के मुताबिक अगले तीन दिनों तक सुबह के वक्त कोहरा या धुंध देखने को मिल सकता है। लिहाजा, सुबह और देर शाम के बाद सावधानी बरतने की जरुरत है। थोड़ी भी लापरवाही होने से शरीर पर ठंड का असर पड़ सकता है। चिकित्सकों के मुताबिक इस मौसम में दिल की बीमारी और रक्तचाप वाले मरीजों को ज्यादा सावधान रहने की जरुरत है। ऐसे मौसम में रक्तचाप बढ़ने का खतरा रहता है।

इसकी वजह से हार्ट अटैक या स्ट्रोक आ सकता है। इसलिए समय पर दवाई लेने और ठंड से बचने की सलाह दी गई है।

किन जिलों में गिरा है न्यूनतम पारा

मौसम केंद्र के मुताबिक पिछले 24 घंटों में देवघर, धनबाद, कोडरमा, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, बोकारो, रांची, खूंटी, गुमला और सिमडेगा में न्यूनतम पारा 9 डिग्री रिकॉर्ड हुआ है। जबकि रामगढ़ का पारा 8 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा है। आने वाले दिनों में चतरा, गढ़वा, पलामू और सिमडेगा में पारा 8 डिग्री तक जा सकता है। प्रमुख शहरों की बात करें तो पिछले 24 घंटे में रांची में 9 डिग्री सेल्सियस, जमशेदपुर में 12.4 डिग्री सेल्सियस, बोकारो में 9.5 डिग्री सेल्सियस, देवघर में 9.4 डिग्री सेल्सियस और धनबाद का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस रहा है।

जनवरी 2024 एलएसएटी इंडिया रजिस्ट्रेशन विंडो की अंतिम तिथि घोषित

रांची। लॉ स्कूल एडमिशन टेस्ट (एलएसएटी) इंडिया की वर्ष 2024 में दो बार, जनवरी और मई माह में की जाएगी। इसे लॉ स्कूल एडमिशन काउंसिल (एलएसएसी) द्वारा डिजाइन किया गया है, जो कि पियरसन व्यू द्वारा आयोजित है। जनवरी का टेस्ट 20 जनवरी को कई स्लॉट्स में होगा, जिसके लिए रजिस्ट्रेशन करने की अंतिम तिथि 10 जनवरी निर्धारित है। इस परीक्षा के लिए उम्मीदवार खुद का रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। एलएसएटी- इंडिया के बारे में बात करते हुए, जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल (जेजीएलएस) के एसोसिएट अध्यक्ष ओपी जिंदल और ग्लोबल यूनिवर्सिटी (जेजीयू) में लॉ एडमिशन के निदेशक प्रोफेसर आनंद प्रकाश मिश्रा ने कहा, ₹2009 में हमारे लॉ स्कूल के पहले वर्ष से, हमने विशेष रूप से एलएसएटी- इंडिया के आधार पर छात्रों को प्रवेश दिया है। एलएसएटी- इंडिया स्कोर में हम इसकी विश्व स्तर की की मान्यता और स्वीकृति पर विश्वास करते हैं।

भविष्य में बेहतर नीति के लिए फीडबैक जरूरी : अजय कुमार सिंह

ओरमांझी की चाडू पंचायत में 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम में लाभार्थियों के बीच वित्त विभाग के प्रधान सचिव ने वितरित की परिसंपत्ति

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। राज्य सरकार के वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने गुरुवार को ओरमांझी प्रखंड के चाडू पंचायत में ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। प्रधान सचिव ने विशेषकर अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, ग्राम गाड़ी योजना के बारे में जनता को विस्तार से बताया। उन्होंने उपस्थित लोगों को योजना के लाभ की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी।

प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' सरकार का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम

है। यह कार्यक्रम इसलिए किया गया है कि इसके माध्यम से आम लोगों से संपर्क स्थापित कर उनकी समस्याओं को जाना जा सके और उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रशासन उनके दरवाजे तक पहुंच सके।

उन्होंने कहा कि पिछले साल की तरह इस साल भी झारखंड सरकार का प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा आवेदन कैंप में प्राप्त किये जायें। प्रधान सचिव ने कहा कि भविष्य में बेहतर तरीके से नयी नीति बनायी जा सके और प्रक्रिया को सरल बनाया जा सके, इसके लिए फीडबैक जरूरी है।

इससे पहले राज्य सरकार के वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह एवं रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा गुरुवार को ओरमांझी प्रखंड के चाडू पंचायत में 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम में पहुंचे थे।

अजय कुमार सिंह ने शिविर में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के बीच परिसंपत्ति का भी वितरण किया। इसमें सामाजिक सुरक्षा के तहत मिलने वाले पेंशन (वृद्ध/दिव्यांग/विधवा) के 10 लाभार्थियों को पेंशन स्वीकृति पत्र, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत पांच लाभुकों को स्वीकृति पत्र, साइकिल वितरण योजना के सात छात्र/छात्राओं को 4500 रुपये के डमी चेक का वितरण शामिल है। इसके अलावा, प्रधान सचिव द्वारा गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के पांच, सोना सोबरन धोती-लुंगी साड़ी योजना के 20 लाभुकों को, आयुष्मान कार्ड के तीन लाभुकों को ऑन द स्पॉट परिसंपत्ति का वितरण किया गया। साथ ही, कल्याण मंच से सावित्री बाई फुले किशारी समृद्धि योजना, जाति, आवासीय प्रमाण पत्र, सिंचाई संयंत्र, मनरेगा जॉब कार्ड आदि का वितरण भी लाभार्थियों के बीच किया गया।

इस अवसर पर उप-विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी ओरमांझी विजय कुमार, अंचल अधिकारी ओरमांझी नितिन शिवम गुप्ता, जिला परिषद सदस्या, प्रमुख ओरमांझी, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया चाडु एवं संबंधित सभी अधिकारी उपस्थित थे।

नाट्य कला के माध्यम से दी योजनाओं की जानकारी : शिविर में सूचना जन सम्पर्क जिला इकाई के नाट्य दल ने सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी अपने नाट्य और कला के माध्यम से बहुत ही शानदार तरीके से दी। उन्होंने अपने नाट्य गीत से सभी को राज्य सरकार की योजनाओं की सारी जानकारी दी। इस प्रस्तुति को देख कर वित्त विभाग के प्रधान सचिव काफी खुश नजर आये। उन्होंने नाट्य दल के सदस्यों से कहा कि आप ऐसे ही खूबसूरत प्रस्तुति के जरिये लोगों को राज्य सरकार की योजना की जानकारी देते हुए उन्हें राज्य सरकार की योजनाओं से जोड़ें।

योजनाओं का लाभ लाभुकों को मिले इसपर विशेष ध्यान दें : डीसी

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शिविर में मौजूद सभी लाभुकों से मिल कर उनसे योजना का लाभ और योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही, संबंधित सभी अधिकारी को विशेष रूप से कहा कि झारखंड सरकार के सभी योजनाओं का लाभ लाभुकों को मिले, इसपर विशेष ध्यान दें। ताकि, लाभुक सरकार की योजनाओं का लाभ लेते हुए अपना विकास कर सकें।

शिविर में लगे सभी स्टॉल का निरीक्षण

प्रधानसचिव और उपायुक्त ने कार्यक्रम में लगे सभी विभागीय स्टॉल का बारी-बारी से निरीक्षण किया। दोनों ने संबंधित कर्मियों को नियमानुसार योग्य व्यक्ति को लाभ देने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि नये आवेदकों को योजनाओं की जानकारी देते हुए आवेदन प्राप्त करें।

शमशेर आलम के नेतृत्व में टीम ने डेली मार्केट का किया दौरा

अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ने एक पीड़ित सब्जी दुकानदार को आर्थिक मदद भी की

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम के नेतृत्व में एक टीम ने गुरुवार को के मेन रोड स्थिति डेली मार्केट का दौरा किया। ज्ञात हो कि विगत 12 दिसंबर को रात्रि 10 बजे भीषण आग लगने से डेलीमार्केट के सब्जी दुकानदारों को काफी नुकसान हुआ है।

उपाध्यक्ष ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए पीड़ित दुकानदारों से मुलाकात कर सरकार की तरफ से आर्थिक मुआवजा दिलाने का यथा संभव प्रयास करने का भी आश्वासन दिया। घटना स्थल पर जिला उप-

समाहर्ता आलोक कुमार से इस घटना की जांच कर पीड़ित दुकानदारों को सरकारी सहायता के लिए यथाशीघ्र अग्रतर कारवाई करने को कहा।

अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ने घटना स्थल पर एक पीड़ित सब्जी दुकानदार मगनी देवी (76 वर्षीय) की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे आर्थिक मदद की। इस दौरा में डेलिमार्केट थाना प्रभारी के साथ दुकानदार समिति के मो फिरोज, एनामुल हक, इस्लाम, साजीद, मो शकील, मो मुन्ना आदि टीम में शामील थे। यह जानकारी नंदू कुमार पांडेय ने दी।

अगलगी के बाद डेली मार्केट का हुआ सर्वे प्रभावितों को दी जायेगी सहायता राशि

रांची। डेली मार्केट में अगलगी की घटना के बाद जिला प्रशासन की टीम द्वारा गुरुवार को सर्वे का कार्य किया गया। रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर गठित टीम घटनास्थल पर पहुंची थी। सर्वे टीम में शामिल अंचल अधिकारी, शहर मुंशी राम ने घटनास्थल पर पहुंच कर स्थानीय लोगों एवं प्रभावितों से अगलगी के कारण की जानकारी ली। साथ ही हुए नुकसान के बारे में भी पूछा। अंचल अधिकारी ने प्रभावितों को बताया कि जिला प्रशासन द्वारा उन्हें आपदा प्रबंधन (अगलगी) अंतर्गत नियम अनुसार सहायता राशि उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होंने सभी प्रभावितों को अपनी दुकान के आकार एवं हुए नुकसान से संबंधित आवेदन प्रपत्र में उपलब्ध कराने को कहा ताकि प्रक्रिया आगे बढ़ायी जा सके।

डेली मार्केट में लगी आग (फाइल फोटो)

मुख्यमंत्री के काफिले के सामने आया बाइक सवार, पूछताछ जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सीएम हेमंत सोरेन के काफिला के सामने गुरुवार को डोरंडा थाना क्षेत्र के हरमू बाईपास रोड स्थित डीपीएस चौक के पास अचानक एक बाइक सवार आ गया। इसके बाद सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों के बीच अफरा-तफरी मच गया।

जानकारी के अनुसार विधानसभा से सीएम अपने कांके रोड स्थित आवास जा रहे थे। इसी दौरान सेल टाउनशिप से निकले सीएम के काफिले के सामने अचानक से बाइक सवार आ गया और वह सीएम के काफिले के पायलट वाहन से टकरा गया। जिसके बाद वह गिर गया। युवक

फाइल फोटो।

को मामूली चोट भी आई है। पुलिस उससे पुछताछ कर रही है।

पूर्व में भी हो चुकी है इस तरह की घटना : ज्ञात हो कि इस घटना से पूर्व भी हरमू रोड स्थित किशोरगंज चौक से ठीक पहले मुख्यमंत्री के काफिले को ब्रेक लगाना पड़ा था। दरअसल बीते नौ दिसंबर को सीएम हेमंत सोरेन देवघर से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट लैंड करने के बाद मुख्यमंत्री आवास के लिए रवाना हुए थे। जैसे ही उनका काफिला हरमू मुक्तिधाम से आगे बढ़ा तो सड़क जाम थी। ट्रैफिक बाधित रहने के कारण सीएम के काफिले को ब्रेक लगाना पड़ा था। वहीं सीएम की सुरक्षा में तैनात अधिकारी दौड़ पड़े। जिसके बाद किशोरगंज ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात ट्रैफिक के जवान भी हरकत में आए और जाम हटवाया। इसके बाद काफिले को गंतव्य के लिए रवाना किया गया था।

स्टेट कराटे चैंपियनशिप में पलक विपुल, आस्था, सुप्रिया ने जीते गोल्ड

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड स्टेट ओपन कराटे चैंपियनशिप के पहले दिन पलक गुप्ता, विपुल सिंह महतो, आस्था कुमारी और सुप्रिया कुमारी ने अपने-अपने वर्ग में गोल्ड मेडल जीता है। मेगा स्पोर्ट्स कंपलेक्स होटवार के हरिवंश थाना भगत इनडोर स्टेडियम में आयोजित इस टूर्नामेंट में गोल्ड, सिल्वर और बाउंज पर मेधावियों ने कब्जा जमाया। इसका उद्घाटन एसोसिएशन के मानस सिन्हा ने किया था।

इस प्रतियोगिता में पलक गुप्ता, विपुल सिंह महतो, आस्था कुमारी, सुप्रिया कुमारी, भौणी कुमारी, काशवी कश्यप, आस्था कुमारी, गणेश कनिष्का सिंह, मानसी सिंह, अमन उरांव, तेजस्विनी मेहता, आयुषी मिश्रा और वैभवी पांडे ने गोल्ड मेडल जीते। वहीं, रजत पदक जीतनेवालों में विपुल सिंह महतो, कौशल सिंह महतो, कसवी मेहता, शताक्षी मिश्रा, अंजली कुमारी, आराध्या शर्मा, खुशी सिन्हा, आयुषी मिश्रा, श्रीणिका सिंह और अमन शमिल हैं। इनके अलावा कांस्य पदक जीतनेवालों में त्रिषा अग्रवाल, वंशिका, सुनीता कुमारी, स्प्रिया जैन, अहाना लकड़ा, अरना सिंह, मानवी तिर्की, आयुष चटर्जी और रूबी कुमारी शामिल हैं।

नये साल में सदर अस्पताल में होगी इआरसीपी की शुरुआत

पेट के मरीजों को मिलेगा लाभ, अब तक चुनिंदा निजी अस्पतालों में थी यह सुविधा

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सदर अस्पताल की सुपरस्पेशियलिटी सेवा में नई कड़ी जुड़ती जा रही है। इसी के तहत यहां के गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग में नए साल में एंडोस्कोपिक रेट्रोग्रेड कोलेंजियो पैंक्रेटोग्राफी (इआरसीपी) की सुविधा मरीजों को मिलने लगेगी। अस्पताल के पदाधिकारी और चिकित्सकों की टीम ने विभाग का जायजा लिया और इसकी शुरुआत को लेकर कई दिशा-निर्देश दिए।

बताते चलें कि ईआरसीपी की जरूरत वैसे मरीजों को पड़ती है, जिनके गॉलब्लाडर (पित्ताशय) में पथरी की समस्या हो। साथ ही पित्त नलिकाएं और लिवर (यकृत) में समस्या हो। इस विधि द्वारा आसानी से स्टोन

को बाहर निकाला जाता है। रिम्स में भी इसकी सुविधा मरीजों को नहीं मिलती। शहर के चुनिंदा निजी अस्पतालों में ही ईआरसीपी होती है। इसके लिए मरीजों को 40 हजार रुपए तक खर्च करने पड़ते हैं।

इन स्थितियों में पड़ती है इआरसीपी की जरूरत

इआरसीपी से पित्ताशय ही नहीं, बल्कि सामान्य नली में फंसी पित्त की पथरी को निकालने के लिए भी किया जाता है। वहीं जब किसी भी व्यक्ति की अग्नाशय या पित्त की नली सिकुड़ जाती है या अवरुद्ध हो जाती है, तब स्टेंट प्लेसमेंट के लिए भी ईआरसीपी की जरूरत पड़ती है। पित्त एंडोस्कोपिक स्फिंक्टेरोटॉमी-अग्नाशय, पित्त रस और छोटे पित्त पथरी की उचित जल निकासी में मदद करने के लिए सामान्य पित्त नलिका और अग्नाशय वाहिनी में इसका उपयोग किया जाता है।

> सदर अस्पताल, रांची राज्य का एक मात्र ऐसा अस्पताल है, जहां सुपर स्पेशियलिटी सेवा का संचालन होता है। नए साल में इआरसीपी की शुरुआत होने से पेट की समस्या से ग्रसित मरीजों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में जाने से छुटकारा मिलेगा। मरीजों के पैसे की बचत भी होगी।
>
> – डॉ प्रभात कुमार, सिविल सर्जन, रांची।

क्रिसमस और नववर्ष पर ड्रंक एंड ड्राइव को लेकर रांची पुलिस अलर्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राजधानी में नए साल के जश्न में शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों के साथ सड़क हादसों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस अभी से ही तैयारी में जुट गयी है। इसके तहत रांची ट्रैफिक पुलिस ने सभी पिकनिक स्पॉट के साथ-साथ जश्न वाले इलाकों में ड्रंक एंड ड्राइव को लेकर अभियान चलाने का निर्देश जारी कर दिया है। 22 दिसंबर से लेकर 15 फरवरी 2023 तक ट्रैफिक के जवान ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट के लिए ड्यूटी पर तैनात रहेंगे।

सड़क हादसों को लेकर लिया गया निर्णय : राजधानी रांची में हर वर्ष नवंबर माह से लेकर दूसरे वर्ष फरवरी माह तक सड़क दुर्घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि देखी जाती है। इसके पीछे सबसे प्रमुख वजह जो अब तक निकल कर सामने आई है वह ड्रंक एंड ड्राइव है। क्रिसमस से लेकर नए साल के फरवरी महीने तक पिकनिक के साथ-साथ अलग-अलग डेस्टिनेशन पर पार्टियों का आयोजन होता है। ऐसी पार्टियों में जमकर शराब पी जाती है, शराब पीने के बाद जब युवा अपने घरों की तरफ लौटते हैं तब वे हादसे का शिकार हो जाते हैं।

18 से 35 उम्र के हुए सबसे ज्यादा शिकार : रांची डीटीओ कार्यालय से मिले हादसों के आंकड़े बेहद चिंताजनक है। दिसंबर 2022 में कुल 64 सड़क

फाइल फोटो।

हादसे हुए, जिनमें 44 लोगों की मौत हो गई थी, वहीं 38 लोग बुरी तरह से जख्मी हुए। जनवरी 2023 में 64 हादसे सामने आए जिसमें 41 लोगों की मौत हो गई, 35 बुरी तरह से जख्मी हुए। वहीं फरवरी 2023 महीने के 38 लोग सड़क हादसे में मौत के गाल में समा गए।

कुल मिलाकर देखा जाए तो मात्र 70 दिनों में 121 लोग सड़क हादसों में अपनी जान गंवा दी। आकड़ों के अनुसार सड़क हादसों में मरने वाले सबसे ज्यादा युवा हैं। इनकी उम्र 18 से 30 के बीच है। बिना हेलमेट सवारी, तेज रफ्तार, शराब और ईयर बर्ड-हेडफोन का इस्तेमाल हादसों की प्रमुख वजहें सामने आई है। साल 2021 में सड़क हादसों में जहां 448 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। वहीं साल 2022 में कुल 450 लोग सड़क हादसे में अपनी जान गंवाई थी।

हर हाल में रोकने हैं हादसे

रांची के ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव ने बताया कि पिछले साल के आंकड़ों को देख कर यह साफ पता चलता है कि नवंबर महीने से लेकर फरवरी महीने तक सड़क हादसे बहुत ज्यादा सामने आते हैं। इन सब के पीछे ड्रंक एंड ड्राइव बड़ी वजह है। साथ ही कोहरा भी एक बड़ी वजह है। ट्रैफिक एसपी के अनुसार ड्रंक एंड ड्राइव को रोकने के लिए पिकनिक स्पॉट के बाहर चेक पोस्ट बना कर ब्रेथ एनालाइजर से चेकिंग की जाएगी। शहरी क्षेत्र में भी ड्रंक एंड डाइव को लेकर विशेष अभियान चलाया जाएगा।

कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 37/2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :–जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :–दिनांक 19.12.23 एवं 20.12.23 को 10:00 पूर्वाह्न से 2:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :–दिनांक 21.12.23 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक 21.12.23 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :–नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग एवं जिला परिषद, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :–DMFT एवं जिला योजना अनावद्ध निधि

क्र0 स0	प्रखण्ड	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	अग्रधन की राशि	योजना पूर्ण करने की तिथि
1	सदर	हजारीबाग मुख्य स्टेडियम (कर्जन स्टेडियम) के मुख्य गेट से बैडमिन्टन हॉल तक पथ निर्माण।	1780000.00	5000.00	35600.00	तीन माह
		पुनः निविदा				
2	बरही	पंचायत मलकोको ग्राम मलकोको में गोहमदवा टांड में सामुदायिक शेड निर्माण	1087600.00	2500.00	21800.00	तीन माह
3	कटकमसांडी	कंसार पंचायत अन्तर्गत हरिजन मुहल्ला में शशिराम के घर से विजय सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	810700.00	1250.00	16300.00	तीन माह
4	बड़कागाँव	ग्राम सिरमा पंचायत में मोहम्मद संजर के घर से सिरमा मदरसा तक नाली एवं पी0सी0सी0 निर्माण।	1595500.00	5000.00	32000.00	तीन माह
5	डाडी	पंचायत कनकी के होसिर ग्राम में ढक्कन सहित नाली निर्माण का कार्य आजाद मियां के घर से इमामबाड़ा होते हुए नसिम मियां के घर तक लगभग 500 फिट साथ ही पेभर ब्लॉक बिछाने का कार्य लगभग 6600 वर्गफिट	802500.00	1250.00	16100.00	तीन माह

नोट :– 1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR313402 (District)23-24*D

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

झारखण्ड सरकार
आदिवासी कल्याण आयुक्त का कार्यालय, झारखण्ड राँची

इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु अति अल्पकालीन आमंत्रण–सूचना

झारखंड राज्य के अनुसूचित जनजाति के चिन्हित गांवों में चरणबद्ध सामुदायिक/समूहगत आधारित आयवृद्धि योजना के संचालन हेतु इच्छुक स्वयंसेवी संस्थाओं/ट्रस्ट/फाउण्डेशन आदि सदृश संस्थाओं के सूचीबद्धकरण हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति का आमंत्रण मधुमक्खी पालन/सब्जी उत्पादन/बकरी पालन/सुअर पालन आदि अन्यान्य आयवृद्धि योजनाओं के कियान्वयन के लिए वैसी संस्थायें जो समूहगत आयवृद्धि योजना का सफल कार्य करते आ रहे हों तथा उनमें केवल उक्त योजना कियान्वयन तक सीमित न रहते हुए उनके आय संवर्धन हेतु समेकित सफल प्रयास करने की गारंटी रखते हो, वैसी संस्थायें इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु अपना प्रस्ताव दिनांक–**22.12.2023** तक आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय में समर्पित कर सकते हैं।

निहित शर्त

1. संस्था को अपना पंजीकरण (Registration) प्रमाण–पत्र समर्पित करना होगा।
2. संस्था विगत तीन वर्षों का अंकेक्षण प्रतिवेदन (CA Certified UDIN No सहित) समर्पित करेगी।
3. संस्था को विगत तीन वर्षों का Income Tax Report समर्पित करना होगा।
4. संस्था को विगत तीन वर्षों में तीन या उससे अधिक कार्यादेश जिसकी समेकित राशि 50.00 लाख या उससे अधिक हो तथा उसके कार्य के उपरान्त सफल कार्यपूर्णता प्रमाण–पत्र अथवा पूर्ण वित्तीय भुगतान प्राप्त होने का प्रमाण–पत्र समर्पित करना होगा।
5. संस्था के काली सूची में दर्ज नहीं होने संबंधी शपथ–पत्र समर्पित करना होगा।
6. मूल्यांकन समिति द्वारा प्रस्ताव का मूल्यांकन कर सूचीबद्ध करने हेतु अनुशंसा की जाएगी।
7. मूल्यांकन के क्रम में समिति को संस्था का वर्गीकरण करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
8. सूचीबद्ध करने की अनुशंसा या सूचीबद्ध किये जाने के आधार पर संस्था को कार्य प्राप्ति/कार्यादेश का कोई अधिकार नहीं होगा।
9. सूचीबद्ध करने के उपरान्त संस्था के कार्य अनुभव तथा कार्य विशेष के लिए आवंटन/राशि की उपलब्धता आदि अन्यान्य पहलुओं को दृष्टिगत रखते हुए किसी एक या उससे अधिक संस्था/संस्थाओं के बीच कार्य का आवंटन किया जा सकेगा।
10. आवेदक संस्था केन्द्र अथवा राज्य की संस्थाओं/शासन प्रशासन द्वारा अपने पक्ष में प्रशंसा पत्र/प्रतिकूल प्रविष्टि/प्रदत्त जांच/अभियोग इत्यादि विषयक पूर्ण जानकारी मूल्यांकन समिति के समक्ष पारदर्शिता से रखेगी।
11. संस्था अगर समतुल्य योजना के तहत् किसी अन्य सरकारी उपकम/प्राईवेट फर्म से वित्त पोषित होकर उनका कियान्वयन कर रहे हैं तो उसी जानकारी साझा करेंगे ताकि उसका दोहरीकरण (Duplicacy) न हो। इस आशय का शपथ–पत्र भी समर्पित करेंगे।
12. संस्था को आवेदन के साथ 50,000/– का बैंक ड्राफ्ट आदिवासी कल्याण आयुक्त, झारखंड, रांची के पक्ष में समर्पित करना होगा।
13. मूल्यांकन के पश्चात् सूचीबद्ध होने से वंचित संस्थाओं को उक्त राशि वापस कर ली जाएगी।
14. संस्था के सूचीबद्ध के उपरान्त उक्त राशि अहस्तांतरणीय होगी।
15. संस्था के सूचीबद्ध किये जाने के उपरान्त यदि कार्य आवंटन होता है तो प्रत्येक कार्य की विशिष्टता एवं कार्य को गुणवतापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु अलग से अनुबंध किया जाएगा।
16. संस्था के सूचीबद्धता की अवधि दो वर्षों के लिए मान्य होगी। यदि संस्था के कार्य मूल्यांकन के पश्चात् कार्य उत्कृष्ट पाया जाता है तो अधिकतम एक वर्ष के लिए अवधि विस्तार दिया जा सकता है।
17. आदिवासी कल्याण आयुक्त संस्था के सूचीबद्ध/कार्य आवंटन विषयक यथा सूचीबद्धता, कार्य आवंटन रद्द करने के सक्षम प्राधिकार होंगे।

PR 313372 (Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Backward Class Welfare Department) 23-24 (D)

आदिवासी कल्याण आयुक्त।

आज का राशिफल 15-12-2023

विक्रम संवत 2080, शक संवत 1945। ऋतु : हेमंत। सूर्य दक्षिणायन। मास : मृगशीर्ष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : तृतीया 22:31 बजे समाप्त। नक्षत्र : पूर्वाषाढ़ा 08:11 बजे तक, तदनंतर उत्तराषाढ़ा 06:25 बजे समाप्त। योग : वृद्धि 10:17 बजे समाप्त। करण : तैतिल 11:45 बजे तक, तदनंतर गर 22:31 बजे समाप्त। चंद्रायु 2.0 घंटे। दिशाशूल : पश्चिम।

मेष : निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-1-3-5

वृष : अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। शुभांक-2-4-6

मिथुन : अपने काम को प्राथमिकता से करें। बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। शुभांक-4-7-9

कर्क : दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा मिल पाएगी। शुभांक-2-4-5

सिंह : मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-4-5-6

कन्या : संतोषजनक सफलता मिलेगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। मेहमानों का आगमन होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। वाहन चालन में सावधानी बरतें। शुभांक-2-4-7

तुला : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। शुभांक-5-6-9

वृश्चिक : अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-3-6-8

धनु : शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-3-5-7

मकर : व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ : महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। शुभांक-2-6-9

मीन : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ रहेगा। शुभांक-5-6-8

लापरवाही करने वाले कर्मी व निर्माण कंपनियों पर होगी बड़ी कार्रवाई : निदेशक

सूडा निदेशक ने की शहरों में चल रही अमृत योजना की समीक्षा, कई निर्माण कंपनियों को शो कॉज देकर कार्रवाई का आदेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य के अमृत शहरों में चल रही जलापूर्ति योजना, सैप्टेज योजना, सिवरेज योजना, पार्क निर्माण और जल स्त्रोतों के पुनर्विकास कार्यों में तेजी लाएं, नहीं तो कार्य में लापरवाही करने वाले कर्मी और निर्माण कंपनियों पर बड़ी कार्रवाई हो सकती है। रांची स्मार्ट सिटी परिसर स्थित जुपमी भवन में आयोजित नगर विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा बैठक में राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) के निदेशक अमित कुमार ने अधिकारियों को चेताते हुए ये बात कही।

उन्होंनें कार्य में शिथिलता बरतनेवाले पदाधिकारियों की जमकर क्लास लगाया और कई निर्माण कंपनियों पर शो कॉज कर सही जवाब नही मिलने पर कार्रवाई करने का आदेश दिया। उन्होंने सभी नगर निकायों, जुडको के पदाधिकारियों, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट और निर्माण कंपनियों को निर्देश दिया कि प्रगति में गति लाइए। समय में एक्सटेंशन का यह मतलब नहीं कि आप पर कार्रवाई नहीं होगी। उन्होंनें अमृत योजना के तहत रांची, धनबाद, हजारीबाग, चास, आदित्यपुर और देवघर की विभिन्न जलापूर्ति और सिवरेज तथा सेप्टेज की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इसके साथ हीं अमृत 2.0 के तहत रामगढ़, सिमडेगा, बरहरवा, छत्तरपुर, बड़की सराय, विश्रामपुर, जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र इत्यादि जगहों पर होनेवाले कार्यों के बन रहे डीपीआर,तक्नीकी स्वीकृति और विभागीय क्लियरेंस इत्यादि की भी समीक्षा की।

मालूम हो कि अमृत योजना के तहत 5 जलापूर्ति योजनाएं यथा रांची,धनबाद,चास,हजारीबाग एवं आदित्यपुर का निर्माण कार्य जुडको लि. के माध्यम से कराया जा रहा

है। साथ हीं आदित्पुर सिवरेज और चास सेप्टेज तथा हजारीबाग सेप्टेज का निर्माण कार्य भी जुडको के माध्यम से कराया जा रहा है। रांची फेज 1 जलापुर्ति योजना की लागत राशि 291 करोड़ रुप्या है जिसका निर्माण कार्य 49 प्रतिशत संपन्न हो गया है। केवल रांची फेज 1 परियोजना पूरा होने से 1.05 लाख घरों में शुद्ध पेयजल पहुंचेगा। एनएचआई से पाईप बिछाने का अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने से कार्य में तेजी आएगी। धनबाद शहरी जलापूर्ति योजना 166.16 करोड़ रुपया की लागत से निमार्णाधिन,और इसकी प्रगति में तेजी लानें को लेकर निर्देश दिया गया है।

बैठक के महत्पूर्ण बिंदु : जिस परियोजना की गति धीमी है खासकर धनबाद जलापूर्ति और आदित्यपुर सिवरेज परियोजना में कार्य कर रही कंपनी को शो कॉज कर कार्यवायी करें और कार्य को तेज गति से पूरा करें। चास में हाउसहोल्ड कनेक्शन बढ़ानें की दिशा में तीव्र गति से कार्य किया जाये। रांची जलापुर्ति परियोजना फेज 1 का कार्य एनएचआई के साथ समन्वय बैठाकर अगले चार माह में पूरा किया जाये। हजारीबाग में 10 एमएलडी जलापुर्ति शुरू हो। हजारीबाग और देवघर सेप्टेज परियोजना का उद्घाटन 29 दिसंबर को होगा। इसके लिए जरुरी कार्य संपन्न करें। गिरीडीह नगर निगम निर्माण कंपनी का बकाया अविलंब दे ताकि कंपनी तेजी से कार्य कर सके।

अमृत 2.0 के तहत होने वाले कार्यो को लेकर निर्देश : चयनित कंसल्टेंट कम समय में गुणवतायुक्त डीपीआर तैयार करना सुनिश्ति करें। जुडको के पदाधिकारी तक्नीकी स्वीकृति में सहयोग करें । संबंधित नगर निकाय और जुडको जमीन संबंधी,वन विभाग और प्रदूषण सहित विभिन्न प्रकार के क्लियरेंस में जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर समस्याओं का निदान करें। जिला स्तर पर जिस समस्या का समाधान नही होता उसका समाधान राज्य स्तर पर किया जाएगा। सभी निकायों को निर्देश दिया गया कि वो अपने द्वारा अमृत योजना के तहत किया जा रहे कार्यों को समय समय पर भारत सरकार के पोर्टल पर अपडेट करें।

हर घर नल से शुद्ध पेयजलापूर्ति राज्य सरकार की प्राथमिकता : निदेशक ने कहा कि राज्य सरकार और माननीय मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि शहरों के हर घर में टैप से शुद्ध पेयजल का आपूर्ति राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसलिए किसी भी जलापूर्ति योजना से हर घर को टैप से निःशुल्क कनेक्ट करना है। अर्थात निःशुल्क वाटर कनेक्शन देवा है और हर घर तक 5000 लीटर प्रति हाउसहोल्ड निशुल्क जलापूर्ति सुनिश्ति करना है। इससे ज्यादा जल उपयोग करने वाले परिवारों को शुल्क देय होगा। बैठक में सूडा निदेशक के साथ साथ हजारीबाग के नगर आयुक्त शैलेंद्र लाल, रांची, धनबाद, चास, गिरीडीह और देवघर के अपर नगर आयुक्त, जुडको के पीडीटी गोपाल जी, जुडको पीडी फिनांस अमित चक्रवर्ती, डीजीएम उत्कर्ष मिश्रा, सूडा की टीम और अमृत शहरों तथा अमृत 2.0 के शहरों के पदाधिकारी, निर्माण कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल थे।

पारस एचइसी हॉस्पिटल में अब कटे और क्षतिग्रस्त अंगों का भी होगा इलाज

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। नित्य नए आयाम पार करते हुए पारस एचइसी हॉस्पिटल में अब माइक्रोवैस्कुलर रिकंस्ट्रक्टिव प्लास्टिक सर्जरी की सुविधा भी हो गई है। गुरुवार को संवाददाताओं से बातचीत करते हुए पारस एचइसी अस्पताल के प्लास्टिक सर्जन डॉ विवेक गोस्वामी ने बताया कि किसी भी अप्रत्याशित दुर्घटना या मशीन से किसी मरीज का अंग पूरी तरह से कटकर शरीर से अलग हो जाने पर यदि मरीज को गोल्डन पीरियड के भीतर जो 6 घंटे होते हैं। अस्पताल ले आया जाये तो उस अंग को वापस शरीर से जोड़ा जा सकता है। करीब 5 से 6 घंटे तक चलनेवाले ऑपरेशन की प्रक्रिया के बाद उस मरीज के कटे हुए अंग के सभी नसों, हड्डी और मांसपेशियों को फिर से जोड़ा जा

सकता है। अगर शरीर का कोई अंग खराब हो गया है, तो शरीर के किसी और अंग से मांस एवं हड्डियों को निकाल कर नसों द्वारा जोड़ा जाता है। ये ऑपरेशन लगभग 3 से 4 घंटे चलती है। ब्रेकियल प्लेक्सस हाथों को चलाने वाली सबसे जरूरी नस होती है जो रीढ़ की हड्डी से निकलती है।दुर्घटना में कभी-कभी ये क्षतिग्रस्त या कट जाती है। इसको लगभग 6 घंटे के ऑपरेशन के बाद ठीक किया जाता है। शरीर के किसी भी हिस्से का प्रमुख खून का नस अगर कट जाए तो उसे वापस जोड़ने के लिए रीवास्कुलराइजेशन सर्जरी का सहारा लिया जाता है। इसमें शरीर के किसी और नस से या डैक्रोन ग्राफ्ट से नसों को वापस बनाया जाता है। पारस एचईसी अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने मौके पर कहा की हमें गर्व है की हम प्रदेश में असाध्य और जटिल बीमारियों के इलाज की सुविधा देने में प्रमुखता से आगे बढ़ रहे हैं। फाइलेरिया रोग को माइक्रोवैस्कुलर विधि से ठीक करने के लिए अब राजधानी के पारस एचईसी अस्पताल में इलाज भी शुरू हो गया है। पारस हॉस्पिटल के प्लास्टिक सर्जरी विभाग में हर तरह की माइक्रोवैस्कुलर सर्जरी एवं पुनर्निर्माण विधि से सर्जरी हो रही है। इसमें मुख्य रूप से रीइम्प्लांटेशन सर्जरी, माइक्रोवैस्कुलर फ्री फ्लैप सर्जरी, ब्रैकियल प्लेक्सस सर्जरी, सिर और गर्दन की पुनर्निर्माण सर्जरी, लसीका सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।

छात्र आजसू ने आरएलएस यादव कॉलेज के प्राचार्य को सौंपा मांग पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। छात्र आजसू के सदस्यों ने राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय के प्राचार्य को बृहस्पतिवार को 8 सूत्री मांग पत्र सोपा। मांग पत्र सौंपते हुए रांची विश्वविद्यालय के उपाध्यक्ष मदन महतो ने कहां के महाविद्यालय के अधिकांश कक्षाओं के लाइट, पंखा एवं वायरिंग की स्थिति दयनीय है। जिसे आए दिन किसी न किसी प्रकार की घटना की आशंका बनी रहती है, महाविद्यालय में न्यू एजुकेशन पॉलिसी के तहत किताब एवं शिक्षकों की कमी है, जिसका सीधा असर यहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं पर पड़ता है। मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के कार्य समिति सदस्य मिथिलेश कुमार ने कहा महाविद्यालय में जो पानी की टंकी लगी है ,उसकी सफाई नियमित रूप से नहीं की जाती,महाविद्यालय के वॉशरूम की स्थिति दयनीय है, गर्ल्स वॉशरूम में सैनिटरी पैड उपलब्ध नहीं रहता है , अधिकांश कक्षाओं के करकट (एस्बेस्टस) टूटे हुए हैं, महाविद्यालय का जनरेटर खराब पड़ा हुआ है, जिसके चलते यहां के छात्र-छात्राओं को आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है। छात्र आजसू के सदस्यों ने इन सभी मामलों से प्राचार्य को अवगत कराते हुए कहा कि इन समस्याओं का समाधान 15 दिनों के अंदर किया जाए अन्यथा अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) छात्र-छात्राओं के हित में आंदोलन के लिए बाध्य होगी। मौके पर मौजूद आरएलएस यादव महाविद्यालय के प्राचार्य ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से कहा कि इन सभी समस्याओं का समाधान समय सीमा के अंदर कर दिया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में मदन महतो, मिथलेश कुमार आदि थे।

खबर एक नजर में

22 दिसंबर से पहले वेतन देने की मांग

रांची। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश महासचिव व मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने सरकार से 22 दिसंबर से पहले वेतने देने की मांग की है। उन्होंने प्रदेश के युवा व कर्मठ मुख्यमंत्री और प्रधान सचिव, वित्त विभाग से मांग की है, कि 25 दिसंबर को क्रिसमस पर्व के मद्देनजर राजकर्मियों सहित प्रारंभिक शिक्षकों के लिए माह दिसंबर के वेतन भुगतान का आदेश 22 दिसंबर के पूर्व का करने का दें। क्योंकि इस माह में क्रिसमस पर्व का आयोजन होता है।

मेडिका हॉस्पिटल पर इलाज में लापरवाही का आरोप

रांची। सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अनिल कुमार साहू ने महावीर मेडिका हॉस्पिटल रांची पर अपने 14 वर्षीय पुत्र के इलाज में चिकित्सीय लापरवाही का आरोप पर लगाया है। उन्होंने अपने अधिवक्ता अरविंद गुप्ता माध्यम से जारी नोटिस में यह आरोप लगाया गया है, कि उनके पुत्र को अस्पताल और डॉ अंजना गांधी की लापरवाही व गलत दवा देने की वजह से तीन-तीन सर्जरी से गुजरना पड़ा। इससे मरीज को अत्यधिक शारीरिक पीड़ा और तथा परिवार को मानसिक, आर्थिक क्षति हुई है. जारी नोटिस में चिकित्सा लापरवाही की जवाबदही लेने और मुआवजा की मांग की गई है। अनिल कुमार साहू ने कहा है कि अगर मेडिका अस्पताल प्रबंधन 15 दिनों में लीगल नोटिस का जवाब नहीं देता है, या फिर मुआवजा नहीं देता तो वे अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टर अंजना गांधी के खिलाफ कोर्ट जाएंगे।

बाबूलाल मरांडी ने फिर कांग्रेस पार्टी पर बोला हमला

रांची। प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए गुरुवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सांसद धीरज साहू के विभिन्न ठिकानों से आईटी की छापेमारी में बरामद 400 करोड़ रुपए से ज्यादा नकदी कांग्रेस पार्टी का कालाधन है। श्री मरांडी ने कहा कि सांसद धीरज साहू की गिरफ्तारी और पूछताछ के बाद सबकुछ उजागर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी राज्य सरकार के कई पदाधिकारियों,मुख्यमंत्री से जुड़े लोगों के पास ईडी की छापेमारी में करोड़ों रुपए बरामद हुए थे। बाबूलाल ने कहा कि हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार के पैसे भी विभिन्न ठिकानों पर गाड़ियों में भरकर भेजे गए थे ऐसी खबरे भी आई इसलिए गहन छानबीन और पूछताछ से सब पता चल जायेगा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी है।

चित्रकार पिंकी रे का दुनिया में नाम

रांची। राजधानी की युवा चित्रकार पिंकी रे ने आर्ट एक्सीलेंस अवॉर्ड अपने नाम दर्ज कराया है। इस उपलब्धि के लिए त्रिवेणी कला संगम दिल्ली में 15 नवम्बर को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया । यह एक अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार है,जिसका आयोजन कलर्स एंड कैनवास के द्वारा किया गया था। पिंकी रे इस उपलब्धि से काफी उत्साहित है। युवा चित्रकार ने राजधानी का ही नहीं, बल्कि राज्य का नाम भी रोशन किया है। अब पिंकी रे प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को पेंटिंग भेंट करना चाहती है।

सद्भावना सम्मान समारोह कल

रांची। सर्वधर्म सद्भावना समिति के तत्वावधान में आगामी 16 दिसंबर को कचहरी रोड स्थित बिहार क्लब में सद्भावना सम्मान समारोह आयोजित होगा। एक बयान जारी कर सर्वधर्म सद्भावना समिति के अध्यक्ष मो इसलाम ने बताया कि ये कार्यक्रम सर्वधर्म सदभावना समिति के तत्वावधान में जिला प्रशासन रांची के प्रमुख पदाधिकारीगण, पुलिस के प्रमुख पदाधिकारीगण, सामाजिक एवं धार्मिक संगठन के प्रमुख प्रतिनिधिगण के साथ साथ प्रेस मीडिया के प्रतिनिधिगण के द्वारा विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम को आपसी सौहार्द के साथ प्रशासनिक एवं सामाजिक स्तर पर सफलता पूर्वक संपन्न कराने में उत्कृष्ट सहयोग के लिए सदभावना सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

झारखंड का पहला मानव दूध बैंक रांची में शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड में पहले मानव दूध बैंक का उद्घाटन गुरुवार को प्रसिद्ध प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ शोभा चक्रवर्ती ने किया। मानव दूध बैंक रानी अस्पताल के निदेशक डॉ राजेश कुमार और डॉ सोनी सिन्हा के प्रयासों और दूरदर्शिता का फल है। रानी हॉस्पिटल के निदेशक डॉ राजेश कुमार ने कहा कि समय से पहले जन्म लेने वाले या 1500 ग्राम से कम वजन वाले शिशुओं के लिए मां का दूध महत्वपूर्ण है। लेकिन, अक्सर ये बच्चे मां के दूध से वंचित रह जाते हैं। दाता का मानव दूध महत्वपूर्ण अंतर को पाटता है और मां के दूध का लाभ प्रदान करता है। इस प्रकार, इस कमजोर आबादी में घातक संक्रमण और नेक्रोटाइजिंग एंटरोकोलाइटिस को आधे से कम कर देता है। रानी अस्पताल की सलाहकार डॉ स्निग्धा सामंता इस इकाई की प्रभारी होंगी।

कैबिनेट की आस में फिर टकटकी लगाये हैं बीआरपी-सीआरपी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। 15 दिसंबर को कैबिनेट बैठक होगी। इस बैठक की आस में एक बार फिर से बीआरपी, सीआरपी और एसएस संघ टकटकी लगाये बैठी है। संघ के सदस्यों का कहना है कि कहीं सरकार को उनके बारे में सोचे और बीआरपी सीआरपी का सेवा शर्त नियमावली झारखंड सरकार से पारित करा दे। ऐसा नहीं हुआ तो वह एक बार फिर हताश होंगे और आगे की रणनीति बनायेंगे।

उनका कहना है कि क्या इस बैठक में बीआरपी सीआरपी का सेवा शर्त नियमावली झारखंड सरकार पास करेगी ? यह यक्ष प्रश्न विगत एक साल से बना हुआ है। पिछले एक साल से बीआरपी सीआरपी अपनी सेवा शर्त नियमावली का कैबिनेट से पास होने का इंतजार कर रहे है, किंतु यह अनबुझ पहेली की तरह बना हुआ है। विदित हो की बीआरपी सीआरपी झारखंड शिक्षा परियोजना

सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैये से आहत हैं बीआरपी सीआरपी

में विगत 18 साल से अत्यंत अल्प मानदेय पर बिना किसी बुनियादी सुविधा पर कार्यरत हैं। वहीं, परियोजना में कार्यरत अन्य कर्मी को सरकारी कर्मी को देय सभी सुविधा के साथ उच्च वेतन/ मानदेय दिया जाता है, यहां तक कि पारा शिक्षकों का सेवा शर्त नियमावली जनवरी 2022 से लागू कर मानदेय बढ़ा दिया गया। लेकिन बीआरपी सीआरपी के सेवा शर्त नियमावली को गठित कमिटी के अनुसंशा के बाद भी इसे कैबिनेट से पारित नहीं किया जा रहा है।

संघ के अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद ने कहा कि झारखंड के 2700 बीआरपी सीआरपी के परिवार विगत एक साल से प्रत्येक कैबिनेट बैठक से आशा रखती है। लेकिन बैठक के बाद निराशा और हताशा हाथ लगती है। 18 साल की सेवा के उपरांत भी महंगाई के इस दौड़ में मानदेय 18 हजार भी नही होना, काफी कष्टप्रद है। विगत 5 साल से बीआरपी सीआरपी का मानदेय वृद्धि नहीं हुआ। वहीं, परियोजनाकर्मी को मानदेय में कई गुणा वृद्धि हो चुकी है और उन्हे सातवें वेतनमान के समकक्ष मानदेय देने की बात चल रही है। सरकार के इस उपेक्षापूर्ण रवैए से बीआरपी सीआरपी काफी आहत और मर्माहत है जो उनके कार्यक्षमता को प्रभावित कर रही है।

संघ द्वारा सरकार से बार बार आग्रह किया जाता रहा है, साथ ही विधान सभा के बीविन सत्र में अनेक माननीय विधायक महोदय द्वारा भी बीआरपी सीआरपी के लिए प्रश्न पूछा गया। ध्यानाकर्षण किया गया। लेकिन सरकार कान में तेल डालकर दोहरी नीति के मार्ग पर बीआरपी सीआरपी को अभी तक सेवा शर्त नियमावली से उपेक्षित रखे हुए है।

भ्रष्टाचार, युवाओं की परेशानियों को लेकर सरकार को घेरेगी भाजपा : बाउरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो रहा है। इसे लेकर गुरुवार को भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने की। इसमें सरकार की विफलता पर चारो ओर घेरने का निर्णय लिया गया।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में संपन्न विधायक दल की बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि हेमंत सरकार पिछले 4वर्षों से राज्य की जनता को केवल ठग रही है। हेमंत सरकार की विफलता ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि राज्य में आकंठ भ्रष्टाचार व्याप्त है। राज्य में सत्ताधारी दल के नेताओं से नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं। मशीनें गिनती करते हुए थक जा

रही हैं। मुख्यमंत्री खुद भ्रष्टाचार के घेरे में हैं। छठे समन के बाद भी ईडी की पूछताछ से भाग रहे। बैठक में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित विधायक सीपी सिंह, जेपी पटेल, बिरंची नारायण, रामचंद्र चंद्रवंशी, नीरा यादव, अनंत ओझा, राज सिन्हा, नारायण दास ,भानु प्रताप शाही, केदार हाजरा, अमित मंडल, ढुल्लू महतो ,आलोक चौरसिया, कोचे मुंडा, समरी लाल, अपर्णा सेनगुप्ता, शशि भूषण मेहता, पुष्पा देवी उपस्थित थीं।

कानून की अवहेलना कर रहे हैं मुख्यमंत्री : नेता प्रतिपक्ष श्री बाउरी ने कहा कि मुख्यमंत्री कानून की अवहेलना कर रहे। राज्य की कानून व्यवस्था ध्वस्त है।जेल में और जेल के बाहर हत्याएं हो रही।राज्य में आराजकता का माहौल है। उन्होंने कहा कि राज्य में कोई सुरक्षित नहीं। बहन बेटियों की इज्जत सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य की परीक्षा संचालित करने वाली एजेंसियां जेएसएससी, जेपीएससी परीक्षा संचालित करने में विफल हो रही।बेरोजगार युवा, पारा शिक्षक,संविदा कर्मी, निविदाकर्मी अपनी मांगों को लेकर सड़क पर लड़ाई लड़ने को मजबूर हैं।

बाउरी ने कहा कि भाजपा जनता से जुड़े ऐसे सारे मुद्दों को सदन में जोरदार तरीके से उठाएगी और सरकार से जवाब मांगेगी।

हेमंत सरकार की नाकामियों से कराह रहा है राज्य : मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने कहा कि आज हेमंत सरकार की नाकामियों से राज्य कराह रहा है। सरकार यदि जनता से जुड़े मुद्दों का सही उत्तर देगी तो पार्टी सरकार का सहयोग करेगी लेकिन सत्ता पक्ष की ओर से सही उत्तर नही मिलने पर पार्टी सरकार का विरोध करने केलिए बाध्य होगी।

विपक्ष के हर सवालों के काउंटर की तैयारी में सत्ता पक्ष, बनी रणनीति

शीतकालीन सत्र को लेकर मुख्यमंत्री आवास पर सत्तारूढ़ दलों के विधायकों की हुई बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को गठबंधन सरकार में शामिल सभी दलों के विधायकों की बैठक सीएम आवास पर हुयी। बैठक देर शाम खत्म हुई। बैठक में सत्र के दौरान सरकार का क्या रणनीति होगी इस पर विस्तार से चर्चा की गयी। इसके साथ ही विपक्ष के सवालों का किस प्रकार से काउंटर करना है, इसकी भी रणनीति तय की गयी।

मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विपक्ष के सार्थक चर्चा जनमुद्दों को लेकर होती है तो सरकार उनके हर सवालों का जवाब देगी। बैठक में राज्य में वर्तमान राजनीति मसलों पर भी बात हुई।

विपक्ष के सवालों का सरकार देगी माकूल जवाब : मुख्यमंत्री आवास पर हुई बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि सरकार अपने सत्र से सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने का प्रयास करेगी। सदन की कार्यवाही के दौरान विपक्ष के द्वारा आने वाले सवाल का माकूल जवाब देने के लिए सरकार के द्वारा पूरी तैयारी की गयी है। सदन में सदस्यों के द्वारा जो भी सवाल आएंगे सरकार की ओर से जवाब दिया जाएगा। इसके अलावे सम-सामयिक मुद्दों को लेकर पूछे गये सवाल का भी सरकार माकूल जवाब देगी। उन्होंने कहा कि सरकार का ध्यान इस बात पर भी रहेगा कि सदन हंगामें की भेंट न चढ़े। राज्य के विकास को लेकर आनेवाले बिजनेस पर कोई व्यवधान उत्पन्न नहीं हो इस पर सत्तापक्ष की ओर से विशेष ध्यान रहेगा।

सत्र को लेकर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि सत्ता पक्ष पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने विपक्ष को सलाह भी दी, कहा अब चार साल गवां दिये हैं। इन चार सालों में जनमुद्दों को सही ढंग से रखने का काम नहीं कर पाये,अब मौका मिला है जनमुद्दों को सदन में मजबूती से रखें। सरकार उसपर काम करेगी। बैठक में सत्ता पक्ष की ओर से सारे विधायक व मंत्री के अलावा सत्ता पक्ष के सहयोगी दल कांग्रेस व राजद के विधायक भी मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

बेड़ो : सड़क दुर्घटना में दो घायल

बेड़ो। बेड़ो थाना क्षेत्र के पांडेपारा मोड़ के समीप बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर गुरुवार की अपराह्न लगभग साढ़े बारह बजे अज्ञात वाहन के चपेट में आने से स्कूटी सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में 32 वर्षीय फूलचंद खाखा और 25 वर्षीय अरविंद उरांव बनटोली भरनो गुमला निवासी है। दोनों घायलों को मासु बेड़ो के समाजसेवी संजय उरांव ने ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां सुमित्रा कुमारी ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल फूलचंद खाखा को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। स्वजनों ने बताया कि दोनों स्कूटी से चट्टी लोहरदगा जा रहे थे।

पंचायत स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

सिकिदिरी। आजसू पार्टी के तत्वावधान में गुरुवार को नवागढ़ में पंचायत स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने किया। उद्घाटन मैच नवागढ़ और बरवाटोली के बीच खेला गया, जिसमें बरवाटोली की टीम 1-0 से विजयी रही। इसके पूर्व पारसनाथ उरांव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच जर्सी का वितरण किया गया। मौके पर जलनाथ चौधरी, मुखिया भुनेश्वर बेदिया, जगदीश भोगता, ऋषि हजाम, लखिन्द्र बेदिया, जगरनाथ बेदिया, बिरसा मुंडा, बलराम बेदिया, खेमा बेदिया, चरकू बेदिया, गुलाब बेदिया, अजय भोगता, विजय पांडेय, अनिल हजाम, धनकिशोर उपस्थित थे।

राजा पीटर को जमानत हर्ष, बांटा गया खीर

तमाड़। तत्कालीन विधायक व पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड में आरोपी पूर्व उत्पाद मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर को झारखंड हाईकोर्ट से जमानत मिल गयी है। छह साल के बाद जेल से बाहर निकलने की खुशी से तमाड़ में समर्थको में काफी उत्साह देखने मिल रहा है। समर्थक काजल मुखर्जी उज्जवल मुखर्जी द्वारा गुरुवार को रायडीह मोड़ में आम जनता के बिच खीर वितरण कर लोगो का मुंह मीठा किया।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया कंबल वितरण

खलारी। कोयलांचल के दूर सुदूर ग्रामीण इलाकों में ठंड को बढ़ते देख भाजपा कार्यकताओं के द्वारा गांव के जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। मायापुर पंचायत के केदल गांवए चुरी दक्षिणी पंचायत के अम्बा टोंगरी शामू टोंगरी और चुरी होयर गांव मे कंबल का वितरण किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह ने कहा कि कांके विधायक के निर्देश पर प्रखंड के सभी गांव का सर्वे कर जरूरतमंदों के बीच ही कंबल का वितरण हो रहा है। मौके पर भाजपा नेता अनिल गंझू अरविंद सिंह शशि प्रसाद साहू गणेश यादव गिरधर मिश्रा जलेश्वर यादव मुकेश यादव मौजूद थे।

अयोध्या धाम से पूजित कलश तमाड़ पहुंचा

तमाड़। अयोध्या से पूजित अक्षत कलश प्राचीनकालीन मां दिउड़ी मंदिर पहुंचा। मंदिर प्रांगण में कलश को रखा गया। गणेश शंकर विद्यार्थी द्वारा बताया गया कि सभी रामभक्त घर-घर जाकर 22 जनवरी 2024 को श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने के उपलक्ष्य में निमंत्रण देंगे। यह अक्षत प्रखंड के 23 पंचायत अंतर्गत सभी गांव भेजा जाएगा एवं निमंत्रण देंगे और आग्रह करेंगे कि सभी लोग अयोध्या तो नहीं जा सकते, लेकिन 22 जनवरी को अपने घर एवं समीप के मंदिरों में भजन, शाम में दीपोत्सव मनाएंगे।

गुमला ने धनबाद को 8-0 से रौंदा

सिकिदिरी। सिकिदिरी मैदान में खेली जा रही 10वीं सदभावना चैंपियन ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट में गुरुवार को खेले गए एकतरफा मुकाबले में गुमला ने धनबाद एफसी को 8-0 से रौंद दिया। गुमला के खिलाड़ियों ने अनुभव का लाभ उठाकर पूरे मैच में हावी रही। गुमला की ओर से स्टार खिलाड़ी सूरज बाखला ने डबल हैट्रिक गोल दागा।

रुचि के अनुरूप लक्ष्य निधारित करें विद्यार्थी

स्कूली छात्राओं ने सीखे लक्ष्य प्राप्ति के गुर

खबर मन्त्र संवाददाता

कार्यक्रम में उपस्थित स्कूली छात्राएं।

ओरमांझी। मेहनत जीवन में सफलता का महत्वपूर्ण कड़ी है, लेकिन मेहनत किस दिशा में करनी चाहिए इसकी ज्ञान भी जरूरी है। उक्त बाते गुरुवार को टिकैत उमरांव सिंह शेख भिखारी गर्ल्स हाई स्कूल ओरमांझी में आयोजित अभिविन्यास (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शिक्षाविद शैलेंद्र मिश्रा ने कही, उन्होंने कहा कि शिक्षा हमें वह ज्ञान मिलता है जिससे सही लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही लता मंगेशकर, मैडम क्युरी, विल्मा रूडोल्फ, सुधा चंद्राकन, अरुणिमा सिन्हा आदि महान विभूतियों के संघर्षों व प्रेरक गाथाओं के मध्यम से स्कूली छात्राओं का उत्साहवर्द्धन किया। कहा सफल होना है तो शिक्षा को अपना दोस्त बना लें। वहीं कार्यक्रम के समन्वयक राजधाम साहू ने छात्राओं से अपनी प्रतिभा को पहचानने और उसी अनुरूप लक्ष्य निर्धारित करने को कहा। कई माता-पिता अपने बच्चों का लक्ष्य निर्धारण खुद करते हैं, जिससे बच्चों को मानसिक दबाव का भी सामना करना पड़ता है। ऐसे में बच्चों की प्रतिभा व रूची के अनुरूप ही लक्ष्य निर्धारित करना ही बच्चों के भविष्य के लिए बेहतर है।

कार्यक्रम में थे मौजूद

कार्यक्रम में विनोद कुमार सिंह, सत्यनारायण तिवारी, मोतीलाल महतो आदि ने भी संबोधित किया। वहीं मौके पर विद्यालय की शिक्षिका रश्मि सिन्हा, ज्योति सिंह, सोनिया कुजूर, नमिता साहू, प्रिया रानी, फाखरा खातुन व विद्यालय की छात्राएं मौजूद थे।

सड़क हादसे में नगर निगम कर्मी की मौत

रातू के झिरी आनंदनगर की है घटना, आमटांड़ का था नकुल साहू

खबर मन्त्र संवाददाता

रातू। झिरी रिंग रोड स्थित आनंद नगर के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अवेंजर बाइक जेएच 01 सीएफ 0721 पर सवार होकर आमटांड़ लौट रहे नगर निगम कर्मी 30 वर्षीय नकुल साहू उर्फ जय की मौत हो गयी। घटना गुरुवार को दिन के करीब 1.30 बजे की है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर रिम्स में पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। देर शाम पांडेखारी श्मशान में उसकी अंत्येष्टि की गयी। पिता श्याम साहू ने मुखाग्नि दी। मृतक मूल रूप से लोहरदगा का था। यहां उसका ननिहाल है। उसके पिता ने लीची बागान में जमीन खरीद कर मकान बना कर परिवार के साथ रहते हैं। आज उनके ऊपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिवार का माहौल मातम में बदल गया है।

गांव में पसरा मातमी सन्नाटा

मृतक दो भाइयों में छोटा था। उसके परिवार में माता-पिता के अलावा भाई आदित्य साहू, पत्नी व सात माह का एक पुत्र है। बहन रीना की शादी हो चुकी है। नकुल का विवाह 2022 में चंदवा में हुआ था। पिछले 11 साल से वह नगर निगम के होल्डिंग टैक्स विभाग में अनुबंध पर कार्यरत था। गांव में मातमी सन्नाटा है। मां मालती, पत्नी रानी देवी व बहन रीना कुमारी के रोने से पूरा माहौल गमगीन है। तीनों बार-बार बेहोश हो रही थीं।

संघ में शोक की लहर

नकुल साहू, युवराज गोपाल शरण नाथ शाहदेव की स्मृति में संचालित श्री साईं स्वयंसेवी संस्था व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का आजीवन सदस्य था। उसकी मौत की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैली। उसके घर पर सैकड़ों संघ कार्यकर्ताओं की भीड़ जमा हो गयी। लोगों ने जय साहू के आकस्मिक निधन को संघ के लिये अपूरणीय क्षति बताया है।

मोहब्बत की ताकत से रोक सकते हैं नफरत की आंधी : उलेमा

मजलिस उलेमा झारखंड का एक दिवसीय इजलास

खबर मन्त्र संवाददाता

मांडर। मजलिस उलेमा झारखंड की उलेमा व हुफ्फाज के लिए एक दिवसीय इजलास गुरुवार को मुड़मा में हुई। इसकी अध्यक्षता मजलिस उलेमा झारखंड के अध्यक्ष हजरत मौलाना साबिर हुसैन मजाहिरी ने की। बैठक की शुरूआत हजरत कारी सोहेब अहमद द्वारा पवित्र कुरान की तिलावत से हुई। इजलास के मुख्य अतिथि हजरत मौलाना फरीदुद्दीन कासमी उपाध्यक्ष, नायब शैखुल हदीस दारुल उलूम वक्फ देवबंद ने कहा कि मजलिस उलेमा झारखंड उलेमा की एक मजबूत संगठन है। हम सभी को अपने अंदर अल्लाह का डर पैदा करने की जरूरत है। वहीं हैदराबाद से आए हजरत मौलाना मुफ्ती उमर आबिदीन ने कहा कि ये उलेमा उम्मत के रहनुमा हैं। कुरान की हर आयत एक मार्गदर्शक है। इस्लाम का परिचय और इस्लामी नैतिकता को घर-घर तक फैलाने की जरूरत है। नफरत की आंधी को मोहब्बत की ताकत से रोका जा सकता है। समाज में फैले भ्रम को दूर करना भी उलेमा का दायित्व है। वहीं सभा को संबोधित करते हुए दारुल उलूम लखनऊ के हजरत मौलाना अलाउद्दीन नदवी ने कहा कि इल्म के बिना कोई भी कौम तरक्की नहीं कर सकती। कुछ भी करने से पहले इल्म प्राप्त करना जरूरी है। वहीं हजरत मौलाना मुफ्ती इम्तियाज ने ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष हजरत मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी का संदेश पढ़कर सुनाया। वहीं इजलास को संबोधित करते हुए जामिया रशीदुल उलूम चतरा के मुफ्ती नजर तौहीद मजाहिरी ने कहा कि मजलिस उलेमा झारखंड का उद्देश्य उलेमा के बीच एकता और आम सहमति बनाना है। हजरत मौलाना आफताब आलम नदवी ने कहा कि सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए उलेमा को आगे आना होगा। मदरसा इस्लामिया महमूदिया सिरसा मुड़मा के संचालक मौलाना डॉ अब्दुल जलील कासमी नदवी ने मदरसा का परिचय देते हुए कहा कि इस मदरसे की स्थापना 1962 में कारी अलीमुद्दीन ने की थी। जो धार्मिक शिक्षा पर आज भी जारी है। इससे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण स्थापित हुआ और अज्ञानता समाप्त हो गयी। इसके अलावा स्वागत भाषण देते हुए मजलिस उलेमा झारखंड के अध्यक्ष हजरत मौलाना साबिर हुसैन मजाहिरी ने कहा कि मजलिस उलेमा ने इमारत शरिया झारखंड की स्थापना का संकल्प लिया है। हम आये हुए सभी अतिथियों का शुक्रिया व धन्यवाद करते हैं। इसके अलावा मजलिस उलेमा झारखंड के महासचिव हजरत मौलाना मुफ्ती तल्हा नदवी ने मजलिस उलेमा का परिचय और सचिव रिपोर्ट पेश की। उन्होंने मजलिस उलेमा की स्थापना से लेकर अब तक के सफर का वर्णन किया। संचालन मजलिस उलेमा झारखंड के उपाध्यक्ष हजरत मौलाना शरीफ मजहरी ने की।

कार्यक्रम में ये लोग थे शामिल

मौके पर मौलाना अंसारुल्लाह, मौलाना रफीउद्दीन, मौलाना मसूद, मौलाना अतीकुर रहमान, मौलाना अली हुसैन नदवी, मौलाना गुलाम सरवर, मास्टर अमीन, हाफिज असगर, मौलाना शौकत नौमानी, मौलाना अब्दुल माजिद रांची, हाफिज जुबैर, मुफ्ती शोएब आलम कासमी चतरा, शमीम अख्तर आजाद, शाकिर इस्लाही, नूरुल्लाह हबीब नदवी, मौलाना इनामुल्लाह नदवी, मौलाना रिजवान दानिश चंदवा, मौलाना मंसूर कांके, मौलाना अब्दुल वाजिद बालूमाथ, मौलाना शोएब अख्तर रांची, मौलाना इदरीस मजाहिरी, मौलाना मंजूर इटकी, रांची शहर काजी मुफ्ती कमर आलम कासमी, मौलाना आफताब आलम नदवी, फातिमा गुल्स एकेडमी के निदेशक मौलाना नसीम अनवर नदवी, मौलाना जियाउल होदा इस्लाही, मौलाना अहमद कडरू, कारी असजद, मौलाना अब्दुल हकीम, मौलाना डॉ असगर मिस्बाही, मौलाना शकील कासमी, मौलाना गाजी सलाहुद्दीन, मौलाना जियाउर रहमान, हजरत मुफ्ती सलमान कासमी, मौलाना डॉ तल्हा नदवी, मुफ्ती मुहम्मद अल्लाह कासमी, मुफ्ती दाउद कासमी, मौलाना रिजवान कासमी, मुफ्ती इमरान नदवी, मुफ्ती वसीउर रहमान, मुफ्ती फुरकान, मौलाना अशरफ, कारी अब्दुल रऊफ, मौलाना तनवीर, मौलाना मजहर, मुफ्ती गुलजार, मौलाना अब्दुल्लाह मजाहिरी, मौलाना समीउल हक, कारी अशरफ, कारी अब्दुल रऊफ, मजलिस उलेमा की पूरी टीम, विभिन्न जिलों के उलेमा शामिल थे।

सेंधमारी कर स्टूडियो से दो लाख के सामान की चोरी

शास्त्री चौक के आस्था स्टूडियो में हुई घटना

ओरमांझी। थाना क्षेत्र के शास्त्री चैक स्थित आस्था स्टूडियो में बुधवार रात अज्ञात चोर द्वारा दीवार तोड़कर (सेंदमारी) कर प्रिंटर, एलसीडी, फोटो फ्रेम सहित लगभग दो लाख रुपए के सामान चुरा कर ले गया। संचालक सुनील कुमार गुरुवार की सुबह नौ बजे अपने स्टूडियो पहुंचा तो देखा कि अंदर का सामना बिखरा पड़ा थे। पीछे का दीवार तोड़ कर छेद कर दिया गया था। उसी छेद से अंदर घुसा चोर स्टूडियो का सामान ले भागा। वहीं काउंटर के ऊपर पुराने कपड़े से ढंका कैमरा चोरो को नजर नहीं आया, जिस कारण वह बच गया। बताया गया कि शास्त्री चौक के पास सड़क किनारे टिकैत उमरांव सिंह शेख भिखारी स्कूल ओरमांझी की बांउडरी के सहारे कई लोग एसवेस्टस का मकान बना दुकान खोल रखे हैं। स्कूल की ओर से ही दीवार में सेंदमारी कर चोरी की जाती है। इससे पूर्व भी स्कूल की दीवार की ओर से ही दूसरे दुकान में चोरी हो चुकी है। संचालक द्वारा ओरमांझी थाना में अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है।

लकड़ी का पुल बना नदी पार कर रहे ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

लापुंग। लापुंग प्रखंड के ककरिया कुसुम टोली के लोगों की नैया लकड़ी के पुल के सहारे पार हो रही हैए लेकिन इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। देश को आजाद हुए सात दशक व पंचायती राज का एक दशक हो गया, लेकिन गांव के लोग आज भी बुनियादी सुविधाओं को तरस रहे हैं। कीचड़ भरे रास्ते गांव की पहचान बने हैं। गांव के लोग पुल व सड़क की समस्याओं से जूझ रहे हैंए जिनके समाधान की आस लोग वर्षों से लगाए बैठे हैं। लेकिन पुल नहीं बन पाया है। कनकी नदी व सरना गड़ा पर पुल नहीं होने से गांव के लोगों को आवाजाही में दिक्कत होती है। वर्षा के दिनों में लोग कैद होकर रह जाते हैं। या फिर जान जोखिम में डाल कर नदी पार करते हैं। वहीं पुल बनवाने के लिए लोगों ने अधिकारियों से लेकर जन प्रतिनिधियों गुहार लगाईए लेकिन आश्वासन के सिवा आज तक कुछ नहीं मिला। थक- हारकर यहां के ग्रामीणों ने गुरुवार को भाजपा नेता सन्नी के साथ मिलकर श्रमदान करके लकड़ी का पुल व सड़क को चलने लायक बनाया। गांव के लोगों की अब इसी लकड़ी के पुल के सहारे आवागमन कर रहे है। चुनाव के समय तो नेता बहुत बड़े.बड़े वादे करते हैं और चुनाव के बाद सब भूल जाते हैं।

लोगों को मिल रहा डिजिटल क्रांति का फायदा

खबर मन्त्र संवाददाता

पिपरवार। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत टंडवा प्रखंड अन्तर्गत कल्याणपुर पंचायत भवन परिसर में मोदी सरकार की गारंटी गाड़ी के सामने टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेयए बीडीओ देवलाल उरांवए पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से विधिवत फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इन सबों की उपस्थिति में ष्हमारा संकल्प विकसित भारतष् से संबंधित शपथ लिया गया और कार्यक्रम में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।पिपरवार मंडल अध्यक्ष श्री मिश्रा ने कहा कि आज के समय में विदेश में भी मोदी का महाशक्ति के रूप में देख रहा है जिसे भारत विश्व में सबसे मजबूत शक्ति बनकर उभर रहा है विश्व गुरु बनने की स्थिति में देश आगे बढ़ रहा है गरीब और अंतिम व्यक्ति तक के लोगों को भी प्रधानमंत्री आवास तेजी से दिया जा रहा है इस अवसर पर लाभार्थी ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल ने कहा कि मोदी सरकार की देन है कि डिजिटल क्रांति का फायदा समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है।

अयोध्या से अक्षत और कलश गायत्री मंदिर पहुंचा, हुआ पूजन

खलारी। विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल के तत्वाधान में पूर्व खलारी प्रखंड क्षेत्र के गायत्री मंदिर डकरा में श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से लाए गए पूजित अक्षत और कलश का पूजन किया गया। अथवा 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमित आयोजित कार्यक्रमों पर विस्तार पूर्वक चर्चा एवम उसके क्रियान्वयन की रूपरेखा तैयार की किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में एक बैठक कर पूरे प्रखंड के पांचों मंडल के कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। बैठक में प्राण प्रतिष्ठा निमित प्रखंड क्षेत्र के प्रत्येक सरना. सनातनी के घर में अयोध्या से आए निमंत्रण पत्र को लेकर 1 जनवरी से 15 जनवरी तक संपर्क अभियान चलाना है एवम निकटतम मंदिर के कमिटी से संपर्क कर मंदिर व घरों में दीपोत्सव का कार्यक्रम 22 जनवरी को करना है। इस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड संयोजक शशिकांत सिंह ने किया। बैठक में मंडल संयोजकों एवम सह संयोजकों की घोषणा की गई।

कोल माफिया ने किया सोनाडुबी नदी का अतिक्रमण

300 मीटर लंबी नदी सीमेंट फैक्ट्री के पास सिमट कर हो गयी मात्र पांच मीटर

खबर मन्त्र संवाददाता

खलारी। जब से खलारी सीमेंट फैक्ट्री में सीमेंट छोड़ कर काला हीरा कोयला का कारोबार चल है। तब से फैक्ट्री प्रबंधन व कोलमाफियाओ की मिलीभगत से ग्रामीण दूर की बात है प्रकृति को भी रौंदने के लिए नही छोड़ा जा रहा है। वही इस संबंध में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव राजन सिंह राजा ने खलारी अंचलाधिकारी को लिखित आवेदन देकर कहा कि खलारी सीमेंट फैक्ट्री प्रबंधक व कोयला माफियाओं के द्वारा सोनाडुबी नदी पर भारी अतिक्रमण किया गया है। बताया कि सोनाडुबी नदी सीमेंट फैक्ट्री के बगल से होकर गुजरती है। बताया जाता है कि नदी की चौड़ाई 300 मीटर तक फैली हुई थी और यही नदी 20 से 30 गांवों के लिए लाइफ लाइन भी मानी जाती थी। जब से सीमेंट फैक्ट्री में कोयला का कारोबार चालू हुआ है तब से सोनाडुबी नदी का अतिक्रमण कर नदी का चीरहरण कर दिया गया है। नदी में फैक्ट्री प्रबंधन व कोयला माफियाओं के द्वारा अपने निजी स्वार्थ के लिए नदी में मिट्टी एवं बोल्डर से भरकर नदी की धारा को कम कर दिया गया। मिट्टी और बोल्डर भरकर 300 मीटर का नदी को मात्र पाँच मीटर में समेट दिया गया। अथवा उसपर पुलिया निर्माण कर गैरकानुनी रूप कोयला और चारकोल का ट्रांस्पोंटिंग किया जा रहा है। अतिक्रमण नदी को पहले की तरह स्वरूप लेन के लिए खलारी अंचलाधिकारी से विनम्रतापूर्वक आग्रह किया गया। और अतिक्रमण करने वालों पर कानुनी रूप से जल्द कारवाई की जाये।

अतिक्रमण का जायजा लेने पहुंचे अंचलाधिकारी

कांग्रेस कमिटी के आवेदन पर अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्या ने सोनाडुबी नदी पर फैक्ट्री प्रबंधक व कोयला माफियाओं के द्वारा अतिक्रमण का जायजा लेने पहुँचे। ततपश्चात नदी का निरीक्षण किया गया। अंचलाधिकारी ने नदी पर अतिक्रमण को देखते हुए जांच कर कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। निरीक्षण में सीआई कमल कांत वर्मा राजन सिंह राजा तनवीर आलम सुरेंद्र चौहान गोपाल सिंह धीरज बहादुर भोला यादव बाबु खान राजा केशरी मनोज यादव सुरेन्द्र यादव फिरोज आलम पवन राज सिंह मोनू सिंह सलामत अंसारी मनीष भुंइया बबलू सिंह सतेन्द्र खरवार सुरज रावत विजय तुरी सहित अन्य लोग मौजूद थे ।

एक नजर में

शहीद हरखनाथ महतो का शहादत दिवस मना

अनगड़ा। प्रखंड के गोंदली पोखर स्थित शहीद हरखनाथ महतो के प्रतिमा स्थल पर गुरुवार को जांबाज पुलिस के जवान शहीद हरनाथ महतो का शहादत दिवस मनाया गया। मौके पर शहीद हर खनाथ महतो की प्रतीमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। साथ ही शहीद के पिता समेनाथ महतो एवं उनके परिजनों की ओर से गरीब वृद्ध-वृद्धाओं के बीच शॉल का वितरण किया गया। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में प्रमुख दीपा उरांव, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, शहीद के पुत्र पंकज महतो, पवन महतो, पुत्री बरखा कुमारी, वीरेन्द्र सिह भोक्ता, माधुरी देवी, सिकंदर अंसारी, अजय महतो, रंथा महली, बरतु मुंडा, रामनाथ महतो, नरेश साहु, नीलकंठ चौधरी, अजय तिर्की, प्रेम उरांव मौजूद थे।

जर्जर सड़क से परेशान ग्रामीणों ने फूंका मंत्री, सांसद और विधायक का पुतला

बुढ़मू। डीएमएफटी फंड से लगातार बुढ़मू प्रखंड के गांव-गांव में सड़क, स्कूल, अस्पताल सहित अन्य का शिलान्यास किया जा रहा है। कुछ सड़कें हाल के वर्षो में ही निर्माण की गई थी। उन पर फिर से शिलान्यास किया गया है, लेकिन ऐसे कई गांव इस डीएमएफटी फंड से वंचित हैं, जहां सड़क, श्मशान घाट सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। ऐसा ही मामला गुरुवार को बुढ़मू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सारले पंचायत के आरिद गांव में देखने को मिला। यहां के ग्रामीण जर्जर सड़क पर आक्रोश पैदल मार्च निकाले और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, सांसद संजय सेठ और विधायक समरी लाल का पुतला दहन किया। साथ ही बोर्ड बनाकर झारखंड सरकार हाय हाय, रोड नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाते हुए उक्त जर्जर सड़क पर पैदल मार्च किये। पुतला दहन एवं आक्रोश पैदल मार्च में विगल महतो, अबींद महतो सहित ग्रामीण शामिल थे।

सेविकाओं को मिला टीचिंग का प्रशिक्षण

इटकी। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा आंगनबाड़ी सेविकाओं को टीचिंग लर्निंग मेटेरियल बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इटकी प्रखंड मुख्यालय सभागार में गुरुवार को आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में सेविकाओं को परिवार थीम पर आधारित टीएलएम बनाने और इसके सहायता से आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले बच्चों को बेहतर शिक्षा देने की जानकारी दी गई। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के अभिषेक मित्रा, साकेत सिंह, रोहित कुमार व राजेश ने प्रशिक्षण दिया। प्रोजेक्टर के माध्यम से बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए बाल गीत, डांस व खेल खेल में शिक्षा देने सहित कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। इसका उपयोग आंगनबाड़ी सेविकाएं बच्चों को पढ़ाने में करेंगी।

बीसा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

अनगड़ा। प्रखंड के बीसा पंचायत सचिवालय में गुरुवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 1646 आवेदन पड़े, जिसमें 1090 आवेद का मौके पर ही निष्पादन किया गया। अबुआ आवास के 295 आवेदन भी पड़े। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख उप प्रमुख तथा पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा कई लाभुकों को योजनाओं की स्वीकृति पत्र एवं जॉब कार्ड भी सौंपे गए। 110 वृद्ध वृद्धाओं के बीच कंबल तथा 465 लोगों के बीच लूंगी, धोती एवं साड़ी का वितरण भी किया गया। मौके पर प्रमुख दीपा उरांव उप प्रमुख जयपाल हजाम, अंचल पदाधिकारी राजू कमल, बीडीओ जयपाल सोय सहित पंसस मनेश्वर मुंडा ग्राम प्रधान उमेश बड़ाईक, मुखिया संजोती देवी, काग्रेस के एतवा उरांव, बरतु मुंडा आदि मौजूद थे।

अनगड़ा में एसएसबी का मना 18वां स्थापना दिवस

अनगड़ा। नक्सल विरोधी अभियानों में तैनात 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अनगड़ा रांची ने गुरुवार को धूमधाम से अपना 18 वां स्थापना दिवस समारोह मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए मुख्य अतिथि 26वी वाहिनी के कमांडेंट एसडी शेरखाने ने वाहिनी के गौरवशाली इतिहास के बारे में बताया तथा पिछले एक साल में वाहिनी की उपलब्धियों जैसे अवैध अफीम की खेती को नष्ट करना वांछित नक्सलियों की गिरफ्तारी, अवैध हथियार की जब्ती आदि व जवानों के वेलफेयर के लिए किए गए विकास कार्यों जैसे शिवाजी हाउस महाराणा प्रताप जवान एनक्लेव अधीनस्थ अधिकारी मैस मनोरंजन हाल वेट कैंटीन तथा अन्य उपलब्धियां से अवगत कराया। इस उपलक्ष में वाहिनी द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर वाहिनी के सभी अधिकारी एवं जवान मौजूद थे।

महुंगांव में चबूतरा निर्माण का भूमि पूजन

बेड़ो। जनजातियों के सामाजिक और धार्मिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति केंद्र सरकार कृतसंकल्प है। उक्त बातें सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत ने कहीं। वे प्रखंड के महुंगांव सरना टोली गांव में सांसद मद से बनने वाली सरना स्थल में चबूतरा निर्माण कार्य के भूमि पूजन के दौरान कही। उन्होंने गांव के पहान बुधवा पहान व महतो मार्टिन एक्का के साथ विधिवत पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जनजातीय संस्कृति को बचाने के लिए मसनाए झखरा धुमकुरिया अखरा एवं सरना का सुंदरीकरण और घेराव किया जा रहा है।

सुरक्षा पर सवाल

लोक सभा में जिस प्रकार की घटना घटी वह बताती है कि हमारी सुरक्षा व्यवस्था में कमी है। देश का संसद सर्वोच्च संस्था है और वहां किस प्रकार से युवक दर्शक दीर्धा में पहुचकर वहां से लोकसभा के पटल पर कूदे और गलत हरकत की। निश्चित ही यह एक बड़ी चूक है। इन युवको ने इसके लिये जो तारीख चुनी वह संसद पर हमले की तारीख ही थी। संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे को लेकर प्रदर्शन करते हुए वेल तक पहुंचने की कोशिश करना और निलंबन के बाद भी सदन से बाहर न जाना टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन को भारी पड़ गया। सभापति धनखड़ ने इसके लिए उन्हें निलंबित कर दिया और उनका मामला विशेषाधिकार समिति के पास जांच के लिए भेज दिया। इस दौरान धनखड़ ने कहा कि डेरेक का सदन में बने रहना आदेश का गंभीर उल्लंघन और जानबूझकर की गई अवहेलना है। वहीं, अपने निलंबन को लेकर टीएमसी सांसद सहित सभी 15 सांसदों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया है। कुल 15 सांसदों को शीतकालीन सत्र के शेष भाग के लिए निलंबित कर दिया गया। इसमें 14 लोकसभा से और 1 राज्यसभा से हैं। इस गंभीर मामले को दलगत राजनीति से उपर जाकर इस पर चर्चा करना उचित होता लेकिन विरोध की कुत्सित राजनीति से गलत संदेश जाता है। संसद में किसी भी प्रकार का व्यवहार पूरे देश को प्रतिबिंबित करता है। चाहे वह हमारे सांसदो का विरोध हो या उन लोगों का संसद में विरोध का तरीका जो देश विरोधी मानसिकता का संकेत दे रहा है। पुलिस प्रशासनइस संबंध में त्वरित कार्रवाई कर रहा है लेकिन सवाल चूक की है। जुतों की जांच सामान्य तौर पर मशीन के माध्यम से ही की जाती है। ऐसे में राष्ट्र विरोधी तत्व कोई बड़ी योजना पर काम कर सकता है। संसद की व्यवस्था चाक चौंबद हो और यह राष्ट्र सुरक्षा के लिये अनिवार्य है।

बदलाव से संकेत

तमाम कयासों व संभावनाओं को दरकिनार करते हुए छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व राजस्थान में ऐसे नामों पर मुख्यमंत्री होने की मोहर लगी जो कहीं चर्चा में नहीं थे। दरअसल, इस तरह चौंकाना भाजपा सुप्रीमो व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आदत रही है। हरियाणा में मनोहर लाल, उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ, असम में हिमंत बिस्वा सरमा और उत्तराखंड में पुष्कर सिंह धामी को मुख्यमंत्री बनाते समय भी कुछ इस तरह चौंकाया गया था। बहरहाल, कई दिन की प्रतीक्षा के बाद मुख्यमंत्री का दायित्व जिन नेताओं को सौंपा गया है, उन्हें पीढ़ी के बदलाव के तौर पर भी देखा जा रहा है। निस्संदेह, नये लोगों को मौका मिलने से नया उत्साह होता है और नई उम्मीदें भी। बहरहाल, भाजपा की दूरगामी रणनीति इन चेहरों के चयनों से जाहिर होती है। कहीं न कहीं, बिहार से जाति गणना, आरक्षण और वंचित वर्ग को नेतृत्व देना का जो शोर उठा था, उसे भांपकर भाजपा ने अपना घर ठीक करने की रणनीति को अंजाम दे दिया। छत्तीसगढ़ में आदिवासी नेता के रूप में विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने एक तीर से कई निशाने साधे हैं। राज्य में वंचित समाज की सत्ता में भागीदारी के साथ झारखंड व ओडिशा को भी ध्यान में रखा गया है, जहां बड़ी संख्या में आदिवासी मतदाता हैं। वहीं मध्यप्रदेश में संघ की पृष्ठभूमि के वे मोहन यादव मुख्यमंत्री बने, जिनकी इस पद के लिये कोई चर्चा नहीं थी। निस्संदेह, बिहार व यूपी में यादव वर्चस्व की राजनीति को टक्कर देने के लिये मोहन यादव की ताजपोशी को एक तुरुप के पत्ते की तरह देखा जा रहा है। वहीं दूसरी ओर राजस्थान में मुख्यमंत्री के रूप में अप्रत्याशित रूप से भजनलाल शर्मा का चयन किया गया। यह मोदी स्टाईल है जिसके कारण भारतीय जनता पार्टी को सफलता भी मिल रही है और कार्यकत्ताओं में काम करने की लगन भी बनी रहती है।

कैश का नो टेंशन डिजीटल करेंसी है ना

योगेश कुमार गोयल

> ऐसे में यह जानना जरूरी है कि आरबीआई द्वारा जारी की गई डिजिटल करंसी अन्य वर्चुअल करंसी से अलग कैसे है? डिजिटल करंसी को लेकर आरबीआई स्पष्ट कर चुका है कि यह एक डिजिटल या आभासी मुद्रा है लेकिन इसकी तुलना उन निजी आभासी मुद्राओं अथवा क्रिप्टो करंसी से नहीं की जा सकती,

देश में क्रिप्टो करंसी की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) सुरक्षित और आसान डिजिटल करंसी लाने की योजना पर काफी समय से कार्य कर रहा था और अब 01 दिसंबर से आम लोगों के लिए ई-रुपये का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया जा चुका है। इससे पहले आरबीआई ने 01 नवंबर से डिजिटल करंसी ई-रुपये की शुरूआत सरकारी प्रतिभूतियों के थोक कारोबार के लिए की थी। फिलहाल खुदरा ई-रुपये के परीक्षण में चार बैंकों (आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, आईडीएफसी बैंक तथा यस बैंक) और चार शहरों (दिल्ली, मुम्बई, बेंगलुरू, भुवनेश्वर) को शामिल किया गया है। पहले ही दिन ह्यडिजिटल रुपये से करीब पौने दो करोड़ रुपये मूल्य का लेनदेन हुआ। दरअसल इन चार बैंकों की ओर से कुल 1.71 करोड़ रुपये डिजिटल मुद्रा की मांग की गई थी। मांग के मुताबिक आरबीआई ने इनको डिजिटल रुपया जारी किया। आरबीआई के मुताबिक आने वाले दिनों में बैंकों की बढ़ती जरूरत के हिसाब से जारी की जाने वाली रकम में भी वृद्धि देखने को मिलेगी। आरबीआई से जारी किया गया डिजिटल रुपया भारत की पहली वर्चुअल करंसी है। इसे सेंट्रल बैंक डिजिटल करंसी (सीबीडीसी) रेग्युलेट करेगा। डिजिटल करंसी डिजिटल फॉर्मेट में है और यह हार्ड कैश की जगह लेगी। डिजिटल करंसी सीबीडीसी के तहत काम करती है और सीबीडीसी को भारत सरकार की मान्यता प्राप्त है। सीबीडीसी को बराबर मूल्य पर कैश में एक्सचेंज किया जा सकेगा। डिजिटल करंसी को जलाया या डैमेज नहीं किया जा सकता। इसलिए एक बार जारी किए जाने के बाद यह हमेशा रहेगी जबकि करंसी नोट कुछ सालों में खराब हो जाते हैं। डिजिटल करंसी के इस्तेमाल से लोगों को अपनी नकदी की सुरक्षा की चिंता से मुक्ति मिलेगी और जिन लोगों का बैंक में खाता नहीं हैं, वे भी इसके जरिये बैंकिंग प्रणाली में शामिल हो सकेंगे। अभी हमारी जेब में जो करंसी नोट या सिक्के रहते हैं, डिजिटल करंसी में वही डिजिटल रूप में हमारे मोबाइल फोन या वॉलेट में रहेंगे और हमें लेनदेन के लिए बैंक की जरूरत नहीं पड़ेगी। हम फिलहाल जिस प्रकार नकद में पैसों का लेनदेन करते हैं बिल्कुल उसी प्रकार डिजिटल रुपये से भी कर पाएंगे।

यह भी जान लें कि ई-रुपया किस तरह काम करेगा। ई-रुपया पूरी तरह से कैशलैस और कांटैक्टलैस भुगतान प्रणाली है। इसका इस्तेमाल एक ही बार किया जा सकता है। ई-रुपया वास्तव में टोकन आधारित होगा, जो एक ई-मेल जैसा हो सकता है और पैसे भेजने के लिए पासवर्ड डालना होगा, जो बिना इंटरनेट के कार्य करेगा। ई-रुपये से मोबाइल फोन के जरिये चंद सेकेंडों में ही लेनदेन संभव होगा और इस लेनदेन को इलेक्ट्रॉनिक रूप से देखा भी जा सकेगा। इसकी सबसे खास बात यही है कि इसके माध्यम से लेनदेन डिजिटल भुगतान प्रणाली की तुलना में ज्यादा रीयल टाइम और कम लागत में होगा और इसमें बैंकों की तरह निपटान की जरूरत भी नहीं होगी। सीबीडीसी में नकद देते ही इंटरबैंक सैटलमेंट की जरूरत नहीं रह जाएगी, जिससे लेनदेन कम लागत में होगा। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि ई-रुपये से देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था और ज्यादा मजबूत होगी और इससे देश की भुगतान प्रणाली को पारदर्शी बनाने में भी मदद मिलेगी। देश में डिजिटल करंसी का प्रचलन बढ़ने पर रुपये छापने की लागत बहुत कम हो जाएगी और इससे धन भेजना भी सस्ता होगा। वास्तव में यह क्रिप्टो करंसी से बिल्कुल अलग है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि आरबीआई द्वारा जारी की गई डिजिटल करंसी अन्य वर्चुअल करंसी से अलग कैसे है? डिजिटल करंसी को लेकर आरबीआई स्पष्ट कर चुका है कि यह एक डिजिटल या आभासी मुद्रा है लेकिन इसकी तुलना उन निजी आभासी मुद्राओं अथवा क्रिप्टो करंसी से नहीं की जा सकती, जिनका चलन हाल के वर्षों में तेजी से बढ़ा है। दरअसल बिट कॉइन या अन्य क्रिप्टो करंसी डीसेंट्रलाइज्ड होती है, जिन पर किसी भी सरकार का कोई नियंत्रण नहीं होता जबकि आरबीआई द्वारा जारी की गई डिजिटल करंसी सेंट्रलाइज्ड है। इसे भारत सरकार से मान्यता प्राप्त है और इसे आरबीआई ही जारी करेगा। इसलिए यह पूरी तरह सुरक्षित है। इसे आसानी से एक मोबाइल से दूसरे पर भेजा जा सकेगा और इससे हर प्रकार का सामान खरीदा जा सकेगा तथा प्रत्येक सेवाओं के लिए इसका उपयोग किया जा सकेगा। सामान्य शब्दों में कहा जाए तो डिजिटल करंसी का इस्तेमाल हम अपने सामान्य रुपये-पैसे के रूप में कर सकेंगे लेकिन ये रुपये-पैसे डिजिटल फॉर्म में होंगे। यही कारण है कि डिजिटल करंसी में निवेश करना दुनियाभर में प्रचलित अन्य वर्चुअल करंसी के मुकाबले ज्यादा सुरक्षित माना जा रहा है। डिजिटल करंसी में ब्लॉक चेन टैक्नोलॉजी तथा अन्य तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है। ब्लॉक चेन को ह्यडिस्ट्रिब्यूटेड लेजर टैक्नोलॉजी (डीएलटी) के रूप में भी जाना जाता है और इस टैक्नोलॉजी को क्रिप्टो करंसी का बैकबोन भी कहा जाता है। डिजिटल करंसी से भारत की अर्थव्यवस्था को काफी बढ़ावा मिलने और डिजिटल वित्तीय क्षेत्र में स्थिति मजबूत होने का अनुमान लगाया जा रहा है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि डिजिटल करंसी देश में डिजिटल इकोनॉमी को नया आयाम प्रदान करेगी। हालांकि आर्थिक विशेषज्ञ फिलहाल डिजिटल करंसी को लेकर कुछ सवाल भी उठा रहे हैं। मसलन, बैंकों में जमा पूंजी को देश की अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण रीढ़ माना जाता है, ऐसे में यदि डिजिटल करंसी को बैंक खातों से ज्यादा सुरक्षित माना गया तो कहीं इससे बैंकिंग व्यवस्था पर असर न पड़े। इसके अलावा पिछले कुछ वर्षों में सरकार द्वारा यूपीआई के जरिये लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए जो व्यवस्था बनाई गई है, उस पर भी डिजिटल करंसी से बड़ा असर पड़ सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि सीबीडीसी के चलन से बैंक में जमा के लिए लेनदेन की मांग कम हो जाएगी, जिससे उनकी जमा कम होगी। इसके अलावा यदि बैंक जमा राशि खो देते हैं तो क्रेडिट बनाने की उनकी क्षमता सीमित हो जाएगी क्योंकि केन्द्रीय बैंक निजी क्षेत्र को लोन प्रदान नहीं कर सकते। एक बड़ी चिंता यह भी है कि एक ओर जहां भारत डिजिटलीकरण तथा डिजिटल लेनदेन के मामले में दुनिया में एक प्रमुख देश के रूप में उभरा है, वहीं देश में वित्तीय साक्षरता की स्थिति संतोषजनक नहीं है। डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा मिलने के साथ ही हाल के वर्षों में ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले तेजी से बढ़े हैं। चिंताओं को दूर करने के लिए कारगर कदम उठाते हुए देश में वित्तीय साक्षरता के लिए भी पुरजोर तरीके से अभियान चलाना चाहिए।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

खास बात

लोकतांत्रिक मूल्य

नागेन्द्र सिंह

निस्संदेह, दुनिया के हर धर्म का लक्ष्य किसी भी समाज में शांति, सौहार्द और सहिष्णुता को संबल देना ही होता है। ऐसे में यदि उसका उपयोग निहित स्वार्थों के लिये होता है, तो किसी भी धर्म के प्रगतिशील व प्रभावी लोगों को इस दिशा में पहल करके समाज में सौहार्द को अक्षुण्ण रखना चाहिए। निस्संदेह लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा व देश में शांति स्थापना में धार्मिक गुरुओं की निर्णायक भूमिका हो सकती है। वे दिग्भ्रमित व कट्टर सोच वाले तत्वों को राष्ट्र की मुख्यधारा में लाने का काम कर सकते हैं। दुनिया के सबसे बड़े इस्लामिक देश इंडोनेशिया और दूसरी बड़ी मुस्लिम आबादी वाले देश भारत की तरफ से होने वाली इस रचनात्मक पहल के दूरगामी व सार्थक परिणाम सामने आ सकते हैं। बशर्ते सत्ताधीश इस दिशा में ईमानदार पहल करें। साथ ही यह विचार केवल सेमिनारों व संगोष्ठियों तक ही सीमित न रह जाये। इसे व्यावहारिक अमलीजामा पहनाने के लिये बड़े पैमाने पर कार्य किया जाये। सामाजिक संस्थाएं और समाज के बुद्धिजीवी इस दिशा में रचनात्मक भूमिका निभा सकते हैं। भारत जैसा देश जो सीमा पार से लगातार आतंकवाद की चुनौती का सामना करता रहा है, उसका प्रतिकार करने में देश के नागरिक प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। उन्हें राष्ट्र को अपनी प्राथमिकता बनाना होगा और सीमापार से रची जा रही साजिशों को नाकाम करना होगा। देश में अमन-चैन हमारी रोजी-रोटी और देश की अर्थव्यवस्था की स्वाभाविक प्रगति के लिये अनिवार्य शर्त है। यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि आतंक की पाठशाला बने देशों से आने वाले चरमपंथियों का खतरा अभी टला नहीं है। इनको सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से अलग-थलग किया जाना चाहिए। निस्संदेह इसमें इस्लामिक विद्वान और उलेमा महत्वपूर्ण रोल अदा कर सकते हैं। उससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि दिग्भ्रमित युवाओं को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़कर उनकी ऊर्जा का उपयोग रचनात्मक कार्यों में किया जा सकता है। विडंबना यही है कि युवा ही अक्सर चरमपंथियों के बिछाये जाल में फंस जाते हैं।

मध्य प्रदेश राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के लिए डॉ मोहन यादव जी को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।

आपके नेतृत्व में मध्य प्रदेश राज्य आगे बढ़े, यही कामना करता हूँ।

– हेमंत सोरेन, सीएम झारखंड

रोचक ट्वीट

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर विष्णु देव साय जी और उप मुख्यमंत्री अरुण साव जी एवं विजय शर्मा जी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं!

–नरेन्द्र मोदी

प्रखर प्रवक्ता, बहुमुखी और बहुआयामी प्रतिभा के धनी डॉ. सम्बित पात्रा जी को जन्मदिवस की हार्दिक मंगलकामनाएं।मैं प्रभु जगन्नाथ से आपके सुखद, स्वस्थ, सफल जीवन की कामना करती हूं।

– अन्नपूर्णा देवी

दृष्टिकोण

धर्म-प्रवाह

श्रीराम शर्मा आचार्य

दूषित दृष्टिकोण वाला व्यक्ति साधारण-सी कठिनाई का अनुचित मूल्यांकन कर अपनी परेशानियों की वृद्धि कर लेता है। तनिक-सा अभाव, छोटा-सा रोग अथवा साधारण-सी प्रतिकूलता उसे पहाड़ जैसी भारी और भयानक दिखाई देती है। जिससे वह अनावश्यक रूप से रोता-झींकता रहता है। परिस्थितियों का प्रभाव मनोभूमि के अनुसार ही पड़ता है। आग का प्रभाव जितना सूखी लकड़ी पर पड़ता है, उतना गीली पर नहीं। बीमारी जितना शीघ्र दुर्बल को दबा लेती है, उतना शीघ्र सबल को नहीं। बलुई जमीन जितना शीघ्र पानी सोख लेती है, उतना शीघ्र दूसरी पक्की जमीन नहीं। रंग जितना गाड़ा और शीघ्र ही महीन और श्वेत कपड़े पर चढ़ता है, उतना मोटे, मैले पर नहीं। इसी प्रकार जो निर्बल दृष्टिकोण अथवा दूषित मनोभूमि के लोग हैं, जो जितना अधिक प्रतिकूलताओं के अनुकूल अपने को बनाए रहता है, वह उतना ही शीघ्र और गहराई तक उनसे प्रभावित होकर दुखी होता है।

संसार में सफलता, सुंदरता और सुख-शांति के लिए आवश्यक है कि अपना दृष्टिकोण परिमार्जित और मनोभूमि को तदनुकूल बनाए रखा जाए, अन्यथा आसक्त व्यक्ति की विकल दशा की तरह संसार की हर वस्तु, व्यक्ति और परिस्थिति से असंतोष और संताप के अतिरिक्त और कुछ न मिल सकेगा और हम संसार की सुख-शांति और सुंदरता से सर्वथा वंचित रह जाएँगे।

कॉटून वर्ल्ड

युद्ध और खाद्यान्न का रिश्ता

लेटर टू एडिटर

मूल्यों में गिरावट

भौतिकतावाद और पश्चिमी सभ्यता का प्रभाव चिंता का विषय बन गया है। धन-सम्पत्ति और बड़ी-बड़ी गाड़ियों के स्वप्न संजोये युवा अपनी संस्कृति और सभ्यता को भूल रहे हैं। रिश्ते मात्र स्वार्थपूर्ति के हो चुके हैं। यह सब मानवीय मूल्यों के पतन का कारण बन गया है। एकाकी परिवार और उस पर भी इकलौती संतान अधिक लाड-प्यार के कारण कुमार्ग की ओर जा रही है। यह समाज के टूट का कारण है। **–अशोक वर्मा, रांची**

दुख की बात

राष्ट्रीय राजधानी में महिलाओं पर अपराध की दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है। केंद्र सरकार को इस बात पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि वहां का पुलिस बल सीधे केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन आता है। सार्वजनिक स्थानों पर महिला सुरक्षा के मामले में दिल्ली की कमजोर प्रतिष्ठा को याद करने के लिए 2012 में एक पैरामेडिक छात्रा के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना काफी है।

– रजनी शर्मा, रांची

कहां होंगे लापियर-फिसर जैसे भारत प्रेमी लेखक

साहित्य

आर.के. सिन्हा

गांधी फिल्म को पिछली 30 नवंबर को रिलीज हुए चालीस साल हो गए। गांधी फिल्म बनी थी, अमेरिका में बसे महान यहूदी लेखक लुई फिशर द्वारा लिखी गांधी जी की जीवनी से प्रभावित और प्रेरित होकर। उनकी पुस्तक को गांधी जी के सर्वश्रेष्ठ जीवनी ग्रंथों में एक माना जाता है। वैसे तो गांधी जी की सैकड़ों जीवनियां लिखी जा चुकी हैं। गांधी फिल्म के रिलीज होने के चंदेक दिनों के बाद फ्रीडम एट मिडनाइट, फाइव पास्ट मिडनाइट इन भोपाल, सिटी आफ जॉय, 'ओ' जेरूसलम' और 'इज पेरिस बर्निंग' जैसी किताबों के रचयिता डोमिनिको लापिएर चल बसे। आप पूछ सकते हैं कि गांधी फिल्म, लुई फिशर और लापिएर का क्या संबंध है? आपका सवाल वाजिब है। लुई फिशर तथा लापिएर जैसे विदेशी लेखकों का भारत प्रेम उन्हें खास बनाता है। वे भारत से हजारों मील दूर रहने पर भी भारत से सम्बंधित श्रेष्ठ रचनायें लिखते रहे।

फ्रीडम एट मिडनाइट 1975 में प्रकाशित हुई थी। उसे बाजार में आते ही दर्शकों ने हाथों-हाथ लिया था। उसे लापिएर ने लैरी कौलिंस के साथ मिलकर लिखा था। दोनों लेखकों ने फ्रीडम एट मिडनाइट के जरिए भारत के पाठकों को अनेक रोचक तथ्यों से पहली बार रूबरू करवाया था। उदाहरण के रूप में मोहम्मद अली जिन्ना ने पाकिस्तान जाने से पहले अपना दिल्ली का बंगला उद्योगपति रामकृष्ण डालमिया को ढाई लाख रुपये में बेचा था। डालमिया ने पूरे बंगले को खरीदने के बाद उसे गंगाजल से धुलवाया भी था। यह जानकारी पहली बार दुनिया ने फ्रीडम एट मिडनाइट को पढ़कर जानी थी। पंडित जवाहरलाल नेहरू साधु-संतों से मिलने में भी परहेज नहीं करते थे। भारत 15 अगस्त, 1947 को आजाद हुआ तब वे 17 यार्क रोड (अब मोतीलाल नेहरू रोड) में रहते थे। पंडित नेहरू 15 अगस्त की तैयारियों में जुटे हुए हैं। फ्रीडम एट मिड नाइट में लैरी कोलिंस तथा डोमिनिको लॉपियर लिखते हैं- ह्न देश के स्वंतत्र होने की खुशी को दिल्ली के चप्पे-चप्पे में महसूस किया जा सकता था। सड़कों पर साधु और संन्यासी भी प्रकट हो गए थे। नई दिल्ली में जगह-जगह पर शहनाई वादक शहनाई बजाने लगे थे। 14 अगस्त, 1947 को नेहरू जी के घर में कुछ साधु पहुंच गए। वे नेहरू जी से मिले। उन्होंने उन पर पवित्र गंगा जल छिड़का, माथे पर भभूत लगाई और हाथ में मौली बांधी। धार्मिक आडंबरों से दूर रहने वाले वाले नेहरू जी ने यह सब कुछ बड़े प्रेम से करवाया। नेहरू जी इसी यार्क रोड के अपने बंगले से 14-15 अगस्त, 1947 की रात काउंसिल हाउस (अब संसद भवन) में हुए गरिमामय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए गए थे। उन्हें यह बंगला तब मिला था जब वे 1946 में अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री बने थे। वे तीन मूर्ति में तो सितंबर, 1947 में शिफ्ट हुए थे। इस तरह के तमाम तथ्यों को लिखकर लापिएर अपने पाठकों को अपना प्रशंसक बना लेते थे। यह तथ्य भी दुनिया ने इनकी किताब से ही जाना कि अगर भारत के अंतिम वायसराय लार्ड माउंटबैटन को पता चल गया होता कि कैंसर ग्रस्त जिन्ना ह्यसिर्फ कुछ महीनों के ही मेहमान हैं, तो वे बंटवारे की बजाय जिन्ना की मौत का इंतजार करते। हालांकि, यह बातें सिर्फ जिन्ना के हिंदू डॉक्टर को पता थी, जिसने अपने मरीज के साथ विश्वासघात नहीं किया। लापिएर ने भोपाल गैस त्रासदी की कहानी को बेहद मार्मिक अंदाज में फाइव पास्ट मिडनाइट इन भोपाल से पेश किया था। वास्तव में विश्व की भीषणतम औद्योगिक दुर्घटना या विभीषिका पर यह कालजयी किताब है। इसे उन्होंने अपने साथी जोवियर मोरो के साथ मिलकर लिखा था। उन्होंने भोपाल विभीषिका पर लिखी गई पुस्तक की सारी रायल्टी' गैस पीड़ितों को दे दी।

साइबर धोखाधड़ी से बचें, तुरंत करें शिकायत और हों सुरक्षित

अपराध

अनिमेष शर्मा

साइबर क्राइम के खिलाफ लड़ाई में एक महत्त्वपूर्ण कदम है तत्काल शिकायत करना। संभावित होने वाली किसी भी साइबर अपराध की जानकारी के बाद, व्यक्ति को तुरंत स्थानीय पुलिस या साइबर क्राइम निवारण इकाई में शिकायत दर्ज करनी चाहिए।

साइबर क्राइम का बढ़ता चेहरा हमारे डिजिटल युग में एक बड़ी चिंता का सबब बन गया है। इंटरनेट और तकनीकी उन्नति के साथ, इसके साथ साइबर जोखिम भी बढ़ गए हैं। व्यक्तिगत जानकारी की चोरी, ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, रैंसमवेयर, वेबसाइटों के हैकिंग आदि साइबर क्राइम के प्रमुख उदाहरण हैं। ये अपराध लोगों को नुकसान पहुंचा सकते हैं, न केवल व्यक्तिगत स्तर पर बल्कि व्यापारिक और सार्वजनिक स्तर पर भी।

साइबर क्राइम के खिलाफ लड़ाई में एक महत्त्वपूर्ण कदम है तत्काल शिकायत करना। संभावित होने वाली किसी भी साइबर अपराध की जानकारी के बाद, व्यक्ति को तुरंत स्थानीय पुलिस या साइबर क्राइम निवारण इकाई में शिकायत दर्ज करनी चाहिए। बहुत सारे लोग इस बात को नजरअंदाज करते हैं क्योंकि वे सोचते हैं कि शिकायत करने से उन्हें और ज्यादा मुसीबत में डाला जाएगा, लेकिन यह गलत धारणा है।

शिकायत करना ही सबसे बेहतरीन रास्ता है ताकि आप सुरक्षित रह सकें और अपराधियों को पकड़ा जा सके। साइबर क्राइम से निपटने के लिए पुलिस और साइबर निवारण दलें तत्पर हैं और शिकायत करने वाले व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए उन्हें उनकी पूरी मदद करने के लिए तैयार हैं। यदि आप किसी साइबर अपराध के शिकार हैं, तो आपको रिपोर्ट साइबर के माध्यम से मामले की तुरंत रिपोर्ट करनी चाहिए, ताकि इसे जांच के लिए सही कानून प्रवर्तन एजेंसी को भेजा जा सके।

> व्यक्तिगत जानकारी की चोरी, ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, रैंसमवेयर, वेबसाइटों के हैकिंग आदि साइबर क्राइम के प्रमुख उदाहरण हैं। ये अपराध लोगों को नुकसान पहुंचा सकते हैं, न केवल व्यक्तिगत स्तर पर बल्कि व्यापारिक और सार्वजनिक स्तर पर भी।

शिकायत करते समय, आपको सभी जानकारी को सही और सटीक तरीके से प्रस्तुत करना चाहिए। अपनी संदिग्धियों को साफ तरीके से व्यक्त करें और संभावित आक्रमण के सबूतों को संग्रहित करें। यह जानकारी पुलिस को सहायता प्रदान करेगी और वे आपकी मदद कर सकते हैं।

साइबर क्राइम से बचाव के लिए सावधानी बरतना भी महत्त्वपूर्ण है। इंटरनेट पर व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए सबसे अच्छा तरीका है जिम्मेदारीपूर्वक इस्तेमाल करना। सतर्क रहें, अपने पासवर्ड को मजबूत रखें, अनचाहे ईमेलों और वेबसाइटों से दूर रहें, और साइबर सुरक्षा के नियमों का पालन करें।

साइबर क्राइम होने पर शिकायत करना सबसे बड़ा कदम होता है जो हमें मुसीबत से बचा सकता है। यदि हम सभी मिलकर सावधान रहें और साइबर सुरक्षा को गंभीरता से लें, तो हम सब मिलकर इस डिजिटल युग में सुरक्षित रह सकते हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

डाक सेवक संघ का हड़ताल जारी

रामगढ़। अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ का अनिश्चितकालीन का विभिन्न मांगों को लेकर जारी हड़ताल गुरूवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। हड़ताल के तीसरे दिन ग्रामीण डाक सेवक संघ द्वारा प्रधान डाकघर रामगढ़ के समक्ष धरना दिया गया। जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष सुदीप गोस्वामी ने और संचालन संजय कुमार महतो ने किया। जबकि धरने का नेतृत्व सचिव शैलेंद्र कुमार सिंह ने किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा की जब तक हमारी मांग नही मानी जाएगी हड़ताल जारी रहेगा। इस दौरान वक्ताओं ने कहा की हमारी काम की अवधि 8 घंटे हो, पेंशन की सुविधा मिले, कमलेश चंद्रा कमेटी की सिफारीस लागू किया जाए, हम सबों को सिविल सर्वेट का दर्जा मिले, समान कार्य के लिए समान वेतन लागू हो , आर्टिकल 3ए को समाप्त किया जाये, सभी शाखा डाकघरों को लैपटॉप, प्रिंटर और ब्रॉडबैंड की सुविधा दी जाए। धरने में संजय कुमार महतो, भीम महतो, उमाशंकर सिंह, स्नेहा सोमल, स्वरूप सीखा, सीमा कुमारी, इम्तियाज आलम, चंदन कुमार, गौरव कुमार, नरेंद्र नायक, जीवन कुमार, विशेश्वर पासवान, नरेश तिवारी उपस्थित थे।

भंडारों बैरीसाल में महिला की संदिग्ध मौत

बरही। भंडारों पंचायत के बैरीसाल निवासी गुड़िया कुमारी पति सोनू ठाकुर का बुधवार को संदिग्ध हालत में मौत हो गई। जिसे लेकर गुरुवार को विवाहिता के पिता मनोज ठाकुर पिता स्व. बंधन ठाकुर ग्राम कोनहराकला थाना बरकट्ठा निवासी ने बरही थाना में लिखित आवेदन देकर विवाहिता के पति एवं ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए जहर खिलाकर हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने आवेदन के माध्यम से आरोप लगाया है कि लगभग ढाई वर्ष पूर्व अपनी बेटी की शादी सोनू ठाकुर से यथाशक्ति दान - दहेज देकर विधिवत कराया था।परन्तु शादी के एक वर्ष बाद से ही दामाद एवं बेटी के ससुराल वाले दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। बुधवार को उन्होंने दहेज के लिए ही उनकी बेटी के साथ मारपीट कर जबरदस्ती जहर खिलाकर हत्या कर देने का आरोप लगाते हुए बताया कि मुझे कॉल कर के बताया गया कि आपकी बेटी आत्महत्या कर ली है। जबकि उन्होंने पूरा यकीन जताया है कि मेरी बेटी को जहर खिलाकर हत्या कर दिया गया है। आवेदन पर बरही पुलिस ने घटना की जांच में जुट गई। खबर लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज नही हुई थी।

झामुमो कार्यकर्ता रांची रवाना

भुरकुंडा (रामगढ़)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संवाद कार्यक्रम में भाग लेने को लेकर झामुमो कार्यकर्ता गुरूवार को रांची के लिए रवाना हुए। इस दौरान पतरातू प्रखंड के सभी पंचायतों के अध्यक्ष, सचिव एवं प्रमुख कार्यकर्ता मुख्यमंत्री आवास रांची के लिए रवाना हुए। इसके पूर्व बड़कागांव के पूर्व प्रत्याशी और झारखंड प्रदेश के परिवहन पदाधिकार सदस्य सह हजारीबाग जिला के मुख्य संयोजक और पार्टी के केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया के नेतृत्व में झामुमो पतरातू प्रखंड के सैंकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता झंडा व बैनर के साथ मतकमा चौक भुरकुंडा में एकत्रित हुए। जहां दिशोम गुरू शिबू सोरेन जिन्दाबाद, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिन्दाबाद, संजीव बेदिया जिन्दाबाद, झामुमो जिन्दाबाद का नारा लगाते हुए बस के माध्यम से कार्यकर्ता रांची के लिए रवाना हुए। रवाना होने वालो में हरिलाल बेदिया, लव कुमार महतो, उदय अग्रवाल, उदय मालाकार सहित झामुमो के दर्जना लोग शामिल थे।

तीरंदाजी में ज्योति का हुआ चयन

भुरकुंडा (रामगढ़)। जुबिली कॉलेज की छात्रा ज्योति बाला का विनोबा भावे विश्वविद्यालय के तीरंदाजी महिला टीम में चयन हुआ है। प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी ने बताया कि चयनित छात्रा ज्योति बाला का ट्रेनिंग कैंप 15 दिसंबर से जेजे कॉलेज झुमरीतिलैया में चलेगा। ट्रेनिंग के बाद तीरंदाजी महिला टीम अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आगामी 21 दिसंबर को पंजाब विश्वविद्यालय पटियाला के लिए रवाना होगी। ज्योति की सफलता पर प्रो. एनके तिवारी सहित कॉलेज के समस्या शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

लिंग हिंसा के विरुद्ध जागरूकता रैली

मांडू। प्राचीन शिव मंदिर से गुरुवार को लिंग हिंसा के विरोध जागरूकता रैली निकाली गई । रैली मांडू डी मुखिया बैजनाथ राम,उप मुखिया सीता देवी के नेतृत्व में निकाली गई। मुखिया बैजनाथ राम कहा कि लिंग संबंधी जांच कर हत्या करना कानूनं अपराध है । कहा की बाल विवाह रोकने के संबंध में यह रैली के माध्यम से गांव मोहल्ला में जागरूकता करने के लिए मांडू डी प्राचीन शिव मंदिर से मणिपाल स्कूल होते हुए एन एच 33 फोर लेन से सैकड़ों की संख्या में मध्य विद्यालय मांडू के छात्राएं और महिलाओं एवं शिक्षिका और स्कूल के अध्यक्ष सचिव ने नारा यह लगाते हुए जा रहे कि हम भारत के नारी हैं फूल नहीं चिंगारी हैं ज्ञान का दीपक जलाएंगे बाल विवाह और लिंग हिंसा हत्या को रोक कर दिखाएंगे । रैली में आरती देवी,संध्या देवी, कर्म से सुषमा देवी,तापीन से सुनीता कुमारी,बसतपुर से सुलेखा देवी, चिंता देवी,नवरत्न कुमार, आशुतोष कुमार साहू आदि शामिल थे।

सदर विधायक की अनोखी पहल, जुड़वे भाइयों के 25 वें शादी सालगिरह पर दिया अद्भुत सौगात

25 गरीब बेटियों का कराया सामूहिक विवाह

डीपीएस मैदान में गूंजी शहनाई, हजारों लोग बनें साक्षी और कई गणमान्य लोग भी हुए शामिल

हजारीबाग। सदर विधायक मनीष जायसवाल ने गुरुवार को एक अनोखी परंपरा की शुरूआत की और अपने दो जुड़वे भाई प्रशांत जायसवाल और निशांत जायसवाल के शादी के 25 वें सालगिरह के अवसर पर क्षेत्र के निर्धन परिवार की 25 बहन- बेटियों की शादी करायी। आयोजन स्थल डीपीएस प्रांगण में मंडपों के बाहर एक घेरा किया गया था जिसके बाहर से यहां आने वाले बाराती- शराती इस सुखद पल का साक्षी बने।

शादी के बाद सभी ने सामूहिक रूप से लजीज व्यंजनों का भी आनंद उठाया। मौके पर भाजपा संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने विधायक मनीष जायसवाल के इस पहल को समाज के प्रेरक बताया।

विधायक बिरंची नारायण सहित अन्य विधायकों ने भी एक साथ 25 बेटियों के परिवार को बसाने और उनके रोजगार की व्यवस्था कराने के लिए विधायक मनीष जायसवाल को बधाई दिया और उनके इस प्रयास को अति सराहनीय बताया ।

विधायक मनीष जायसवाल की ओर से सभी 25 जोड़ों को गृहस्थ बसाने हेतु कई सामग्री भेंट किया गया। जिसमें टोटो/बाइक/एफडी, टीवी, फ्रिज, अलमारी, कम्बल, दो अटैची, ट्राली, टेबल फैन, दीवाल घड़ी, बाल्टी सेट, बर्तन सेट, बर्तन स्टैंड, सब्जी स्टैंड, 5 पीस साड़ी और 5 पीस सूट, आर्टिफिशियल ज्वेलरी सेट, शृ, श्रृंगार बॉक्स, 10 पीस शर्ट और पेंट, दो चादर, केसरोल, फल पैकेट और मिठाई पैकेट सहित अन्य सामग्री शामिल है। शादी समारोह स्थल में भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, भाजपा के प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, बोकारो विधायक बिरंची नारायण, कांके विधायक समरी लाल, मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, कोडरमा विधायक नीरा यादव और देवघर विधायक नारायन दास सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए और नवविवाहिता सभी 25 जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

सामूहिक विवाह में सदर विधायक मनीष जायसवाल व अन्य।

योजनाओं को समय पर पूरा करें : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

नैंसी सहाय ने की तकनीकी विभाग की समीक्षा, दिया कई निर्देश

हजारीबाग। समाहरणालय सभागार में गुरुवार को तकनीकी विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त नैंसी सहाय ने की। बैठक में सभी तकनीकी विभाग के अद्यतन प्रतिवेदन की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिले में चल रही योजनाओं को पूर्ण करने के क्रम में गुणवत्ता का खास ध्यान रखने तथा योजनाओं को ससमय निष्पादित करने का निर्देश दिया। बैठक में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर हजारीबाग में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम में उदघाटन व शिलान्यास के लिए योजनाओं की सूची अपडेट करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने योजनाओं को पूर्ण करने के दौरान आ रही कठिनाईयों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिया। इस मौके पर विद्युत, डीएमएफटी, जिला योजना, रूबन मिशन, पथ निर्माण, भवन निर्माण, विशेष प्रमंडल सहित अन्य कई विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

शिविर में गरीबों को मिला धोती-साड़ी और कंबल

भुरकुंडा (रामगढ़)। जवाहर नगर पंचायत सचिवालय प्रांगण में गुरूवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक अम्बा प्रसाद, पतरातु बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता, सीओ शिव शंकर पांडेय व मुखिया फुलमती देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान मुखिया ने विधायक अंबा प्रसाद व बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता सहित अन्य अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता व सीओ शिव शंकर पांडेय द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही ग्रामीणों से अपील की गई कि जो भी योजनाओं की अहर्ता रखते हैं वे लोग अपना-अपना आवेदन दे कर शिविर का लाभ उठाएं। कार्यक्रम में कार्यक्रम मनरेगा जॉब कार्ड व अबुवा आवास के लिए दर्जनों ग्रामीणों ने आवेदन दिया। शिविर में दर्जनों गरीब-जरूरतमंदों के बीच धोती-साड़ी व कंबल का वितरण किया गया। वहीं कई लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से लोन का भी वितरण किया गया। किशोर समृद्धि योजना के तहत छात्राओं को विधायक द्वारा साढ़े चार-चार हजार का चेक दिया गया। शिविर में दर्जनों आवेदन सौंपे गये जिसमें कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। वहीं कई समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभाग को विधायक ने निर्देशित किया। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि शिविर का उद्देश्य ही जन समस्याओं का समाधान करना व समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा कई विकासकारी योजनाएं धरातल पर उतारी गई है। जिसका शत प्रतिशत लाभ आप सबों तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। मौके पर कृष्णा सिंह, राजकिशोर पांडेय, पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी, सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह, सतीश मोहन मिश्रा, शंकर मांझी, चंदन साव, एजाज अंसारी, बबन राम सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

शिक्षक पॉवेल कुमार आज होंगे सम्मानित

रजरप्पा। टाटा स्टील फाउंडेशन सबल अवार्ड के लिए विशेष शिक्षक (स्पेशल एडुकेटर) सह मुरुबंदा गांव निवासी पॉवेल कुमार का चयन किया गया है। दिव्यांग बच्चों के शिक्षण प्रशिक्षण एवं उनके पुनर्वास कार्य हेतु 15 दिसंबर को जमशेदपुर में सम्मानित किया जायेगा। पॉवेल को कई लोगों ने बधाई दी है।

मयंक को कायस्थ परिवार ने किया सम्मानित

भुरकुंडा (रामगढ़)। भदानीनगर आईएजी फैक्ट्री के दोतल्ला कॉलोनी निवासी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव और अन्नी श्रीवास्तव के पुत्र मयंक कुमार ने एसएससी सीजीएल की परीक्षा में सफलता अर्जित कर सेंट्रल गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स इंस्पेक्टर बना है।

छात्र की सफलता पर गुरूवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा भुरकुंडा कमेटी ने कुमार मयंक के आवास पहुंचकर सम्मानित किया। इस दौरान युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष प्रशांत कुमार, चित्रगुप्त मंदिर कमेटी के अध्यक्ष विकास कांत सिन्हा, अशोक सिन्हा, पंकज सिन्हा, संजीव अम्बष्ठा, सुमित सिन्हा, उत्तम कुमार आदि ने मयंक बुके देकर स्वागत करते हुए अंग वस्त्र सम्मानित किया। साथ ही मिठाई खिलाकर मयंक के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान ही अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा ने भी दूरभाष पर मयंक को इस सफलता के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। मौके पर कायस्थ परिवार के लोगों ने लोगों ने कहा की मयंक ने सेंट्रल गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स इंस्पेक्टर बनकर अपने क्षेत्र, माता पिता और चित्रांश समाज को भी गौरवान्वित किया है।

मयंक को सम्मानित करते कायस्थ परिवार ।

योजनाओं का लाभ उठायें ग्रामीण : जयंत सिन्हा

खबर मन्त्र संवाददाता

चोरधरा पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित

भुरकुंडा (रामगढ़)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गुरूवार को चोरधरा पंचायत भवन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता, कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ. इंद्रजीत, मुखिया राम नारायण कुमार, हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद भौमिक, बैंक ऑफ इंडिया के एलडीएम संजीव कुमार व जेई अनिल महतो आदि अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर कार्यक्रम के संयोजक योगेश दांगी ने लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा विभिन्न योजनाओ व प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में लोगों को जागरूक करने का काम किया गया। साथ ही स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से डॉक्टर द्वारा दर्जनों लोगों का स्वास्थ्य जांच कर उचित परामर्श दिया गया। साथ ही मुर्गी-बकरी पालन, राशन दुकान आदि के जरिये ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य कई लोगों के बीच लोन का भी वितरण किया गया। सांसद ने कहा कि योजनाओं का लाभ उठायें ग्रामीण। जब तक सही से योजनाओं का क्रियान्वन नहीं होगा हम विकसित नहीं हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगो में जागरूकता लाना है। वंचित, शोषित, गरीब, दलित वर्ग जो छूट गए हैं, उनतक बिना भेदभाव, जाति-धर्म से अलग उठकर प्रधानमंत्री के योजनाओ का लाभ पहुंचाना है। सांसद श्री सिन्हा ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया व दिलाया कि 2047 तक भारत को पूर्ण रूप से विकसित बनाने की दिशा में हमसभी अपना बहुमूल्य योगदान देंगे। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह, सुखदेव प्रसाद, भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, भदानीनगर मंडल उपाध्यक्ष अनूप ठाकुर, कुमेल उरांव, सरजू महतो, एसबीआई लपंगा के पीके रवि, महेंद्र सिंह, जयप्रकाश पांडेय, विनोद सिंह, पूर्व मुखिया अखिलेश टोप्पो, अशोक सोनी, रणवीर सिंह, आनंद मंडल, प्रेम दुबे, बाबूलाल नायक, लक्ष्मी देवी, जनार्दन सिंह, राजू मल्होत्रा, विजय कुमार, शिव कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

सांसद जयंत सिन्हा का स्वागत करते ग्रामीण

तीस किलो गांजा जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार

इचाक। एनएच 33 पर पुलिस ने 30 किलो गांजा समेत एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक राजीव कुमार ने गुरुवार को बताया कि पुलिस अधीक्षक के द्वारा सूचित किया गया कि ईचाक थाना अन्तर्गत ग्राम सिझुआ मौर्या होटल के निकट खड़ी एक ट्रक जिसका रेजिस्ट्रेशन नम्बर ओडी15 एन 9953 में नशीली पदार्थ होने की सूचना है, जिसके निदेर्शानुसार पुलिस उपाधीक्षक (मु) राजीव कुमार, एवं ईचाक थाना प्रभारी धनंजय सिंह, पुअनि मनोज राणा एवं सशस्त्र बल के साथ प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रस्थान किया गया। रात में मौर्या होटल (भारत बेंज) के समीप अशोक लेलैंड कंपनी का ट्रक खडा था। जिससे पुछताछ एवं जांच पड़ताल के क्रम में पच्चीस पैकेट गांजा जिसका प्रत्येक पैकेट में 1.20 किलोग्राम कुल वजन 30 किलोग्राम गांजा ट्रक के केबिन में रखा पाया गया। जिसे विधिवत जब्त कर थाना लाया गया एवं उक्त ट्रक के चालक बंटी कुमार, पित बिरजू यादव ग्राम गांवखाप थाना शेरघाटी जिला गया, बिहार को गिरफ्तार किया गया। छापामारी दल में पुलिस उपाधीक्षक (मु०) राजीव कुमार, थाना प्रभारी धनंजय सिंह समेत कई जवान शामिल थे।

विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन ने की बैठक

बरही। विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने प्रखंड परिसर स्थित एपीजे अब्दुल कलाम पार्क में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव व संचालन कुणाल कतरियार ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती और विस्तार पर चर्चा किया गया। समाजसेवी रघुनंदन गोप ने कार्यकर्ताओं के साथ संगठन का विस्तार और मजबूती प्रदान करने के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन चिंतन और मंथन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि प्रखंड के सभी पंचायत में एक-एक प्रभारी की नियुक्ति हो। विश्वस्त सूत्रों की माने तो प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में फाउंडेशन का प्रभारी मनोनीत किया जा चुका है। परंतु आधिकारिक रूप से घोषणा होना अभी बाकी है।मौके पर फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव, रघुनंदन गोप, कुणाल कतरियार, वासुदेव यादव, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, शरीफुल हक, निमो यादव, कालेश्वर प्रसाद, मनोहर यादव, द्वारका रविदास, मोहन प्रजापति, प्रमोद सिंह, हरिप्रसाद गुप्ता, तपेश्वर भारती, प्यार भारतीय, नसीम अख्तर, धीरेंद्र कुमार केसरी, मिथिलेश कुमार उपाध्याय, राजेश सोनी, आकाश कुमार के साथ अन्य उपस्थित थे।

बरकट्ठा : सरकार आपके द्वार में उमड़ी भीड़

बरकट्ठा। उत्तरी पंचायत सचिवालय परिसर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर शिविर लगाया गया। शिविर का उदघाटन बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, सीओ श्रीकांत लाल मांझी, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद मंडल, मुखिया प्रमिला देवी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। शिविर में अबुवा आवास, बिरसा कूप संवर्धन, मनरेगा, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि, सर्वजन पेंशन, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री पशुधन, केसीसी, सोना सोबरन योजना, जाति, आय, आवासीय, मृत्यु प्रमाणपत्र समेत कई तरह के परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। 20 सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। तीन सौ लाभुकों के बीच धोती, साड़ी, लुंगी और 18 असहायों के बीच कंबल और दो दिव्यांग के बीच बैशाखी और ट्राई साइकिल का वितरण किया गया।

कटकमसांडी में अबुआ आवास की बुकिंग जोरों पर

कटकमसाडी। प्रखंड क्षेत्र में अबुआ आवास योजना में प्रतिनिधियों या पदाधिकारियों द्वारा योजना देने के पूर्व से हीं दस से पच्चीस हजार रुपये लेकर आवास बुकिंग का मामला कई पंचायत में चल रहा है । अबुआ आवास हो या कोई अन्य योजना यदि कोई पदाधिकारी हो या जनप्रतिनिधि उनके द्वारा रुपये की मांग किया जाता है तो किसी भी हाल में रुपया नहीं देना है सभी सरकारी योजना है ।सरकार द्वारा विकास योजना है जो गांव से लेकर गरीब ग्रामीणों के लिए यह योजना चलाया गया है। यदि कोई रुपये की मांग करता है तो हमें सूचित करें। मैं किसी भी हाल में रिश्वत खोरी बर्दास्त नहीं करूँगा इसके लिए हमें यदि उग्र आंदोलन करना होगा तो हम ग्रामीणों के सहयोग से रिश्वत खोरों के खिलाफ जम कर विरोध करेंगे। यही कारण है कि सरकार का योजना सही और गरीब तक नहीं पहुंच पाता है चुकी गरीब के पास रिश्वत देने के लिए पैसे नहीं होता है। जिसका नतीजा है कि सरकार द्वारा जारी योजना का लाभ गरीबों के हक छीन लिया जाता है। कटकमसाडी क्षेत्र के तमाम लोगों से आग्रह है की रिश्वत खोरी के खिलाफ एक होकर जम कर विरोध करें साथ हीं ऐसे मामले में मुझे अवगत करावे मैं वैसे लोगों के खिलाफ आंदोलन करने के लिए ततपर हूँ।यह बातें जेएमएम के नेता राजा खान ने कहा है। कहा है कि सरकार गरीबों के उत्थान के लिए अबुआ आवास नि:शुल्क देने की घोषणा किया है । कहीं किसी को आवास के नाम पर रिश्वत खोरी के लिए नहीं।

विष्णुगढ : सड़क दुर्घटना में दो घायल

विष्णुगढ़। बलजीत पेट्रोल पंप के समीप चार पहिया व दो पहिया वाहन के बीच टक्कर में दो युवक घायल हो गए। पल्सर बाइक पर तीन युवक सवार होकर हरिहर धाम से लड़की दिखाई रस्म से घर विष्णुगढ़ लौट रहे थे। इसी बीच विपरित दिशा से आ रही पिकअप वैन से बाइक की टक्कर हो गई। बाइक पर सवार युवकों में दो की गंभीर चोटें आई है। दोनों घायल युवक विष्णुगढ़ प्रखंड के रामुआ स्थित दुर्गा मंदिर के समीप के है। एक का नाम रोहित और दूसरा का जितेंद्र बताया गया।

झारखंड जहां कोयले के भंडार भरे पड़े हैं, वो झारखंड जब सौर ऊर्जा के लिये जाता है, तब दुनिया के लिये एक नई मिसाल पैदा करता है, एक नया संदेश देता है। उस अर्थ में न सिर्फ हिन्दुस्तान पूरी दुनिया इस बात को समझे कि मैं उस प्रदेश के खूंटी नाम की छोटी सी जगह से बोल रहा हूं, जिस प्रदेश की अधिक आबादी मेरे आदिवासी भाई-बहनों की है। जिन्होंने जंगलों की सदियों से रक्षा की है। जहां कोयले के भंडार पड़े हैं उस प्रदेश की जनता विश्व के मानव कल्याण के लिये, आज सौर ऊर्जा पर जाने का संकल्प कर रहा है, इस लिये मैं विशेष रूप से आया हूं, झारखंड को बधाई देने आया हूं। हमारे यहां शास्त्रों में इन विषयों पर हजारों साल पहले बहुत सी बातें कही गई हैं। ऋग्वेद में पांच हजार साल पहले महत्वपूर्ण संदेश कहा गया है। ऋग्वेद में कहा है 'सूर्य आत्मा जगतास तथुषः' कहने का तात्पर्य यह है कि भगवान सूर्य चल और अचल की आत्मा है। चल हो या अचल हो अगर उसकी कोई एक आत्मा है तो वो भगवान सूर्य है। उस सूर्य शक्ति की ओर आज विश्व का ध्यान गया है। भारत ने सपना देखा है 175 गीगा वॉट भारत में पहले जब बिजली की चर्चा होती थी तो मेगावॉट से आगे नहीं होती थी। हिसाब-किताब मेगावाट का ही होता था। पहली बार देश गीगावाट की चर्चा करने लगा है, पहली बार और जब मैं दुनिया के सामने कहता हूं कि 2022 जब हिदुस्तान की आजादी के 75 साल होंगे, हम 175 गीगावाट रिन्यूवल एनर्जी के अंदर हम सफलता प्राप्त करेंगे। आने वाले पांच-दस साल में हम पूरे विश्व का नेतृत्व सौर शक्ति के विकास के साथ करेंगे। यह हमारे लिए स्वर्णिम काल होगा। इस अनंत शक्ति का पूरा विश्व उपयोग करेगा जबकि हमारे पास इसकी अधिकता भी होगी और तकनीक भी।

-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

सोलर एनर्जी ऊर्जा का अनंत श्रोत

›› सूर्य से ही संसार का संचालन देश में भी उर्जा की असीम संभावना

सौर ऊर्जा वह उर्जा है जो सीधे सूर्य से प्राप्त की जाती है। सौर ऊर्जा ही मौसम एवं जलवायु का परिवर्तन करती है। यहीं धरती पर सभी प्रकार के जीवन (पेड़-पौधे और जीव-जन्तु) का सहारा है।

भले ही सूर्य पृथ्वी से 15 करोड़ किलोमीटर दूर हो, लेकिन है बहुत शक्तिशाली उसकी ऊर्जा के बेहद न्यून हिस्से से हमारी तमाम ऊर्जा जरूरतों पूरी हो सकती है। देश के ग्रामीण इलाकों में बिजली आपूति मुहैया कराने की दिशा में यह तकनीक बेहद कारगर साबित हो सकती है , खबरों के मुताबिक, केंद्र सरकार ने हरित ऊर्जा स्त्रोतों को विकसित करने के मकसद से पांच बिलियन डॉलर के कोष की स्थापना का निर्णय लिया है, इस कार्ययोजना के तहत ऊर्जा सुरक्षा का ब्लूप्रिट तैयार किया गया है इसके लिए पूर्व में निर्धारित मकसद को बढ़ाते हुए वर्ष 2022 तक एक लाख मेगावाट सोलर ऊर्जा की क्षमता को कायम करने का लक्ष्य रखा गया है, इसके लिए सम्बन्धित अन्य संगठनों, निगमों, संस्थाओं आदि से सहयोग लिया जायेगा।

सौर ऊर्जा से बिजली बनाने में हम भले ही चीन से 10 साल पीछे हों, लेकिन हमारे देश में मौजूदा संसाधनों से हम उस मुकाम तक पहुँच सकते हैं बिजली बनाने के जितने भी स्त्रोत हैं, उनमें सौर ऊर्जा संयंत्र को सबसे कम समय में स्थापित करते हुए उत्पादन शुरू किया जा सकता है न्यूक्लियर या थर्मल पावर प्लांट लगाने में करीब 10 वर्षों का समय लग जाती है, जबकि सोलर पावर प्रोजेक्ट्स महज एक से दो साल के भीतर तैयार हो जाता है, सनएडीशन (अमेरिका स्थित ग्लोबल सोलर ऊर्जा एनर्जी सिंवस फर्म, जो सोलर फोटोवोल्टिक प्रोजेक्ट्स में सक्रिय है) के एशिया पेसिफिक के प्रसीडेंट और भारत में कपंनी के संचालन के मुखिया पशुपति गोपालन के हवाले से 'द हिन्दू' के एक रिपोर्ट में बताया गया है कि फिलहाल सोलर उद्योग का आरंभिक काल है और भारत में इसके लिए स्वर्णिम अवसर मौजूदा है भारत के लिए इस क्षेत्र में बेहतरीन मौका इसलिए भी है, क्योंकि दुनियाभर में पैदा की जानेवाली सोलर एनर्जी का 90 फीसदी से ज्यादा हिस्सा क्रिस्टलाइन सिलिकॉन मदद से पैदा की जाती है और हजारों कम्पनियां हिस्सा क्रिस्टलाइन सिलिकॉन का उत्पादन करती हैं, इतना ही नहीं, इसमें इस्तेमाल की जानेवाली ज्यादातर चीजों का उत्पादन देश में घरेलू स्तर पर ही होता है। पॉलिसिकॉन कच्चे तेल के शोधन के दौरान पैदा होनेवाला एक उत्पाद है, जिसका देश में ही बड़े पैमाने पर उत्पादन किया जाता है, पशुपति गोपालन के हवाले से इस रिपोर्ट में बताया गया है कि दुनियाभर में करीब ढाई लाख मिट्रिक टन पॉलिसिलिकॉन का उत्पादन होता है उम्मीद है कि वर्ष 2020 तक इसका उत्पादन दोगुना तक हो सकता है।

वैसे तो सौर उर्जा के विविध प्रकार से प्रयोग किया जाता है, किन्तु सूर्य की उर्जा को विद्युत उर्जा में बदलने को ही मुख्य रूप से सौर उर्जा के रूप में जाना जाता है। सूर्य की उर्जा को दो प्रकार से विदुत उर्जा में बदला जा सकता है। पहला प्रकाश-विद्युत सेल की सहायता से और दूसरा किसी तरल पदार्थ को सूर्य की उष्मा से गर्म करने के बाद इससे विद्युत जनित्र चलाकर।

सूर्य एक दिव्य शक्ति स्रोतशान्त व पर्यावरण सुहृद प्रकृति के कारण नवीकरणीय सौर ऊर्जा को लोगों ने अपनी संस्कृति व जीवन यापन के तरीके के समरूप पाया है। विज्ञान व संस्कृति के एकीकरण तथा संस्कृति व प्रौद्योगिकी के उपस्करों के प्रयोग द्वारा सौर ऊर्जा भविष्य के लिए अक्षय ऊर्जा का स्त्रोत साबित होने वाली है।

सूर्य से सीधे प्राप्त होने वाली ऊर्जा में कई खास विशेषताएं हैं। जो इस स्त्रोत को आकर्षक बनाती हैं। इनमें इसका अत्यधिक विस्तारित होना, अप्रदूषणकारी होना व अक्षुण होना प्रमुख हैं। सम्पूर्ण भारतीय भूभाग पर 5000 लाख करोड़ किलोवाट घंटा प्रति वर्ग मी० के बराबर सौर ऊर्जा आती है जो कि विश्व की संपूर्ण विद्युत खपत से कई गुने अधिक है। साफ धूप वाले (बिना धुंध व बादल के) दिनों में प्रतिदिन का औसत सौर-ऊर्जा का सम्पात 4 से 7 किलोवाट घंटा प्रति वर्ग मीटर तक होता है। देश में वर्ष में लगभग 250 से 300 दिन ऐसे होते हैं जब सूर्य की रोशनी पूरे दिन भर उपलब्ध रहती है।

सौर उर्जा से नवीन ने 10 हजार किमी की दूरी तय की

भारतीय मूल के एक इंजीनियर ने सौर ऊर्जा से चलित अपने टुक-टुक से करीब 10 हजार किलोमीटर (6200 मील) का सफर पूरा किया। सात महीने का सफर पूरा करके वह को ब्रिटेन पहुंचा। भारत में जन्मे नवीन ने ऑस्ट्रेलिया की नागरिकता ले ली है, वहां वह ऑटोमोटिव इंजीनियर हैं।

नवीन रबेली

■ नवीन रबेली इस साल फरवरी में भारत निकले थे और वह इंग्लैंड के डॉवर नामक कस्बे में तय समय से पांच दिन पहले ही पहुंच गए।
■ वह कहते हैं कि फ्यूल से चलने वाली टुक-टुक को सौर ऊर्जा से चलने वाली टुक-टुक में परिर्वितत करने का ख्याल उन्हें तब आया जब वह अपने एक दोस्त
■ के साथ एक ट्रैफिक जाम में फंस गए थे और उनके चारों तरफ बड़ी संख्या मे तेज आवाज करने वाले और प्रदूषण फैलाने वाले टुक-टुक थे।
■ भारत से अपने सफर की शुरुआत करने बाद वह ईरान, तुर्क, बुल्गारिया, सिर्विया, ऑस्ट्रिया, स्विटजरलैंड, जर्मनी और फ्रांस होते हुए इंग्लैंड पहुंचे। उन्होंने दुनिया को संकेत दिया कि आने वाला समय सौर शक्ति का ही है।

सौर ऊर्जा

भारत में सौर ऊर्जा हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन भारत सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा किया जाता है। भारत की घनी आबादी और उच्च सौर आतपन सौर ऊर्जा को भारत के लिए एक आदर्श ऊर्जा स्त्रोत बनाता है। किंतु सौर ऊर्जा निरंतर खर्चीली है और इस पर भारी निवेश की जरूरत पड़ती है। सौर ऊर्जा का स्वरूप अस्थिर है जिससे इसे ग्रिड में समायोजित करना मुश्किल होता है। लोगों की जागरुकता का अभाव, उच्च उत्पादन लागत तथा वर्तमान ऊर्जा को छोड़ने की सीमाएं एवं पारेषण (ट्रांसमशिन) नेटवर्क को देशभर में सौर ऊर्जा क्षमता के भरपूर दोहन की दिशा में मुख्य बाधा के रूप में माना गया है।

हैंडबुक ऑन सोलर रेडिएशन ओवर इंडिया के अनुसार, भारत के अधिकांश भाग में एक वर्ष में 250-300 धूप निकलने वाले दिनों सहित प्रतिदिन प्रति वर्गमीटर 4-7 किलोवाट घंटे का सौर विकिरण प्राप्त होता है। राजस्थान और गुजरात में प्राप्त सौर विकिरण उड़ीसा में प्राप्त विकिरण की अपेक्षा ज्यादा है। देश में 30-50 मेगावाट/ प्रतिवर्ग किलोमीटर छायारहित खुला क्षेत्र होने के बावजूद उपलब्ध क्षमता की तुलना में देश में सौर ऊर्जा का दोहन काफी कम है (जो 31-5-2014 की स्थिति के अनुसार 2647 मेगावाट है)।

सौर ऊर्जा का प्रयोग

सौर पैनेल द्वारा चालित कम्प्यूटर सौर ऊर्जा, जो रोशनी व उष्मा दोनों रूपों में प्राप्त होती है, का उपयोग कई प्रकार से हो सकता है। सौर उष्मा का उपयोग अनाज को सुखाने, जल उष्मन, खाना पकाने, प्रशीतलन, जल परिष्करण तथा विद्युत ऊर्जा उत्पादन हेतु किया जा सकता है। फोटो वोल्टायिक प्रणाली द्वारा सौर प्रकाश को बिजली में रूपान्तरित करके रोशनी प्राप्त की जा सकती है, प्रशीतलन का कार्य किया जा सकता है, दूरभाष, टेलीविजन, रेडियो आदि चलाए जा सकते हैं, तथा पंखे व जल-पम्प आदि भी चलाए जा सकते हैं।

जल का उष्मन

सौर ऊर्जा से गरम जल की प्राप्ति होती है। सौर-उष्मा पर आधारित प्रौद्योगिकी का उपयोग घरेलू, व्यापारिक व औद्योगिक इस्तेमाल के लिए जल को गरम करने में किया जा सकता है। देश में पिछले दो दशकों से सौर जल-उष्मक बनाए जा रहे हैं। लगभग 4,50,000 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल के सौर जल उष्मा संग्राहक संस्थापित किए जा चुके हैं जो प्रतिदिन 220 लाख लीटर जल को 60-70 से० तक गरम करते हैं। भारत सरकार का अपारम्परिक ऊर्जा स्त्रोत मंत्रालय इस ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहन देने हेतु प्रौद्योगिकी विकास, प्रमाणन, आर्थिक एवं वित्तीय प्रोत्साहन, जन-प्रचार आदि कार्यक्रम चला रहा है। इसके फलस्वरूप प्रौद्योगिकी अब लगभग परिपक्वता प्राप्त कर चुकी है तथा इसकी दक्षता और आर्थिक लागत में भी काफी सुधार हुआ है। वृहद् पैमाने पर क्षेत्र-परिक्षणों द्वारा यह साबित हो चुका है कि आवासीय भवनों, रेस्तराओं, होटलों, अस्पतालों व विभिन्न उद्योगों (खाद्य परिष्करण, औषधि, वस्त्र, डिब्बा बन्दी, आदि) के लिए यह एक उचित प्रौद्योगिकी है। जब हम सौर उष्मक से जल गर्म करते हैं तो इससे उच्च आवशयकता वाले समय में बिजली की बचत होती है। 100 लीटर क्षमता के 1000 घरेलू सौर जल-उष्मकों से एक मेगावाट बिजली की बचत होती है। साथ ही 100 लीटर की क्षमता के एक सौर उष्मक से कार्बन डाई आक्साइड के उत्सर्जन में प्रतिवर्ष 1.5 टन की कमी होगी। इन संयंत्रों का जीवन-काल लगभग 15-20 वर्ष का है।

सौर-पाचक (सोलर कुकर)'

सौर उष्मा द्वारा खाना पकाने से विभिन्न प्रकार के परम्परागत ईंधनों की बचत होती है। बाक्स पाचक, वाष्प-पाचक व उष्मा भंडारक प्रकार के एवं भोजन पाचक, सामुदायिक पाचक आदि प्रकार के सौर-पाचक विकसित किए जा चुके हैं। ऐसे भी बाक्स पाचक विकसित किए गये हैं जो बरसात या धुंध के दिनों में बिजली से खाना पकाने हेतु प्रयोग किए जा सकते हैं। अबतक लगभग 4,60,0000 सौर-पाचक बिक्री किए जा चुके हैं।

सौर वायु उष्मन

सूरज की गर्मी के प्रयोग द्वारा कटाई के पश्चात कृषि उत्पादों व अन्य पदार्थों को सुखाने के लिए उपकरण विकसित किए गये हैं। इन पद्धतियों के प्रयोग द्वारा खुले में अनाजों व अन्य उत्पादों को सुखाते समय होने वाले नुकसान कम किए जा सकते हैं। चाय पत्तियों, लकड़ी, मसाले आदि को सुखाने में इनका व्यापक प्रयोग किया जा रहा है।

सौर स्थापत्य

किसी भी आवासीय व व्यापारिक भवन के लिए यह आवश्यक है कि उसमें निवास करने वाले व्यक्तियों के लिए वह सुखकर हो। सौर-स्थापत्य वस्तुतः जलवायु के साथ सामन्जस्य रखने वाला स्थापत्य है। भवन के अन्तर्गत बहुत सी अभिनव विशिष्टताओं को समाहित कर जाड़े व गर्मी दोनों ऋतुओं में जलवायु के प्रभाव को कम किया जा सकता है। इसके चलते परम्परागत ऊर्जा (बिजली व ईंधन) की बचत की जा सकती है।

आदित्य सौर कार्यशालाएँ

भारत सरकार के अपारम्परिक ऊर्जा स्त्रोत मंत्रालय के सहयोग से देश के विभिन्न भागों में आदित्य सौर कार्यशालाएँ स्थापित की जा रही हैं नवीकरणीय ऊर्जा उपकरणों की बिक्री, रखरखाव, मरम्मत एवं तत्सम्बन्धी सूचना का प्रचार-प्रसार इनका मुख्य कार्य होगा। सरकार इस हेतु एकमुश्त धन और दो वर्षों तक कुछ आवर्ती राशि उपलब्ध कराती है। यह अपेक्षा रखी गयी है कि ये कार्यशालाएँ ग्राहक-सुहृद रूप से कार्य करेंगी एवं अपने लिए धन स्वयं जुटाएंगी।

सौर फोटो वोल्टायिक कार्यक्रम

सौर फोटो वोल्टायिक तरीके से ऊर्जा, प्राप्त करने के लिए सूर्य की रोशनी को सेमीकन्डक्टर की बनी सोलार सेल पर डाल कर बिजली पैदा की जाती है। इस प्रणाली में सूर्य की रोशनी से सीधे बिजली प्राप्त कर कई प्रकार के कार्य सम्पादित किये जा सकते हैं। भारत उन अग्रणी देशों में से एक है जहाँ फोटो वोल्टायिक प्रणाली प्रौद्योगिकी का समुचित विकास किया गया है एवं इस प्रौद्योगिकी पर आधारित विद्युत उत्पादक इकाईयों द्वारा अनेक प्रकार के कार्य सम्पन्न किये जा रहे हैं। देश में नौ कम्पनियों द्वारा सौर सेलों का निर्माण किया जा रहा है एवं बाइस द्वारा फोटोवोल्टायिक माड्यूलों का। लगभग 50 कम्पनियां फोटो वोल्टायिक प्रणालियों के अभिकल्पन, समन्वयन व आपूर्ति के कार्यक्रमों से सक्रिय रूप से जुड़ी हुयी हैं। सन् 1996-99 के दौरान देश में 9.5 मेगावाट के फोटो वोल्टायिक माड्यूल निर्मित किए गये। अबतक लगभग 600000 व्यक्तिगत फोटोवोल्टायिक प्रणालियां (कुल क्षमता 40 मेगावाट) संस्थापित की जा चुकी हैं। भारत सरकार का अपारम्परिक ऊर्जा स्त्रोत मंत्रालय सौर लालटेन, सौर-गृह, सौर सार्वजनिक प्रकाश प्रणाली, जल-पम्प, एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एकल फोटोवोल्टायिक ऊर्जा संयंत्रों के विकास, संस्थापना आदि को प्रोत्साहित कर रहा है।

फोटो वोल्टायिक प्रणाली माड्यूलर प्रकार की होती है। इनमें किसी प्रकार के जीवाष्म उर्जा की खपत नहीं होती है तथा इनका रख रखाव व परिचालन सुगम है। साथ ही ये पर्यावरण सुहृद हैं। दूरस्थ स्थानों, रेगिस्तानी इलाकों, पहाड़ी क्षेत्रों, द्वीपों, जंगली इलाकों आदि, जहाँ प्रचलित ग्रिड प्रणाली द्वारा बिजली आसानी से नहीं पहुँच सकती है, के लिए यह प्रणाली आदर्श है। अतएव फोटो वोल्टायिक प्रणाली दूरस्थ दुर्गम स्थानों की दशा सुधारने में अत्यन्त उपयोगी है।

सौर लालटेन

सौर लालटेन एक हल्का ढोया जा सकने वाली फोटो वोल्टायिक तंत्र है। इसके अन्तर्गत लालटेन, रख रखाव रहित बैटरी, इलेक्ट्रानिक नियंत्रक प्रणाली, व 7 वाट का छोटा फ्लुओरेसेन्ट लैम्प युक्त माड्यूल तथा एक 10 वाट का फोटो वोल्टायिक माड्यूल आता है। यह घर के अन्दर व घर के बाहर प्रतिदिन 3 से 4 घंटे तक प्रकाश दे सकने में सक्षम है। किरासिन आधारित लालटेन, ढबिरी, पेट्रोमैक्स आदि का यह एक आदर्श विकल्प है। इनकी तरह न तो इससे धुआँ निकलता है, न आग लगने का खतरा है और न स्वास्थ्य का। अबतक लगभग 2,50,000 के उपर सौर लालटेने देश के ग्रामीण इलाकों में कार्यरत हैं।

सौर जल-पम्प

फोटो वोल्टायिक प्रणाली द्वारा पीने व सिचाई के लिए कुओं आदि से जल का पम्प किया जाना भारत के लिए एक अत्यन्त उपयोगी प्रणाली है। सामान्य जल पम्प प्रणाली में 900 वाट का फोटो वाल्टायिक माड्यूल, एक मोटर युक्त पम्प एवं अन्य आवशयक उपकरण होते हैं। अबतक 4,500 से उपर सौर जल पम्प संस्थापित किये जा चुके हैं।

ग्रामीण विद्युतीकरण (एकल बिजली घर)

फोटोवोल्टायिक सेलों पर आधारित इन बिजली घरों से ग्रिड स्तर की बिजली ग्रामवासियों को प्रदान की जा सकती है। इन बिजली घरों में अनेकों सौर सेलों के समूह, स्टोरेज बैटरी एवं अन्य आवशयक नियंत्रक उपकरण होते हैं। बिजली को घरों में वितरित करने के लिए स्थानीय सौर ग्रिड की आवशयकता होती है। इन संयंत्रों से ग्रिड स्तर की बिजली व्यक्तिगत आवासों, सामुदायिक भवनों व व्यापारिक केन्द्रों को प्रदान की जा सकती है। इनकी क्षमता १.२५ किलोवाट तक होती है। अबतक लगभग एक मेगावाट की कुल क्षमता के ऐसे संयंत्र देश के विभिन्न हिस्सों में लगाए जा चुके हैं। इनमें उत्तर प्रदेश, देश का उत्तर पूर्वी क्षेत्र, लक्षद्वीप, बंगाल का सागर द्वीप, व अन्डमान निकोबार द्वीप समूह प्रमुख हैं।

सार्वजनिक सौर प्रकाश प्रणाली

ग्रामीण इलाकों में सार्वजनिक स्थानों एवं गलियों, सड़कों आदि पर प्रकाश करने के लिए ये उत्तम प्रकाश स्त्रोत है। इसमें 74 वाट का एक फोटो वोल्टायिक माड्यूल, एक 75 अम्पीयर-घंटा की कम रख-रखाव वाली बैटरी तथा 11 वाट का एक फ्लुओरेसेन्ट लैम्प होता है। शाम होते ही यह अपने आप जल जाता है और प्रातःकाल बुझ जाता है। देश के विभिन्न भागों में अबतक 40,000 से अधिक इकाईयां लगायी जा चुकी है।

घरेलू सौर प्रणाली घरेलू सौर प्रणाली के अन्तर्गत 2 से 4 बल्ब (या ट्यूब लाइट) जलाए जा सकते हैं, साथ ही इससे छोटा डीसी पंखा और एक छोटा टेलीविजन 2 से 3 घंटे तक चलाए जा सकते हैं। इस प्रणाली में 37 वाट का फोटो वोल्टायिक पैनेल व 40 अंपियर-घंटा की अल्प रख-रखाव वाली बैटरी होती है। ग्रामीण उपयोग के लिए इस प्रकार की बिजली का स्त्रोत ग्रिड स्तर की बिजली के मुकाबले काफी अच्छा है। अबतक पहाड़ी, जंगली व रेगिस्तानी इलाकों के लगभग 1,00,000 घरों में यह प्रणाली लगायी जा चुकी है।

स्पीड न्यूज

मुखिया ने किया चबूतरा निर्माण को लेकर भूमि पूजन

कांडी। प्रखंड के शिवपुर पंचायत अंतर्गत अधौरा देवी मंदिर प्रांगण में सार्वजनिक चबूतरा निर्माण को लेकर पंचायत मुखिया सोनी देवी ने गुरुवार को भूमि पूजन किया। पंडित आदित्य पाठक ने विधिविधान से पूजा अर्चना सम्पन्न कराया। 15वें वित्त मद से 1.75 लाख की लागत राशि से 25 फीट लम्बा व 25 फीट चौड़ा चबूतरा का निर्माण किया जाएगा। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि अरुण राम, वार्ड सदस्य नजमा बीबी, जय किशुन राम, इसराइल अंसारी, बासुदेव राम, शंभु गुप्ता, देवब्रत कुमार गुप्ता, अमरेश सिन्हा, जगरनाथ साव, सुदर्शन राम, इजहार अंसारी, उमेश साव, राज कुमार गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

रंजीत बने आजसू के केंद्रीय सदस्य

टंडवा। आजसू के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने आजसू के समर्पित कार्यकर्ता रंजीत कुमार गुप्ता को केंद्रीय सदस्य बनाया है ।बताया गया कि सुदेश महतो के दिशा निर्देश में पूरे झारखण्ड में 130 लोगों को केंद्रीय सदस्य बनाया है जिसमे रंजीत गुप्ता को भी जगह दी गई है। रंजीत गुप्ता ने बताया पहले पंचायत कमिटी से पार्टी से जुड़े थे, फिर प्रखंड कमिटी उसके बाद जिला उपाध्यक्ष बनाया गया ।अब केंद्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी सुदेश कुमार महतो द्वारा द्वारा मुझे केंद्रीय सदस्य बना कर श्री महतो ने साबित कर दिया कि आजसू पार्टी आम जनमानस की पार्टी है। गुप्ता ने खुशी जाहिर करते हुए इस कार्य लिए सुदेश कुमार महतो डॉक्टर देवशरण भगत अशोक गहलोत पारस सिंह के प्रति आभार प्रकट किया है ।साथ ही कहा कि पार्टी का विस्तार घर घर तक करेंगें ।इधर रंजीत कुमार गुप्ता को केंद्रीय सदस्य बनाए जाने पर केंद्रीय सदस्य नंदा थापा जिला अध्यक्ष शिवलाल दांगी छोटू सिंह भोगता महेश महतो रामदेव पासवान लखन साहू जानकी महतो अशोक महतो जितेंद्र महतो रतन साहू अभिषेक गुप्ता आदि ने बधाई दी है।

मुखिया प्रतिनिधि ने 25 गरीबों के बीच कंबल का किया वितरण

कुन्दा(चतरा)। प्रखंड के सिकीदाग पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अखिलेश प्रसाद यादव के द्वारा गरीब,असहाय,वृद्ध महिला और पुरुष के बीच कंबल का वितरण किया गया ।समाजसेवी सह मुखिया प्रतिनिधि अखिलेश प्रसाद यादव ने कहा कि कपकपाती ठंड को देखते हुवे गरीब, असहाय व वृद्ध लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया है ।कंबल मिलने के बाद लोगों को ठंड से राहत मिलेगी ।वहीं सोहरलाट गाँव के बैगा,बिरहोर समेत अन्य 25 गरीबो के बीच कंबल वितरण किया गया।

आठ विकेट से बीसीए जूनियर ने इलेवन वारियर्स को हराया

गिद्धौर। प्रखंड मुख्यालय के जवाहरलाल फुटबॉल मैदान चल रहे जिला स्तरीय लीग मैच में गुरुवार को लीग मैच के 13वां मैच खेला गया ।13वां मैच बीसीए जूनियर बनाम इलेवन वारियर्स के बीच मैच खेला गय ।टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए इलेवन वारियर्स की टीम ने 19 ओवर में सभी विकेट खो कर 112 रन बनाया ।इलेवन वारियर्स की ओर से शिवाजी 22,सुधांशु 21 व रूपेश ने सर्वाधिक 20 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया ।बीसीए जूनियर की ओर से गेंदबाजी करते हुए सुभांकर वा प्रत्युष ने शानदार तीन-तीन विकेट लिया ।इस प्रकार जवाबी पारी खेलने बीसीए जूनियर की टीम ने 13 .2 ओवर में दो विकेट खो कर 113 रन बना कर विजय लक्ष्य प्राप्त कर लिया ।बीसीए जूनियर की ओर से पंकज कुमार ने सर्वाधिक 56 रन व समीर ने 26 रन का योगदान दिया।

तैराकी में गिद्धौर के प्रिंस ने जीता गोल्ड मेडल

गिद्धौर। डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के तत्वाधान में धनबाद के कोयला नगर में आयोजित राजस्तरीय तैरीकी प्रतियोगिता में गिद्धौर के प्रिंस कुमार ने गोल्ड मेडल जीतकर प्रखंड का नाम रौशन किया है ।बताया जाता है कि प्रिंस कुमार चतरा डीएवी के नवमी कक्षा का छात्र है। बताया गया कि प्रिंस कुमार 100 मीटर तैराकी में प्रथम स्थान लाते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया है ।जबकि 50 मीटर की तैराकी में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। 100 मीटर की तैराकी में गोल्ड मेडल जीतने के साथ ही राष्ट्रीय स्तर आयोजित होने वाला तैराकी प्रतियोगिता में भाग लेने का रास्ता साफ हो गया है ।गोल्ड मेडल जीतने की खबर से प्रखंड में हर्ष व्याप्त है ।प्रिंस की सफलता पर मुखिया निर्मला देवी,उप मुखिया मंजू देवी,भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा,युवा मंडल अध्यक्ष बबलू कुमार साव,कांग्रेस नेता सत्येंद्र कुमार दांगी,बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार पासवान,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष महावीर दांगी,जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा सहित अन्य ने बधाई दिया है ।अपनी जीत का श्रेय पिता शिव कुमार दांगी,माता मालती देवी व अपने गुरुजनों को दिया है ।प्रिंस के माता-पिता किसान वर्ग से आते हैं।

आगामी चुनाव में बूथ एजेंट भी नहीं मिलेंगे विपक्ष को : मिथिलेश

झामुमोमय हुआ बिश्रामपुर, बीडीसी, बामसेफ के प्रखंड अध्यक्ष सहित 200 से अधिक लोग शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

पार्टी में शामिल लोगों के साथ मंत्री मिथिलेश ठाकुर

गढ़वा। रंका प्रखंड का बिश्रामपुर पंचायत झामुमोमय हो गया है। विश्रामपुर सहित विभिन्न पंचायतों के 200 से अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है। बामसेफ के प्रखंड अध्यक्ष शंकर यादव, खरडीहा की बीडीसी नीरू देवी सहित दो सौ से अधिक लोग गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर पहुंचकर पार्टी में शामिल हुए। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला एवं पार्टी का पट्टा पहनकर पार्टी में शामिल किया। साथ ही सभी को मिठाई खिलाकर उनका स्वागत। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज जनता का रुझान जिस तेजी से झामुमो की ओर बढ़ रहा है, इससे साबित होता है कि सभी लोग इस बात को भली-भांति समझ गए हैं कि विपक्ष के लोग जनता की चुनी हुई सरकार को अस्थिर कर जनता के हित में किये जा रहे कार्यों एवं राज्य के विकास को बाधित करना चाहते हैं। जनता पूरी तरह जागरूक हो चुकी है। अपने हक और अधिकार को अच्छी तरह से समझ रही है। आगामी चुनाव में विपक्षियों को अपनी हरकत के कारण उन्हें बूथ एजेंट तक भी नहीं मिलेगा। सबका एक तरफा रुझान झामुमो की ओर है। मंत्री ने कहा कि कहीं भी किसी व्यक्ति की नहीं बल्कि उसके कार्यों की कद्र होती है। क्षेत्र का विकास झूठ, फरेब एवं छलावा से नहीं बल्कि निस्वार्थ भाव से समर्पित होकर कार्य करने से होता है। जो आज लोगों को देखने को मिल रहा है। पार्टी में शामिल होने वालों ने कहा कि वे सभी लोग मंत्री श्री ठाकुर के विकास कार्यों एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बेहतर जनहित के कार्यों से प्रभावित होकर झामुमो में शामिल हो रहे हैं। इन्होंने कहा कि राज्य बने 23 वर्ष हो चुके हैं, परंतु आज तक जितनी भी सरकारें बनी किसी ने भी जनहित का कोई कार्य नहीं किया और न ही क्षेत्र में कोई भी विकास कार्य किया। परंतु हेमंत सोरेन की सरकार बनने के बाद मंत्री श्री ठाकुर के नेतृत्व में जिस गति से चौतरफा विकास हो रहा है ऐसा अब तक न तो किसी ने किया है और नहीं भविष्य में किसी और को करने की संभावना है। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से उक्त सहित खरडिहा से बसंती पन्ना, देवनारायण यादव, शंकर यादव, बचन पांडेय, बिश्रामपुर से प्रवीण तिर्की, प्रदीप तिर्की, प्रकाश तिर्की, विकास तिर्की, सुशील एक्का, नितेश मिंज, ममता केरकेट्टा, आरती मिंज, कुलमनी कुजूर, संजय बाड़ा, इस्माइल कुजूर इमिलिया बाड़ा, फुलमनिया मिंज, फुलवंती मिंज, संगीता मिंज, कुणाल खलखो, मनीष खलखो, राजू लकड़ा, कुदरूम से अमर यादव, राजू यादव, शंकर यादव, ललिता देवी, सोना देवी, ममता देवी आदि का नाम शामिल है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, दिलीप गुप्ता सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

साफ करने के बहाने दस लाख का सोना ले भागे अपराधी, शिकायत

खबर मन्त्र ब्यूरो

सीसीटीवी खंगाल अपराधियों की खोज में जुटी मानगो पुलिस

जमशेदपुर। मानगो के रिपीट कॉलोनी के रहने वाले अखिलेश कुमार सिंह के घर दोपहर के समय दो शातिर अपराधी आए और अखिलेश सिंह की बेटी ब्यूटी सिंह के लगभग दस लाख रुपए के सोने के गहने लेकर चंपत हो गए। अखिलेश सिंह घर में नहीं थे। घर में उनकी पत्नी उनकी नव विवाहित बेटी ब्यूटी सिंह अकेले थी।

मां की तबीयत खराब होने के कारण मां छत के ऊपर धूप सेख रही थी। लगभग 12:00 बजे दो व्यक्ति अखिलेश कुमार सिंह के घर आकर दरवाजा खटखटाया घर में मौजूद ब्यूटी सिंह के दरवाजा खोलने पर अपराधियों ने कहा कि वह पूजा के बर्तन साफ करने का काम करते हैं कोई बर्तन लाकर देने को कहा जिसे वह साफ करके दिखला सके। ब्यूटी सिंह पूजा करने वाला लोटा ला कर दिया जिसे अपराधियों ने अच्छी तरह साफ कर दिया।

इतने में छत में आराम कर रही बेटी की मां नीचे आ गई जो पायल पहनी हुई थी अपराधियों ने कहा कि हम पायल भी साफ करते हैं जिद करने पर ब्यूटी सिंह की मां ने उसे पायल दे दिया अपराधियों ने पायल को अच्छी तरह साफ कर दे दिया अंत में अपराधियों ने कहा कि हम सोने के गहने भी साफ करते हैं जिसे केवल पाउडर में डाला जाता है ब्रश का उपयोग वें नहीं करते हैं। ब्यूटी सिंह उनके झांसे में फंस गई और घर में रखा हुआ सारा गहना अपराधीयों दे दिया। अपराधियों ने पाउडर भरे एक पैकेट में सारा गाना डालकर फ्रिज में दस मिनट के लिए रखने को कहा दस मिनट बाद जब ब्यूटी फ्रिज खोली तो पैकेट बदला हुआ था पाउडर में कुछ पत्थर के अलावा कुछ नहीं था गहना चोरी होता देख पूरा परिवार हतब्रत हो गया लोग समझ चुके थे कि वह भारी ठगी के शिकार हो गए हैं मामले की जानकारी स्थानीय एमजीएम थाने में दिया।

सूचना मिलने पर भाजपा नेता विकास सिंह ब्यूटी सिंह के आवास जाकर मामले की जानकारी लिया और स्थानीय थाने में फोन कर मामले की जांच सीसीटीवी खंगाल कर करने को कहा । मौके में पहुंचे भाजपा नेता विकास सिंह ने कहा की अपराध बेकाबु हो गया है लोगों को खुद होशियार और जागरूक रहने की आवश्यकता है।

एसडीपीओ ने प्रेस कान्फ्रेंस कर घटना का किया खुलासा

नाबालिग से दुष्कर्म करनेवाला अभियुक्त गिरफ्तार, गया जेल

- अभियुक्त ने बच्ची को मां के पास ले जाने की बात कहकर सुनसान स्थान पर मिटाया हवश

खबर मन्त्र संवाददाता

प्रेस कान्फ्रेंस में शामिल एसडीपीओ, थाना प्रभारी व अन्य।

घाघरा। घाघरा पुलिस ने नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में गुमला भेज दिया। इस संबंध में घाघरा थाना में गुरुवार को एसडीपीओ मनीष चंद्रलाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी कि घाघरा प्रखंड के एक गांव की नाबालिक बच्ची को गांव के ही अन्य बच्चों के साथ उसके परिवार वाले खेलने के लिए छोड़कर घर के अंदर चले गये और सभी दशकर्म में लगे हुए थे। लौटने के बाद बच्ची को वहां नहीं पाया। इस संबंध में काफी पूछताछ परिजनों द्वारा की गयी तो गांव के हैं बबलू उरांव को बच्ची के आसपास देखा गया था। बबलू उरांव स्त्रियों के प्रति अपने बुरे आचरण के लिए बदनाम था। इसलिए परिजनों द्वारा पूरा विश्वास हुआ और बच्ची को बबलू उरांव ले गया होगा। जिसके बाद परिजन बच्ची को अन्य ग्रामीणों के सहयोग से ढूंढने लगे। काफी ढूंढने के बाद गांव से कुछ दूरी एक सुनसान जगह पर बच्ची को बबलू उरांव के साथ पाया गया। जैसे ही गांव वालों के टोर्च की रोशनी बबलू पर पड़ी वह अंधेरा का फायदा उठाकर भाग गया।

आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

कोडरमा। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरूवार को डोमचांच प्रखंड अंतर्गत खरखार, कोडरमा प्रखंड के खरकोटा, चंदवारा प्रखंड के भोंडो पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गये। वहीं काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण शिविर में पहुंचकर विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन समर्पित किए। वहीं शिविरों में संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों द्वारा लाभुकों के बीच कंबल वितरण, राशन, पेंशन स्वीकृति पत्र वितरण, ऋण वितरण समेत अन्य योजनाओं का लाभ दिया गया। वहीं जेएसएलपीएस के समूह के बीच ऋण वितरण भी किया गया। साथ ही बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और साईकिल वितरण योजना का लाभ दिया गया। कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई एवं आवेदन प्राप्त किये गये।

दो दिवसीय पोषण शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। समर्पण एवं आरएमआई की ओर से गुरुवार को ग्राम कुंभियातरी पंचायत बेंदी में 23 गर्भवती एवं धात्री माताओं के साथ पोषण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रशिक्षक मेरियन सोरेन द्वारा गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के बीच व्यक्तिगत साफ-सफाई को लेकर विस्तार रूप से समझाया गया तत्पश्चात महिलाओं का सम्पूर्ण टीकाकरण, प्रसवपूर्व चार जांच, आईएफए की गोलियां लेने के महत्व, गर्भावस्था और प्रसव के दौरान होने वाले संकेत पड़ने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से तुरंत संपर्क, सहिया दीदी के संपर्क स्थापित बनाए रखना आदि पर जागरूक किया गया। वहीं एएनएम मंजू कुमारी के द्वारा समयदसमय पर कई तरह के खाद्य पदार्थों से मिलकर बना संतुलित आहार को लेकर विस्तार से बताया गया। साथ ही नवजात शिशु को बेहतर देखभाल, स्तनपान कराने के तरीके, पूरक आहार एवं बच्चे की संपूर्ण टीकाकरण को लेकर विशेष रूप से जागरूक किया गया। इस शिविर के दौरान गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को सूजी का हलवा एवं खिचड़ी बना कर खिलाया गया एवं बेहतर स्वास्थ्य के लिए सभी माताओं को न्यूट्रीमिक्स फूड वितरण किया गया। मौके पर सहिया मंजू देवी, मनीष लहेरी, नीलेश यादव, जितेंद्र आदि मौजूद थे।

एक नजर में

शूटर अमन सिंह हत्याकांड के तीन आरोपियों को धनबाद पुलिस ने रिमांड पर लिया

धनबाद। डिप्टी मेयर नीरज सिंह हत्याकांड के शूटर धनबाद जेल में बन्द अमन सिंह की हत्या 3 दिसम्बर को किया गया था ।उक्त हत्याकांड में सुंदर महतो उर्फ रितेश यादव ने हत्या की थी। बाद पाँच दिन का रिमांड पर लिया था। रिमांड में पुलिस को बताया कि अमन की हत्या में जेल में बन्द विकास बजरंगी और सतीश साव उर्फ गांधी ने उसकी मदद किया था। पुलिस न्यायालय से अमन हत्या में सहयोग करने वाले विकास बजरंगी और सतीश साव उर्फ गांधी के साथ हत्यारोपी सुंदर उर्फ रितेश यादव को 72 घण्टे के रिमांड में लिया है ।तीनो को मेडिकल जाँच के बाद सरायढेला पुलिस लेकर पहुँची। जहां विकास बजरंगी की अधिक तबियत खराब पाए जाने पर एसएनएमएमसीएच भेज दी है ।वही एसएनएमएमसीएच में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। वही जेल में बन्द अमन की प्रेमिका सलोनी सिंह और उसी के सेल में बन्द मालती उर्फ सरस्वती टुडू को भी रिमांड में लेने की प्रक्रिया पुलिस शुरू कर रही है ।पुलिस ने जेल में छापेमारी के दौरान पेन ड्राइव और मोबाइल बरामद किया था। सूत्रों की माने तो जिससे कई अहम सुराग मिलने की बात कही जा रही है।

बंदूक की नोक पर अपराधियों ने लूट लिया 100 लीटर डीजल

पुटकी। पुटकी थाना क्षेत्र के एसएनआर आउटसोर्सिंग कंपनी के ओबी डंपिंग साइड पर बुधवार की रात हथियार से लैस अपराधियों ने वॉल्वो वाहन के ड्राइवर मो. जसीम को हथियार के बल पर अपने कब्जे में लेकर 100लीटर से अधिक डीजल लूट लिए। ड्राइवर के विरोध करने पर अपराधियों ने वॉल्वो वाहन पर फायरिंग कर ड्राइवर से मारपीट किया ओर जान से मारने की धमकी दी। जिससे वोल्वो ड्राइवर को हाथ में गंभीर चोट लगी है। घटना की जानकारी कर्मियों ने पुटकी पुलिस से किया। पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर घटना की तफ्तीश मे जूट गई है। घायल जसीम ने बताया की आउटसोर्सिंग में वोल्वो गाड़ी संख्या जेएच10सीएस 7283 का चालक हूं बीते तृतीय पाली में कार्य था। पहला ट्रिप लेकर आउटसोर्सिंग से ओबी डंप करने गया था की अचानक 5 से 6 की संख्या मे हथियार से लैस अपराधियों ने हाथ में गलन और पाइप लेकर गाड़ी के समीप आ गए ओर मुझे गाड़ी से उतरकर पिस्टल सटाकर डीजल निकाल लिया। विरोध करने पर मेरे साथ मारपीट की ओर फाइरिंग करने लगे जिससे गाड़ी का शीशा टूट गया।

अवैध स्क्रैप चोरी के खिलाफ एक्शन में प्रशासन

चंदवा। चंदवा के चकला स्थित बंद पड़े अभिजीत प्लांट के वॉटर पाइपलाइन को काट कर चोरी किये जाने का मामला प्रकाश में आने के बाद चंदवा पुलिस एक्शन में आ गयी है। लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार चंदवा पुलिस की टीम के द्वारा चंदवा के एक कबाड़ी दुकान में छापेमारी की गई। इस दौरान पुलिस के द्वारा पंजाब नम्बर के एक ट्रक पीबी-07-बीवी-1807 को पुलिस के द्वारा पकड़ा गया, बताया जा रहा है कि उक्त ट्रक में लोहा तार व स्क्रैप लोड है। इधर चंदवा थाना प्रभारी शुभम कुमार ने ट्रक पकड़े जाने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मामले दो लोगो को हिरासत में लिया गया है व अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि मंगलवार की देर रात्री चंदवा पुलिस की टीम ने चकला दूधमटिया जंगल से अभिजीत पावर प्लांट तक पानी लाने को लेकर बिछाए गए पाइप लाइन को काट कर ले जाने का प्रयास कर रहे एक पिकअप वैन को पुलिस के द्वारा पकड़ा गया था, इस दौरान पुलिस ने 5 क्विंटल पाइप लाइन का लोहा भी जब्त किया था। उक्त मामले में भरत उरांव व महमूद मियां के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। पाइप लाइन काटे जाने का मामला प्रकाश में आने के बाद प्रशासन एक्शन में दिख रही है।

माउंटेन व्यू बार से 1900 बोतल शराब बरामद

हरिहरगंज पलामू। उपायुक्त के निर्देश पर तथा उत्पाद अधीक्षक के पर्यवेक्षण में थाना क्षेत्र के सुल्तानी स्थित माउंटेन व्यू रेस्टोरेंट एंड बार में छापामारी कर कई पेटियों में रखा विभिन्न ब्रांड के 1900 बोतल विदेशी शराब व बियर जब्त किया गया। साथ ही बार संचालक बिहार के देवरा थाना अंतर्गत किशुनीबीघा निवासी बिंदेश्वर यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में उत्पाद विभाग के एएसआई अनूप प्रकाश ने हरिहरगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज किया है। गिरफ्तार व्यक्ति सहित औरंगाबाद निवासी सुधीर सिंह को आरोपी बनाया गया है। ए

विभिन्न स्पर्धाओं में सफल बच्चें हुये सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा । डी ए वी नेशनल स्पोर्ट्स के तत्वाधान में विभिन्न स्पधाओं में सफल बच्चो को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में चतरा के सिविल एस डी ओ उरांव ने बच्चों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्राचार्य सैयद एजाज अहमद ने बताया कि डी ए वी विद्यवाल में प्रतिवर्ष नेशनल स्पोर्ट्स का अयोजन किया जाता है। पहले कई विद्यालयों का क्लस्टर बनाया जाता है। फिर जोनल और अंत में बच्चे नेशनल खेलने जाते है। क्लस्टर लेवल पर बच्चे डी ए वी तेनुघाट, डी ए वी धनबाद गए थे। जोनल लेवल पर बच्चे डी ए वी हजारीबाग एवम डी ए वी रांची गए थे। उन्होंने बताया कि इसमें लाखो रुपए खर्च होते है । इस तरह के आयोजन से बच्चे संयम और अनुशासन सीखते है और खेल की भावना का विकाश होता है। योगा में हिमांशु, प्रिंस, प्रियांशु युग राज, रागिनी, पूर्वी, पल्लवी, तान्या एवाम दीपिका ने भाग लिया और विद्यालय के लिए सिल्वर मेडल प्राप्त किया। चेस गर्ल्स में अतिथि, कुमारी प्राची, श्रद्धांजलि, वन्दन्या आर्या एवम श्रृष्टि कुमारी ने विद्यालय के लिए सिल्वर मेडल जीता।

अबुआ आवास में किसी पदाधिकारी या दलाल को रुपये नहीं दें : मनोज

सिमरिया। अखबारों में प्रकाशित खबर में अबुआ आवास योजना में प्रतिनिधियों या पदाधिकारियों द्वारा योजना देने के पूर्व से हीं 15 से 30 हजार रुपये लेकर आवास बुकिंग का मामला छाया हुआ है। अबुआ आवास हो या कोई अन्य योजना यदि कोई पदाधिकारी हो या जनप्रतिनिधि उनके द्वारा रुपये की मांग किया जाता है तो किसी भी हाल में रुपया नहीं देना है सभी सरकारी योजना है ।सरकार द्वारा विकास योजना है जो गांव से लेकर गरीब ग्रामीणों के लिए यह योजना चलाया गया है। यदि कोई रुपये की मांग करता है तो हमें सूचित करें। मैं किसी भी हाल में रिश्वत खोरी बर्दास्त नहीं करूँगा इसके लिए हमें यदि उग्र आंदोलन करना होगा तो हम ग्रामीणों के सहयोग से रिश्वत खोरों के खिलाफ जम कर विरोध करेंगे। यही कारण है कि सरकार का योजना सही और गरीब तक नहीं पहुंच पाता है चुकी गरीब के पास रिश्वत देने के लिए पैसे नहीं होता है। जिसका नतीजा है कि सरकार द्वारा जारी योजना का लाभ गरीबों के हक छीन लिया जाता है। इस लिए अनुमण्डल क्षेत्र के तमाम लोगों से आग्रह है की रिश्वत खोरी के खिलाफ एक होकर जम कर विरोध करें साथ हीं ऐसे मामले में मुझे अवगत करावे मैं वैसे लोगों के खिलाफ आंदोलन करने के लिए ततपर हूँ।

जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप का हुआ शुभारंभ

विजेता टीम प्रमंडल स्तरीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में लेगी हिस्सा

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप 2023 का आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा में किया गया। इस प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला आयु वर्ग 18 से 40 वर्ग ने हिस्सा लिया ।तीन दिवसीय इस टूनार्मेन्ट का फाइनल 15 दिसम्बर को खेला जाएगा ।जिला स्तरीय विजेता टीम प्रमंडल स्तरीय और उसके बाद राज्य स्तर के प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डीआरडीए निदेशक अरुण एक्का ने द्वीप प्रज्वलित कर इसका उद्घाटन किया। साथ ही मौके पर गुब्बारा उड़ाकर खेल में अनुशासन और एकता का संदेश दिया गया। सभी अतिथियों द्वारा फुटबॉल को किक मारकर कर मैच का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन मैच सिमरिया बनाम गिद्धौर के बीच खेला गया जिसमें सेमरिया ने गिद्धौर को तीन शून्य से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा मैच कान्हाचट्टी और मयूरहण्ड के बीच खेला गया जिसमें कान्हाचट्टी ने मयूरहण्ड को दो -शून्य से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। तीसरा मैच चतरा बनाम लावालौंग के बीच खेला गया जिसमें चतरा ने लावालौंग को तीन शून्य से ट्राइब्रेकर में पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। चौथा मैच कुंदा और हंटरगंज के बीच खेला जाना था , समय पर नही नहीं पहुँचने के कारण कुंदा को वॉकओवर के साथ विजेता घोषित कर दिया गया। पांचवां मैच सिमरिया बनाम पथलगड़ा के बीच खेला गया। जिसमें पथलगड्डा ने टाईब्रेकर में 4-2 से हराते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। छठा और आखिरी मैच कान्हाचट्टी और प्रतापपुर के बीच खेला गया। जिसमें कान्हाचट्टी ने प्रतापपुर को 3-0 पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गुरुवार को पुरुष वर्ग में सेमी फाइनल और फाइनल मैच खेला गया है।

स्पीड न्यूज

साल्वे पंचायत में आज लगेगा शिविर

बारियातू। प्रखंड क्षेत्र के साल्वे पंचायत मे शुक्रवार 15 दिसम्बर को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विभागीय निदेर्शानुसार ग्राम प्रधान शाहदेव गंझु की अध्यक्षता में ग्राम सभा की गई। बैठक में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने व सम्मलित करने पर विचार विमर्श किया गया.ग्राम सभा मे स्थानीय मुखिया राजिव भगत पंचायत सचिव उमाशंकर सिंह, व ग्रामीण राजदेव उरांव, कृष्णा तिर्की, अनुज कुमार प्रजापति, मनोज ठाकुर, तेजु गंझु, मो. समीम, मुकेश गंझु सहित अनेको ग्रामीण मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में गुरुवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। जिसका विधिवत उद्घाटन बालूमाथ बीडीओ सोमा उराँव, रजवार मुखिया उर्मिला देवी, भगिया मुखिया रोहणी देवी, चेताग मुखिया नरेश उराँव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर बोलते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उराँव ने कहा कि खेल को बढ़ावा देने के उदेश्य से मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे बालूमाथ प्रखंड के विभिन्न पंचायत से बलिका एवं बालक वर्ग की टीम में भाग लेंगे। जिसमें से विजय रहने वाली टीम जिला में प्रखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी और अगर जिला से टीम विजई होती है तो राज्य स्तरीय टूनार्मेंट में खेलने जाएगी। मौके पर प्रखंड नाजिर सुमित सिन्हा, बाबूलाल उराँव, अरविंद कुमार, पंकज सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

शिशु विधा मंदिर से प्रांतीय कला संगम प्रतियोगिता के लिए छात्र-छात्रा धनबाद के लिए हुए रवाना

रवाना होते छात्र-छात्रा।

बारियातू। प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर से गुरुवार को विद्या भारती योजना के तहत धनबाद मे आयोजित प्रांतीय कला संगम मे भाग लेने के लिए छात्र-छात्रा सुरक्षा वाहन से रवाना हुए। जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने बताया कि यह कार्यक्रम विद्या भारती झारखंड द्वारा धनबाद के राजकमल स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में आयोजित किया गया है। प्रांतीय कला संगम में भिन्न-भिन्न विद्यालयों के छात्र छात्रा सम्मिलित रहेंगे। प्रधानाचार्य ने सभी छात्रों को मंगल कामना के साथ कार्यक्रम के लिए रवाना किया। छात्रों के साथ में आचार्य लक्ष्मण राम, व आचार्या बिनीता दीदी, शामिल हैं।

कुत्ता काटने से चार वर्षीय बच्चा घायल

बालूमाथ। बालूमाथ थाना क्षेत्र के हाँथडीह ग्राम में कुत्ता काटने से एक चार वर्षीय बच्चा घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आयुष कुमार 4 वर्ष पिता कुलेश्वर भुइँया ग्राम हांथडीह थाना बालूमाथ निवासी अपने घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान एक पागल कुत्ते ने उसे काट लिया। जिससे बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों के सहयोग से बच्चे को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर अलीशा टोप्पो द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

प्रशासन के आदेश के बाद भी बिना हेलमेट के दे रहे है पेट्रोल

बिना हेलमेट का पेट्रोल देता पंप कर्मी।

लातेहार। एसपी अंजनी अंजन के निर्देशानुसार सभी पेट्रोल पंप मैनेजर को निर्देश दिया गया था कि बिना हेलमेट का पेट्रोल नहीं देना है। जिसके बाद सभी प्रखंड के पुलिस प्रशासन पंपों में पंपलेट लगाकर सूचित करते हुए मीडिया में खबर प्रकाशित कराया गया था जिसके बाद भी लेकिन पंप वाले बिना हेलमेट वाले को पेट्रोल देने से बाज नहीं आ रहे है। आदेश की अवहेलना करने में किसी तरह से नहीं चुक रहे है। बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग सुनिश्चित करने के लिए अनेक पहल करने के बाद यह निर्देश जारी किया गया, कि पेट्रोल पंप संचालक बिना हेलमेट बाइक सवार लोगो को पेट्रोल नहीं देगे। इस निर्देश का पालन करना तो दूर कोई पम्प संचालक यह नही कह पा रहा है कि बिना हेलमेट वालो को पेट्रोल नहीं देगे। पम्प पर खुले आम आदेश का उल्लंघन कर बाइक चालको को पेट्रोल दिया जा रहा है। विवाद होने की आशंका मे कोई पंप कर्मी बोलना नहीं चाहते है। परिवहन विभाग के शक्ति के बाद हर दिन चालान के बाद भी लोग नहीं मान रहे हैं। इसके बाद भी बिना हेलमेट के पेट्रोल पंप पर पेट्रोल लेने पहुंच रहे हैं। वही पेट्रोल पंप के कर्मी भी प्रशासन के आदेश का पालन नहीं कर रहे हैं। गुरुवार को कई पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट के पेट्रोल लेते देखे गए।

मनिका प्रखंड कार्यालय परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का किया गया आयोजन

हमारा संकल्प भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य : हरिकृष्ण सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि व उपस्थित लोग।

मनिका। मनिका प्रखंड कार्यालय के परिसर में दिन गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा लातेहार जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज तिवारी, प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, अंचल अधिकारी संतोष शुक्ला, भाजपा जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष छोटू राजा, कांग्रेस बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान समेत अन्यों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं भाजपा के जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह ने हमारा विकसित भारत संकल्प यात्रा सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को बताया कि 2047 तक भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य है। ग्रामीण भी अपनी छोटी-छोटी योगदान कर केंद्र की इस महत्वपूर्ण योजना में अपनी योगदान कर भारत के विकसित में अपना सहभागिता कर सकते हैं तभी हमारा भारत देश विकसित होगा। उक्त अवसर पर केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी उज्जवला योजना के अंतर्गत भारत गैस वितरक, इंडियन गैस वितरक के द्वारा मनिका में दस लाभुक को मुफ्त गैस कनेक्शन दिया गया। साथ ही लोगों को केंद्र सरकार के द्वारा आयोजित योजनाओं में राज्य सरकार की वित्तीय व प्रशासनिक भागीदारी से भी अवगत कराया गया। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यकारी सदस्य राजधानी यादव, सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ राय, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष अंकित कुमार, दिनेश प्रसाद, जिला सोशल मीडिया प्रभारी पंकज यादव, बीपीओ संतोष कुमार, आत्मा सिंह, उप प्रमुख उमेश यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

बीडीओ की अध्यक्षता में सभी बीएलओ की हुई बैठक

बैठक करते बीडीओ।

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर की बैठक का आयोजन बीडीओ सोमा उराँव की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। बैठक में जिला द्वारा उपलब्ध कराए गए पीएसई एवं डीएसई पपत्रों को बीएलओ के बीच बांटा गया और उन्हें निर्देश दिया गया कि डीएसई के तहत वैसे मतदाता जिनका पहचान पत्र दो बूथ में बना हुआ है। वैसे मतदाता का एक बूथ से नाम हटाना है। क्योंकि कानूनी तौर पर एक व्यक्ति एक ही जगह मतदान कर सकता है। वही पीएसीई के तहत वैसे मतदाता जिनका फोटो दो जगह लगा हुआ है एक जगह से हटाना है। बता दे कि आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग के निर्देश पर बालूमाथ प्रखंड में मतदाता पुनर्निक्षण नए नाम जोड़ना सहित कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

अवैध स्क्रैप चोरी के खिलाफ एक्शन में प्रशासन

- स्क्रैप लोड एक ट्रक जप्त, दो हिरासत, अग्रतर कार्रवाई में जुटी चंदवा पुलिस

एसपी के निर्देश पर चंदवा के कबाड़ी दुकान में पड़ा छापा

खबर मन्त्र संवाददाता

जब्त ट्रक।

चंदवा। चंदवा के चकला स्थित बंद पड़े अभिजीत प्लांट के वॉटर पाइपलाइन को काट कर चोरी किये जाने का मामला प्रकाश में आने के बाद चंदवा पुलिस एक्शन में आ गयी है। लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार चंदवा पुलिस की टीम के द्वारा चंदवा के एक कबाड़ी दुकान में छापेमारी की गई। इस दौरान पुलिस के द्वारा पंजाब नम्बर के एक ट्रक पीबी-07-बीवी-1807 को पुलिस के द्वारा पकड़ा गया, बताया जा रहा है कि उक्त ट्रक में लोहा तार व स्क्रैप लोड है। इधर चंदवा थाना प्रभारी शुभम कुमार ने ट्रक पकड़े जाने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मामले दो लोगो को हिरासत में लिया गया है व अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि मंगलवार की देर रात्री चंदवा पुलिस की टीम ने चकला दूधमटिया जंगल से अभिजीत पावर प्लांट तक पानी लाने को लेकर बिछाए गए पाइप लाइन को काट कर ले जाने का प्रयास कर रहे एक पिकअप वैन को पुलिस के द्वारा पकड़ा गया था, इस दौरान पुलिस ने 5 क्विंटल पाइप लाइन का लोहा भी जब्त किया था। उक्त मामले में भरत उरांव व महमूद मियां के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। पाइप लाइन काटे जाने का मामला प्रकाश में आने के बाद प्रशासन एक्शन में दिख रही है।

पारा शिक्षक ने जरूरतमंदो के बीच कपड़ो का किया वितरण, बच्चों के खिले चेहरे

खबर मन्त्र संवाददाता

कपड़े का वितरण करते गुलाम अनवर।

बरवाडीह। बरवाडीह प्रखण्ड के सुदूरवर्ती क्षेत्र राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरातु में पदस्थापित पारा शिक्षक गुलाम अनवर ने हर साल की भांति इस साल भी विद्यालय में अध्ययनरत कमजोर वर्ग के बच्चों के बीच संग्रह किए हुए कपड़ो का वितरण किया है। गौरतलब है कि जिन कपड़ों को हम बेकार समझकर यूं ही छोड़ देते हैं या उन्हें फेंक देते हैं वे किसी के कितने काम आ सकते हैं, इसकी शायद किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। पुराने कपड़ों की अहमियत समझना है तो आपको आदिवासी बहुल क्षेत्रों में जाकर जमीनी हकीकत देखनी होगी। पुराने कपड़ों को पाकर गरीब के बच्चें कितने उत्साहित थे। शिक्षक गुलाम अनवर ने बच्चों के बीच वस्त्र वितरण कर उन्हें नियमित विद्यालय आने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि गरीबों व जरूरतमंदों की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। वह पूरे वर्ष पुराने कपड़ों का संग्रह करते है जिसके बाद ठंड के मौसम में उसे जरूरतमंदो में बांटते है। इसमें बरवाडीह के लोग उन्हें काफी मदद करते है। उन्होंने सुखी संपन्न लोगों से अपील है कि वह अपने घरों में रखें अनुपयोगी सामान जैसे कंबल, रजाई, स्वेटर, शाल, शर्ट, फुलपेंट आदि सामान हो तो वह गरीबों के बीच जरूर दान करें जिससे गरीबों को ठंड से राहत दिलाई जा सके।

लातेहार जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा पहुंचे महुआडांड, डीलरों के साथ की समीक्षात्मक बैठक

- 20 दिसंबर तक सौ प्रतिशत हर हाल में राशन वितरण करने का दिया सख्त निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

बैठक करते डीएसओ।

महुआडांड़। लातेहार जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा गुरुवार को महुआडांड का दौरा कर महुआडांड प्रखण्ड सभागार में डीलरों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में गोदाम मैनेजर संजय मिंज, डीएसओ कार्यालय के आशिष यादव, डीलर संघ के अध्यक्ष रामदत्त प्रसाद, मंगल सोनी, बद्रीनाथ प्रसाद, अशोक प्रसाद, किशोरी प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, सुरेन्द्र प्रसाद, शेरू खान, अनुप कुमार पांडेय, सत्येंद्र प्रसाद, रामप्रवेश गुप्ता आदि समेत लगभग सभी राशन दूकानदार एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्य मौजूद थे। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा ने कहा कि दबे कुचले एवं आर्थिक से कमजोर लोगों के लिए सरकार के द्वारा राशन वितरण की व्यवस्था कि गई है। सो इसमे बहानेबाजी या लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होने डीलरों को 20 दिसंबर तक सौ प्रतिशत हर हाल में राशन वितरण करने का सख्त निर्देश दिया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मी लकड़ा ने उपस्थित डीलरों को डुप्लीकेट यूआईडी, शादी-शुदा, मृत, डबल कार्डधारी लाभुकों की सूची भी उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। साथ ही कहा कि ईमानदारी पूर्वक काम करने का आह्वान करते हुए कहा कि आप अच्छे से काम किजिएगा तो हम भी साथ मे खड़े रहेंगे। गलत करने पर कार्रवाई की जायेगी। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मी लकड़ा ने राशन वितरण करने के समय डीलरों को आ रही परेशानी एवं समस्याओ से भी अवगत हुए एवं उनके निराकरण की बात कही।

फुट ओवर ब्रिज समेत विभिन्न मांगों को लेकर झाविस ने टीआई को सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन सौंपते लोग।

चंदवा। धनबाद रेल मंडल अंतर्गत राजस्व देने के मामले मे अहम स्टेशनों में सुमार टोरी जंक्शन की ज्वलंत समस्याओं को लेकर झारखंड विकास समिति द्वारा रेल मंत्री, रेल जीएम हाजीपुर व डीआरएम धनबाद के नाम टोरी यातायात निरीक्षक संजय कुमार को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में झाविस ने जंक्शन के पश्चिमी छोर पर तत्काल फुट वोटर ब्रिज निर्माण को गति देने की मांग की है। समिति ने कहा कि एफओबी निर्माण को लेकर लेआउट मार्किंग का काम भी हो चुका है लेकिन अबतक काम शुरू नही हो पाया है जो चिंताजनक है। इसके अलावे टोरी रेलवे फाटक के समीप अंडर पास निर्माण उचित ऊंचाई, चौड़ाई में करने, रेलवे फाटक पर बाइक पार करने के लिए आपातकालीन रास्ते को बंद नही करने स्टेशन परिसर में यात्री सुविधाओं को दुरुस्त करने की मांग की गई है। मांग करने वालो में झाविस के रवि डे, पंसस नीलम देवी, सत्येंद्र यादव, महेंद्र उरांव, रामवृक्ष प्रजापति, कृष्णा साव, बिपिन तिवारी, नंदलाल साहू व सुरेश प्रसाद समेत अन्य शामिल हैं।

आरपीएफ पुलिस पर ग्रामीणों के साथ ज्यादती करने का आरोप

- ग्रामीणों में आक्रोश, परसाही के ग्रामीणों ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

आरोप लगाते ग्रामीण।

चंदवा। चंदवा के परसाही के ग्रामीणों द्वारा लोहरदगा आरपीएफ पुलिस पर परसाही (कामता) के ग्रामीणों के साथ ज्यादती करने का आरोप लगाया गया है। ज्यादती के खिलाफ ग्रामीणों में कफी आक्रोश है, मामले को लेकर गुरुवार को परसाही के ग्रामीणों ने बैठक की। जिसकी अध्यक्षता माकपा नेता सह पंसस अयुब खान ने किया। बैठक में बोलते हुए अयुब खान ने आरोप लगाते हुए कहा कि लोहरदगा आरपीएफ पुलिस ने 12 दिसंबर मंगलवार को परसाही के दो निर्दोष महिलाओं को कोयला चोरी करने का आरोप लगाकर घर से बाहर निकाला, गाड़ी में बिठाकर अपने साथ ले गए, इस दौरान आरपीएफ ने गांव के विक्लांग गोपी गंझु के साथ मारपीट भी की, आरपीएफ ने महिलाओं को रातभर थाने में रखा।13 दिसंबर बुधवार को पकड़े गए महिलाओं को छोड़ने की बात कह परिजनों को बुलाकर लोहरदगा आरपीएफ ने अपने पोस्ट पर उनके साथ दुर्व्यवहार किया, आरपीएफ द्वारा किए जा रहे दुर्व्यवहार की घटना का वीडियो बनाने वाले का मोबाइल छीना फिर वापस किया। महिलाओं से पांच-पांच सौ रुपए फाईन वसुलकर छोड़ दिया। आरपीएफ पुलिस की यह हरकत पुरी तरह से अन्याय है। बैठक में द्वारीका ठाकुर, गोपी गंझु, राकेश गंझु, मुन्ना गंझु, राजू कुमार साव, सुनील तिवारी, चंद्रीका गंझु, प्रदीप गंझु, पिंटु गंझु, विशाल गंझु, गोबिंद प्रजापति, विजय साव, संदीप गझु, बुटन गंझु, सविता देवी, सोमरी देवी, कशीरन बीवी, आरती देवी, अजमेरुन बीवी, करमी देवी, सहमतिया देवी, सुकरी देवी, सहनाज खातून, पूजा देवी, निलम देवी, पिंकीं देवी, शांति देवी, सीमा देवी, परमीला देवी, अंजू देवी सहित बड़ी संख्या महिला पुरुष शामिल थे। इधर मामले को लेकर पूछे जाने पर आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार ने कहा कि मामला दूसरे स्थान के रेल थाना की है, इसलिए उन्हें मामले की जानकारी नही है। मामले को लेकर लोहरदगा आरपीएफ के एसआई अजित कुमार ने बताया कि ज्यादती व दुर्व्यवहार का आरोप बेबुनियाद है। लोहरदगा आरपीएफ को मिली गुप्त सूचना के आलोक में कार्रवाई की गई थी, जिसमें महिला रेल आरपीएफ की मौजूदगी में महिलाओं को कोयला ले जाते पकड़ा गया था, जिसके बाद नियम संगत कार्रवाई की गई थी।

एक नजर में

ग्रीन फील्ड एकेडमी सीनियर विंग परिसर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

प्रतियोगिता का उद्घाटन करते अतिथि।

चंदवा। स्थानीय ग्रीन फील्ड एकेडमी सिनियर विंग परिसर में बुधवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एसबीआई के शाखा प्रबंधक प्रकाश चंद्र मौजूद थे। मैनेजर श्री चंद्र, निदेशिका आनंदी सोरेन, अरविंद कुमार सिंह प्राचार्य उदयनारायण कपूर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं झंडोतोलन कर प्रतियोगिता की शुरूआत की। इस दौरान शांति एवं दोस्ती का प्रतीक मशाल प्रज्वलित कर सभी हाउस के कप्तानों ने मैदान के चक्कर लगाए। मुख्यातिथि श्री चंद्र ने कहा कि कार्यक्रम में सम्मिलित होकर उन्हें अपने स्कूल के दिन याद आ गए। इस भव्य आयोजन के लिए उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हम जब भी पढ़ाई की बात करेंगे तो उसमें स्पोर्ट्स की बात जरूर होगी। यह पढ़ाई में महत्वपूर्ण हिस्सा है। आप इस कार्यक्रम में अपना शतप्रतिशत देकर अच्छे विद्यार्थी एवं अच्छा स्कूल बनाने में सहभागिता प्रदान करें। विद्यालय के प्राचार्य उदय नारायण कपूर ने कहा कि पढ़ाई के बीच खेलकूद का भी अहम स्थान है। खेल हमारे शारीरिक व मानसिक विकास के लिए सहायक है। यूनिफॉर्म हमें यह समानता की सिख देती है कि हम सब एक समान हैं। सभी बच्चों को खेलकूद की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की बच्चियों ने आकर्षक नृत्य के साथ किया। इसके बाद रेड हाउस, ब्लू हाउस, येलो हाउस एवं ग्रीनहाउस के बीच जबरदस्त खेल प्रतियोगिता शुरू हुआ। इस दौरान कबड्डी प्रतियोगिता, 100, 200, 400 मीटर की दौड़, रिले रेस, बाधा दौड़, तीन पैर की दौड़, रस्सी दौड़, बोरा दौड़, बच्चों के लिए बिस्कुट रेस समेत अन्य प्रतियोगिता जारी है। बच्चे अपने हाउस के प्रतिभागियों के लिए जबरदस्त शोर मचा रहे थे। निदेशक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि उक्त कार्यक्रम चार दिनों तक चलेगा। अंतिम दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ वार्षिक खेलकूद का समापन होगा। इसके लिए विद्यालय के सभी शिक्षक बच्चे व अन्य कर्मियों ने भरपूर तैयारी की है। मौके पर बड़ी संख्या में अभिभावक व स्कूली बच्चे व शिक्षक-शिक्षाकाएँ मौजूद थे।

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

मौके पर उपस्थित अतिथि व अन्य।

लातेहार। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय लातेहार परिसर में खेलो इंडिया के अंतर्गत विद्यालय के शारीरिक शिक्षक बी बी कुमार के निर्देशन में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य प्रदीप कुमार सिंह उपस्थित थे। वरिष्ठ शिक्षक सुखराम भगत ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। इसके बाद स्कूल के बच्चों के द्वारा स्वागत गीत गाया गया और असम के बच्चों के द्वारा आकर्षक असमी नृत्य बिहू प्रस्तुत किया गया। इसके बाद विद्यालय के राष्ट्रीय खेल में भाग लेने वाले बच्चों ने मशाल दौड़ किया। इसके बाद मुख्य अतिथि के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया एवं खेल के शुरूआत की औपचारिक घोषणा की गयी। सभी सदन के बच्चों के द्वारा मार्च पास्ट किया गया। विद्यालय के सभी सदन के कप्तानों ने खेल की शपथ ली। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में हमारे जीवन में खेल के महत्व को बताया। कार्यक्रम के समापन में सभी प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेता प्रतिभागियों को मेडल से पुरष्कृत किया गया। वरिष्ठ बालक वर्ग में रामनाथ और कनिष्ठ बालक वर्ग में मोहित कुमार तथा वरिष्ठ बालिका वर्ग में खुशी कुमारी और कनिष्ठ बालिका वर्ग में प्रीतिका कुमारी ने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। प्राचार्य ने खेल के समापन की औपचारिक घोषणा की। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुखराम भगत, कमलेश कुमार मिश्र, आरके सक्सेना, ए के पाण्डेय, बी के दुबे, सुकेश कुमार, पीपी मंडल, मीनाक्षी कुमारी, निहारिका साहा,उपेंद्र सिंह, सी एल डेम्टा, संजय कुमार, पुनम खलको, तृप्ति तिवारी, ज्योति बोरकाटाकी, संदीप कुमार ओझा सहित स्कूल के बच्चे व बच्चियां मौजूद थे। मंच का संचालन एस के साव ने किया। धन्यवाद वक्तव्य कमलेश कुमार मिश्र ने दिया।

एक दिवसीय युवा मोबिलाइजेशन कैंप का किया गया आयोजन

शुभारंभ करते अतिथि।

लातेहार। सदर प्रखंड के प्रांगण में गुरुवार को जेएसएलपीएस के माध्यम से दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय युवा मोबिलाइजेशन कैंप का आयोजन किया गया। वही कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में जीप अध्यक्ष पूनम देवी, बीडीओ मनोज तिवारी, प्रमुख परशुराम लोहरा, उप प्रमुख राजकुमार, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जीप अध्यक्ष पूनम देवी ने बताया कि सरकार के माध्यम से युवा वर्ग को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत कई प्रकार की प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है। वहीं बीडीओ मनोज तिवारी ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा हमारे युवा पीढ़ी को रोजगार के विभिन्न माध्यमों से जोड़ने को लेकर प्रशिक्षण देने का कार्य किया है। जो अपने आप में बेरोजगारी को दूर करने का एक बेहतर जरिया साबित हो रहा है। हमारे युवा पीढ़ी भी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले ताकि वह खुद को बेहतर साबित कर सके। बता दे की एक दिवसीय शिविर में तीन कंपनियों ने भाग लिया। वही काफी संख्या में युवाओं को द्वारा रजिस्ट्रेशन किया गया। मौके पर जिला समन्वयक नवनीत सिंह, जेएसएलपीएस से दिलीप कुमार, रस्तोगी एजुकेशन सोसाइटी से चंदू यादव, परसही मुखिया अनीता देवी समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

एसजीआरएस संस्था ने बेहतर कार्य करने वाली सेविकाओं को किया सम्मानित

सेविकाओं को सम्मानित करते अब्दुल जब्बार।

बरवाडीह। बाल विकास परियोजना कार्यालय बरवाडीह में आज मुख्यमंत्री सारथी योजना को लेकर प्रखंड की सेविकाओं के साथ बैठक किया गया बैठक के दौरान मुख्यमंत्री सारथी योजना के लिए बेहतर कार्य करने वाली सेविकाओं सुनीता देवी, विजय लक्ष्मी देवी, अनिता देवी आदि को एसजीआरएस संस्था के राज्य समन्वयक अब्दुल जब्बार के द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी बरवाडीह अनिता देवी, महिला प्रवेक्षिका नीला रानी कुजूर और संस्था के जिला समन्वयक मनोज दत्त देव उपस्थित थे। वही योजना का लाभ पलायन करने वाले ग्रामीण युवक एवं युवती को देने की बात अब्दुल जब्बार के द्वारा कही गई। साथ ही साथ बरवाडीह के सभी पंचायत में एक-एक पंचायत समन्वयक के चयन करने का जिम्मा प्रखंड की सेविकाओं को दिया गया ताकि मानव तस्करी पर रोक लगा कर बेरोजगार युवक और युवती को सरकारी तरीके से बेहतर प्रशिक्षण देकर रोजगार की दिशा में उन्मुख किया जाए। जिससे युवक एवं युवती सुरक्षित और सही जगह पर रोजगार पा सके।

खबर **एक नजर में**

गया एयरपोर्ट पर 12.600 केजी सोना बरामद, दो विदेशी तस्कर गिरफ्तार

गया। गया एयरपोर्ट पर डीआरआई (राजस्व खुफिया निदेशालय) और कस्टम की टीम ने गुरुवार को सोने की तस्करी के एक बड़े मामले का खुलासा किया है। एयरपोर्ट पर 12 किलो 600 ग्राम सोना के साथ दो म्यांमार के नागरिक को पकड़ा गया है। आरोपी म्यांमार एयरवेज की विमान से बुधवार को सोना लेकर गया एयरपोर्ट पहुंचा था। खुफिया इनपुट पर डीआरआई और कस्टम की टीम ने दोनों विदेशी को सोना समेत दबोच लिया। उनके पास से दो अलग अलग बैग से 12 किलो 600 ग्राम सोना बरामद किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पकड़े गए विदेशी नागरिक स्काई मार्शल बताए गए हैं, जो हवाई जहाज पर यात्रियों के सुरक्षा के लिहाज से तैनात किया जाता है। दोनों से पूछताछ के क्रम में लोकल मददगार के भी शामिल होने की बात सामने आई है। डीआरआई की टीम ने छापेमारी कर गया शहर से चार युवकों को हिरासत में लिया है। और उनसे पूछताछ कर रही है। बरामद सोने की कीमत बाजार में लगभग 9 करोड़ रुपए आंकी गई है। आरोपी सोना तस्कर के गया स्थित आवास पर डीआरआई की छापेमारी में डॉलर होने की सूचना मिली है।

सर्वजन पेंशन योजना से आच्छादित हो रहे हैं लोग

गोड्डा। राज्य सरकार व जिला प्रशासन के सक्रिय प्रयासों से सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। सरकार व जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि जिले के छूटे हुए लाभुकों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाया जाय। इसी कड़ी में आज दिनांक 14/12/2023 को गोड्डा, प्रखंड के गोरसंडा पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पांच लाभुकों को पेंशन का लाभ दिया गया। पेंशन की स्वीकृति मिलने पर लाभुकों के चेहरे के खिल उठे, उन्होंने राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में कई दिनों से आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे थे, सरकार की महत्वकांक्षी कार्यक्रम के माध्यम से पेंशन की स्वीकृति मिली है।

पेज 1 का शेष **सत्ता और विपक्ष ने...**

बिना उचित पास के प्रवेश नहीं : बैठक में सदन की सुरक्षा को लेकर भी चर्चा की गयी। विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो ने कहा कि दर्शक दीर्घा में उन्हीं को प्रवेश की अनुमति होगी जिनके पास उचित पास होगा। श्री महतो ने कहा कि संसद की सुरक्षा में चूक के बाद सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है।

सुरक्षा में चूक...

भविष्य में ऐसी घटना न हो, इसे लेकर फिर चर्चा करेंगे। सदन के उपनेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सभी को सुरक्षा चूक के मामले की निंदा करनी चाहिए। हमें सावधान रहने की जरूरत है..केवल सत्तापक्ष ही नहीं बल्कि विपक्ष के सदस्यों को भी ध्यान रखना चाहिए कि अराजकता पैदा करने वालों को पास न मिले। **दोनों सदनों में हंगामा :** संसद की सुरक्षा में चूक को लेकर विपक्ष केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान देने की मांग पर अड़ा रहा। सदन में आसन की अवमानना और अनादर को लेकर कांग्रेस के टीएन प्रतापन, हिबी इडेन, जोतिमणि, रम्या सहित विपक्ष के 14 सदस्यों को शीतकालीन सत्र के बचे हुए दिन के लिए निलंबित कर दिया गया। वहीं राज्यसभा से टीएमसी के सांसद डेरेक ओब्रायन को निलंबित किया गया। पहले कांग्रेस के पांच सदस्यों टीएन प्रतापन, हिबी इडेन, जोतिमणि, रम्या हरिदास और डीन कुरियाकोस को सदन से निलंबित किया गया। इसके बाद कांग्रेस के वीके श्रीकंदन, बेनी बेहनन, मोहम्मद जावेद और मणिकम टैगोर, डीएमके की कनिमोई और एसआर प्रतिबन, माकपा के एस वेकटेशन, पी आर नटराजन और केके सुब्बारायन का निलंबन का प्रस्ताव सदन में पारित हुआ। **उच्चस्तरीय जांच जारी है :** हंगामे के बीच संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा, हम सब सहमत हैं कि कल की दुर्भाग्यपूर्ण घटना लोकसभा सदस्यों की सुरक्षा में गंभीर चूक थी। उन्होंने कहा कि इस मामले में लोकसभा अध्यक्ष के निर्देश पर उच्चस्तरीय जांच शुरू कर दी गयी है। जोशी ने कहा कि इस मुद्दे पर किसी भी सदस्य से राजनीति की अपेक्षा नहीं की जाती, हमें दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करना होगा। संसदीय कार्य मंत्री ने शोर-शराबा कर रहे विपक्षी सदस्यों से कार्यवाही आगे बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने आसन की अवमानना करने को लेकर सांसदों को शेष अवधि के निलंबित करने का प्रस्ताव रखा, जिसे सदन ने ध्वनिमत से स्वीकृति दे दी। **विपक्ष हमलावर :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्यसभा में सवाल उठाते हुए कहा था कि सुरक्षा में सेंध का काफी गंभीर मामला है। ऐसे में अमित शाह को सदन के भीतर बयान देना चाहिए। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने कहा कि हमने मात्र गृह मंत्री के बयान की मांग की थी, और कुछ नहीं उम्मीद की थी। अगर सरकार इसका भी जवाब नहीं देती है, तो किसे हिटलर राज कहा जाता है। इंडिया गठबंधन के सभी दल शुक्रवार को इस पर बैठक करेंगे और आगे की रणनीति पर विचार करेंगे। इस पर जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि कांग्रेस समेत अन्य दल राजनीति कर रहे हैं। राजनीति नहीं करके हमें देश को एकजुटता का संदेश देना चाहिए। इसके बाद विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने सदन से वॉकआउट कर दिया था।

सीबीआइ और इडी...

इसलिए पूरे मामले की जांच सीबीआइ और इडी से करायी जानी चाहिए। **जीपीआर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल :** सांसद के आवास पर जांच टीम अपने अनुभव के साथ मॉर्डन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रही है। उस टेक्नोलॉजी का नाम है जीपीआर यानी ग्राउंड पेनिट्रेटिंग रडार। यह मशीन जियो फिसिकल लोकेटिंग मेथड पर काम करती है। यह रेडियो तरंगों का इस्तेमाल कर जमीन के नीचे की तस्वीरें निकालती हैं। इससे पता चल जाता है कि जमीन के नीचे कितनी गहराई और किस जगह पर मेटल दबा पड़ा है। आमतौर पर इस मशीन का इस्तेमाल माइनिंग मिनरल का पता लगाने के लिए किया जाता है। सांसद धीरज साहू के ठिकानों से 350 करोड़ से ज्यादा नकद बरामद होने के बाद खुद पीएम मोदी दो बार सोशल मीडिया पर मैसेज पोस्ट कर कांग्रेस को घेर चुके हैं।

हम डरने वाले नहीं...

राज्य में जब से झामुमो के नेतृत्व में सरकार बनी है, तभी से विरोधी पार्टी के लोग हमारी सरकार को गिराने में लगे हुए हैं। आप सभी कार्यकर्ता ही हमारी बड़ी ताकत हैं। 2019 की तरह वर्ष 2024 के चुनावों में भी अखंडता और एकजुटता का परिचय देना होगा। **विरोधी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देना है :** सीएम ने कहा कि हम सभी बाबा भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित संविधान को मानने वाले लोग हैं। झारखंड देश का एक ऐसा राज्य है जो अपने पैरों में खड़ा होने की ताकत रखता है। जरूरत है कि हम इस राज्य को किस तरह नई दिशा देते हुए आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के लोग हमेशा अपने हक-अधिकार एवं सम्मान की लड़ाई लड़ता आ रहा है। आने वाले चुनाव में भी हमें राज्य विरोधी ताकतों और दलों को मुंहतोड़ जवाब देने का काम करना है। **इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होगा झामुमो :** वहीं, विनोद पांडेय ने बताया कि इंडिया गठबंधन का झामुमो अहम हिस्सा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गठबंधन के संयोजक मंडल में भी शामिल हैं। झामुमो दिल्ली में होनेवाली बैठक में शामिल होगा। उन्होंने कहा कि चूंकि इसी दौरान विधानसभा का सत्र भी है। इसलिए गठबंधन बैठक के कार्यक्रम और स्वरूप को देख कर तय किया जायेगा कि खुद सीएम भाग लेंगे या किसी प्रतिनिधि को भेजेंगे। हां, बैठक में झामुमो जरूर शामिल होगा। यह तय है, इसमें कहीं कोई इफ-बट नहीं है। बैठक में केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय, फागु बेसरा, केंद्रीय सचिव अभिषेक प्रसाद पिंटू, संजीव बेदिया, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक भूषण तिर्की उपस्थित थे। बैठक में सात जिले लोहरदगा, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, रांची, हजारीबाग, लातेहार, रामगढ़ के जिलाध्यक्ष प्रखंड शामिल हुए।

बिहार मे 302 कंपनियों का 50530 करोड़ निवेश का करार

एजेंसी

पटना। देश-विदेश की 302 कंपनियां बिहार में निवेश करेंगी। इन कंपनियों ने बिहार सरकार के साथ 50 हजार 530 करोड़ रुपये निवेश के समझौता पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। पटना के ज्ञान भवन में दो दिनों तक चले वैश्विक निवेशक सम्मेलन के दौरान ये करार हुए। वैश्विक निवेशक सम्मेलन के तहत चल रहे बिहार बिजनेस कनेक्ट का समापन गुरुवार को हो गया। समापन के दिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मौजूदगी में 12 कंपनियों के साथ करीब 24 हजार 45 करोड़ रुपये निवेश के समझौता पत्र पर हस्ताक्षर हुए। सबसे ज्यादा 8700 करोड़ पूंजी निवेश की घोषणा अडानी समूह के निदेशक प्रणव अडानी ने की। बिहार बिजनेस कनेक्ट के पहले दिन 26 हजार 695 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था। एमओयू पर बिहार सरकार की ओर से उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव संदीप पौंडरिक और उद्योग निदेशक पंकज दीक्षित, खाद्य प्रसंस्करण निदेशक विवेक रंजन मैत्रेय ने हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम के दौरान बिहार में उद्योग के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों पर आधारित एक लघु फिल्म भी दिखाई गई। भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड, पटेल एग्री, अदानी ग्रुप, हॉलटेक इंटरनेशनल, इंडो यूरोपियन हर्ट हॉस्पीटल, देव इंडिया प्रोजेक्ट, स्टार सीमेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, जेके लक्ष्मी सीमेंट, ओसवाल लॉजिपार्क, स्प्रे इंजीनियरिंग डिवाइस, वरुण वेबरेज, श्रीसीमेंट, नीलायम प्रीकोटेड स्टील, भारत ऊर्जा डिस्टलरी, एचपीसीएल, भारत प्लस इथेनॉल, भारत बायोफ्यूल, नेचुरल डेयरी, सावी लेदर्स, सीटीआरल, भारती एयरटेल, अलायंस इंडिया कंज्यूमर प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड, लार्ड बुद्धा इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट, ऑरो सुंदरम इंटरनेशनल, एपीक एग्रो प्रोडक्ट, नुपूर वेंचर प्राइवेट लिमिटेड, अनमोल बिस्कुट, बिहार डिस्टलरी एंड बोतल, सोना बिस्कुट, स्वदेशी फ्यूल, यूएएल इंडस्ट्रीज, ईस्टर्न एग्रो केमिकल, बीकानेरवाला फुड्स, श्रीनिवास एजुकेशनल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, पीनेक्स स्टील, सनगेविटी इंटरप्राइजेज, माइक्रोमैक्स बायोफ्यूल्स, अनीस प्रोडक्ट आदि। बिहार बिजनेस कनेक्ट के समापन के अवसर पर उद्योग विभाग अपर मुख्य सचिव संदीप पौंडरिक ने कहा कि निवेशकों से बातचीत का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। राज्य में निवेशकों का हमेशा स्वागत है। उन्होंने कहा कि यह प्रयास होगा कि हर साल निवेशक सम्मेलन आयोजित किया जाए।

स्कूल टाइम में धूप में बैठकर बात कर रहे थे शिक्षक, हेडमास्टर समेत पूरे स्टाफ का वेतन रोकने का आदेश

मधुबनी। बिहार के मधुबनी जिले में एक सरकारी स्कूल के शिक्षकों को धूप में बैठकर बात करना महंगा पड़ गया। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के निर्देशानुसार जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) ने पूरे स्टाफ का वेतन रोक दिया है। डीईओ की ओर से यह आदेश जारी होने के बाद पूरे जिले के शिक्षकों में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि शिक्षा विभाग की ओर से निरीक्षण के दौरान हेडमास्टर और शिक्षकों समेत अन्य स्टाफ स्कूल टाइम में धूप में बैठकर बातचीत करते हुए पाए गए थे। यह मामला मधुबनी जिले के पंडौल तेतरहा प्राइमरी स्कूल का है। बताया जा रहा है कि इस स्कूल के हेडमास्टर समेत सभी शिक्षकों और टोला सेवकाओं का वेतन बंद कर दिया गया है। 16 कर्मचारियों को दिसंबर महीने का वेतन नहीं मिलेगा। डीईओ की इस कार्रवाई के बाद से शिक्षकों में हड़कंप मचा हुआ है। रिपोर्ट्स के मुताबिक हाल ही में शिक्षा विभाग के पदाधिकरियों ने इस प्राइमरी स्कूल का निरीक्षण किया था। उस दौरान स्कूल के सभी शिक्षक कक्षा में पढ़ाने के बजाय धूप में बैठकर आपस में बातें कर रहे थे। डीईओ को इस बारे में शिकायत की गई। इसके बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी ने स्कूल के पूरे स्टाफ का वेतन रोकने का आदेश जारी कर दिया। बता दें कि एसीएस केके पाठक के निर्देश पर बीते जुलाई महीने से सरकारी स्कूलों में औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान स्कूल में किसी भी तरह की अव्यवस्था या अनुशासनहीनता मिलने पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश मिले हुए हैं। हालांकि, धूप में बैठकर बातें करने पर शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई का यह अनोखा मामला है।

बच्चों के सामने मां को पीट-पीटकर मार डाला

हाथ-पैर को रस्सी से बांध कंबल लपेट बाइक से ले गए शव

एजेंसी

पटना। बिहार के पश्चिम चंपारण के बैरिया के तिलगही के वार्ड-5 में गुरुवार सुबह करीब नौ बजे बच्चों के सामने ही उसकी मां की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई है। महिला की पहचान वार्ड पांच के ही चन्द्रशेखर चौधरी की पत्नी रीना देवी (34) के रूप में की गई है। हत्या का आरोप पति व ससुरालवालों पर लगाया गया है। हत्या के बाद शव बाइक से ले जाकर नौतन के खड्डा पुरंदरपुर सरेह में चंद्रावत नदी के बांध पर फेंक दिया। महिला को बचाने गई उसकी बेटी नेहा (14), पुत्र संजीत कुमार (10) और गोलू कुमार (06) को परिजनों ने बंधक बना लिया। घटना गुरुवार सुबह नौ बजे की है। एसडीपीओ माहताब आलम ने बताया कि रीना देवी के शव को पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेज दिया गया। उसके पति चंदेश्वर चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया है। परिजनों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। वहीं मृतका के पिता जौकटिया निवासी यदुनंदन सहनी ने बताया कि 18 साल पहले पुत्री रीना की शादी मियांपुर तिलंगही के सुदामा चौधरी के पुत्र चंदेश्वर चौधरी से की थी। कुछ वर्षों से रीना से ससुराल वाले बराबर मारपीट करते थे। गुरुवार सुबह रीना ने फोन पर बताया कि मेरे साथ मारपीट की गयी है। मैंने कहा कि तुम घर से निकल जाओ। तब उसने कहा कि इतनी भी ताकत नहीं है कि मैं घर से निकल सकूं। थोड़ी देर बाद गांव से एक फोन आया कि उसकी बेटी की मौत हो गयी है। जानकारी मिलने पर हमलोग वहां पहुंचे तो घर पर बच्चे मौजूद थे। रीना का शव गायब था। रीना देवी व चंदेश्वर चौधरी के दाम्पत्य जीवन से तीन बच्चे हैं। बेटी नेहा नौवीं कक्षा की छात्रा है। बेटा संजीत छठी कक्षा में पढ़ता है। सबसे छोटा बेटा गोलू छह साल का है। नेहा ने बताया कि घर में पिछले दो दिनों से पारिवारिक कलह चल रहा था। बड़े चाचा विजय चौधरी, चाची रेखा देवी, छोटे चाचा मनोहर चौधरी व चाची प्रेमशीला देवी, दादा सुदामा चौधरी व दादी मां को प्रताड़ित और मारपीट करते थे। गुरुवार सुबह हमलोग स्कूल जाने के लिए तैयार हो गये। इसी दौरान पिता चंदेश्वर चौधरी समेत परिवार के अन्य लोग पकड़कर मां को बुरी तरह पीटने लगे। मैं और भाई मिलकर मां को बचाने के लिए उससे लिपट गये। लेकिन पिता व अन्य लोगों ने हमलोगों को पकड़कर कमरे में बंद कर दिया। जब वे लोग हमलोगों को कमरे में बंद कर रहे थे तभी मां ने फोन कर नाना को मामले की जानकारी दी। थोड़ी ही देर बाद मां ने दम तोड़ दिया।

रीना की हत्या की सूचना उसके मायके जौकटिया में तुरंत मिल गयी। परिजन वहां से तिलंगही के लिए निकल गए। महज एक घंटे के अंदर रीना के पिता यदुनंदन सहनी, भाई श्रवण सहनी समेत परिवार के अन्य लोग तिलंगही पहुंचे। बच्चे घर पर थे। उन लोगों ने बताया कि मां की हत्या करने के बाद शव का हाथ-पैर रस्सी से बांध कर कंबल में लपेट बाइक से पापा व अन्य लोग ले गए हैं। उसके बाद परिवार वालों ने बैरिया पुलिस को फोन से सूचना दी। बैरिया पुलिस शव को अपने थाना क्षेत्र में खोजने लगी। इसी दौरान परिजनों को मालूम चला कि रीना के शव को बाइक से नौतन के खड्डा पुरंदरपुर की तरफ ले जाते हुए लोगों ने देखा है। सूचना पर परिजन व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो शव बरामद हुआ। बैरिया थानाध्यक्ष प्रणय कुमार ने बताया कि चन्द्रेश्वर चौधरी को गिरफ्तार किया गया है।

इंग्लैंड के खिलाफ भारत की ठोस शुरूआत

एजेंसी

मुंबई। सतीश शुभा (69), जेमिमाह रॉड्रिग्स (68), यास्तिका भाटिया (66) और दीप्ति शर्मा (60 नाबाद) के शानदार अर्धशतकों की मदद से भारत ने गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हुये पहले टेस्ट मैच में पहली पारी में सात विकेट खोकर 410 रन बनाये। डॉ. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। स्मृति मंधाना (17) और शेफाली वर्मा (19) के विकेट जल्दी गिरने के बाद क्रीज पर आयी सतीश और जेमिमाह ने इंग्लैंड के गेंदबाजों की धुनाई करते हुये टीम के स्कोर को जल्द ही तीन अंकों तक पहुंचा दिया और बाद में अपने अपने अर्धशतकों को पूरा कर लिया। पारी के 33वें ओवर में सोफी एकल्सटन की गेंद पर आउट होने से पहले सतीश अपनी पारी के दौरान 13 बार गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचा चुकी थीं। इंग्लैंड के गेंदबाजों को इसके बाद जल्द ही एक और सफलता जेमिमाह के विकेट के तौर पर मिली मगर दूसरे छोर पर आयी हरमनप्रीत ने नये बल्लेबाज यास्तिका के साथ मिल कर मेहमान क्षेत्ररक्षकों को एक बार फिर व्यस्त कर दिया। हरमनप्रीत दुर्भाग्यशाली तरीके से 49 रन के निजी स्कोर पर रन आउट हुयी। कप्तान के आउट होने से दूसरे छोर पर यास्तिका का भी आत्मविश्वास डगमगाया, नतीजन वे शार्लेट डीन की गेंद पर आउट होकर पवेलियन लौट गयीं। उन्होने अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान 88 गेंदो पर दस चौके और एक छक्का जड़ा। स्नेह राणा (30) के तौर पर इंग्लैंड को सातवीं सफलता मिली। दिन का खेल खत्म होने के समय दीप्ति शर्मा 60 और पूजा वस्त्रकर चार रन बनाकर क्रीज पर डटी हुयी थी।

आदिवासी क्रांति सेना मांगो को लेकर की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। आदिवासी क्रान्ति सेना की बैठक गुरुवार को परिसदन भवन में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष मुकेश आरडीएक्स टुडू एवं निखिल मुर्मू ने संयुक्त रूप से की। बैठक में आदिवासी समाज के सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक विषयों पर चर्चा हुई। जिसमे 15 दिसंबर से शुरू हो रहे विधानसभा शीतकालीन सत्र में झारखंडी जनमानस के हित में स्पष्ट, कानून सम्मत और विधि सम्मत स्थानीय नीति, आरक्षण नीति और नियोजन नीति सरकार लागू करने की मांग को लेकर चर्चा किया। सरकारी रिक्तियों में नियुक्ति निकालने पर जोर देने पर चर्चा किया गया। अध्यक्ष श्री टुडू ने कहा कि वर्तमान समय मे झारखंड में मानव तस्करी, पलायन, रोजगार, महिला सुरक्षा राज्य के अहम और महत्वपूर्ण विषयों है। जिसमें सरकार को त्वरित ध्यान देने की जरूरत पर जोर दिया। सदस्य निखिल मुर्मू ने कहा कि राज्य सरकार ने विगत चार सालों में जनता को स्थानीय, आरक्षण और रोजगार नीति में छलने, ठगने और दिगभ्रमित करने का काम कर किया है। केंद्र की सरकार से लोकसभा से आदिवासियों के लिए सरना धर्म कोड पारित करने का मांग किया, अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी। इसके लिए भी रूपरेखा तैयार की गई। सदस्यों ने संगठन का पूरे संथाल परगना में विस्तारीकरण और आने वाले साल में संगठन की स्थापना दिवस मनाने पर चर्चा की। इस अवसर पर शिव शंकर सोरेन, लक्ष्मण हांसदा, लव किशोर टुडू, अमित मुर्मू, राज किरण टुडू, सनी देओल बेसरा, संदीप मुर्मू, वीरेंद्र हेम्ब्रम, शिवराम हेम्ब्रम, कमल किशोर हेम्ब्रम आदि उपस्थित रहे।

अश्विनी पोनप्पा-तनिषा क्रैस्टो ओडिशा मास्टर्स के अगले दौर में

एजेंसी

कटक। 14 दिसंबर (वार्ता) अश्विनी पोनप्पा-तनिषा क्रैस्टो, उन्नति हुडा, किरण जॉर्ज, रुतुपर्णा पांडा-श्वेतापर्णा पांडा ने ओडिशा मास्टर्स 2023 के तीसरे दिन गुरुवार को अगले दौर में जगह बना ली।

दिन के पहले मैच में भारतीय जोड़ी तनीषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला ने मिश्रित युगल मुकाबले में इंडोनेशिया के अमरी सयानावी और विनी ओक्टाविना कैंडो की जोड़ी को 21-16, 21-12 से हरा कर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने पहले प्वाइंट से ही आक्रामकता दिखाई और एक पल में 7-3 की बढ़त ले ली। भारतीय जोड़ी ने पहला सेट 21-16 के स्कोर के साथ समाप्त किया। मैच के दूसरे सेट में भारतीय जोड़ी ने 13-4 की बढ़त ले ली और अपने विरोधियों को बैकफुट पर ला दिया।

16वें राउंड के मिश्रित युगल मैच में सुमीथ रेड्डी और सिक्की रेड्डी ने अश्विनी पोनप्पा और रोहन कपूर के खिलाफ मैच का पहला सेट 21-14 से अपने नाम किया। दूसरे सेट की शुरूआत में अश्विनी-रोहन ने तेजी दिखानी शुरू कर दी और सुमीथ-सिक्की पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। अश्विनी-रोहन ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए 11-9 की बढ़त बना ली, इसके बाद अश्विनी-रोहन ने दूसरा सेट 21-17 से जीत लिया। निर्णायक सेट में, अश्विनी-रोहन ने दूसरे सेट से गति पकड़ी और शुरूआत में बढ़त ले ली, लेकिन सुमीत-सिक्की ने वापसी की और अंतराल तक स्कोर सुमीत-सिक्की के पक्ष में 14-12 था। लेकिन, सुमीथ-सिक्की ने 21-14 के स्कोर के साथ क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

पूर्व विश्व नंबर एक नोजोमो ओकुहारा ने स्टेफनी विदजाजा के खिलाफ अपना मैच 21-11 और 21-16 के स्कोर से जीता। चिराग सेन ने मैड्स क्रिस्टोफरसेन के खिलाफ अपना मैच 21-10, 15-21 और 21-17 के स्कोर से जीता।

महिला युगल वर्ग में अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रैस्टो की जोड़ी का मुकाबला अरुल बाला राधाकृष्णन और वर्षिनी विश्वनाथ श्री से था। अश्विनी-तनिषा की जोड़ी ने अपने विरोधियों पर 21-13 और 21-13 की आसान जीत के साथ अगले दौर में प्रवेश किया।

भारत के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका ने पहले फील्डिंग चुनी

जोहैनेसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका ने टी20 श्रृखंला के तीसरे और अंतिम मैच में गुरुवार को टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का निमंत्रण दिया। श्रृखंला में 1-0 की बढ़त हासिल कर चुकी दक्षिण अफ्रीका ने आज के मैच के लिये टीम में तीन बदलाव किये है। तेज गेंदबाज आंद्रे बर्गर को अंतिम एकादश में शामिल किया गया है। यह उनका पदार्पण मैच होगा जबकि केशव महाराज और डोनवन फरेरा भी टीम में जगह बनाने में सफल हुये है। भारतीय टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

क्रेन ने बस, कार समेत पांच वाहनों को मारी टक्कर, चार जख्मी

- **आक्रोशित लोगों ने मुख्य पथ को जाम किया, पुलिस समझाने-बुझाने में जुटी**

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। जिले मुफस्सिल थाना क्षेत्र दुमका-मसलिया मुख्य पथ पर महुआडंगाल के पास एक क्रेन ने एक साथ कई वाहनों में ठोकर मार दिया। एक साथ कई वाहनों में धक्का लगने से चार लोग जख्मी हो गए है। यह घटना गुरुवार को शाम में हुई। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने क्रेन चालक की जमकर पिटाई कर दी। स्थानीय लोगों की पिटाई से चालक अधमरा हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंच घायलों को फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार क्रेन रांची से दुमका की ओर आ रही थी। क्रेन का चालक नशे में धुत था। वह बिहार के सिवान जिला का निवासी है। नशे में धुत रहने की वजह से उसने पहले एक ट्रैक्टर में धक्का मारा। ट्रैक्टर सड़क के किनारे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर की चपेट में आने से दो युवक राकेश मुर्मू एवं सनथ सोरेन गंभीर रुप से जख्मी हो गए। क्रेन ने ट्रैक्टर में धक्का मारने के बाद गोपी बस, एक कार, एक ऑटो एवं एक टोटो में भी धक्का मार दिया। ट्रैक्टर, कार व ऑटो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। बस में सवार एक यात्री भीम रजक गंभीर रुप से जख्मी है। भीम रजक का कहना है कि वह दुमका से मजदूरी कर वापस जामा के बीचकोड़ा अपना घर गोपी बस से लौट रहा था कि क्रेन के झटका से वह जख्मी हो गया है। वह खिड़की के पास बैठा हुआ था। उसके सिर पर चोटे लगी है। घायल राकेश मुर्मू एवं सनथ सोरेन जामा के अगोईयां गांव का रहने वाला है। इस घटना के बाद मुख्य पथ पर जाम लग गई है। स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया है। पुलिस ग्रामीणों को समझा-बुझाकर पुनः यातायात बहाल करने में लगी हुई है। इधर,स्थानीय लोगों की पिटाई से चालक संजीत कुमार सिंह की हालत नाजुक बनी हुई है। सभी घायलों का इलाज पीजेएमसीएच में चल रहा है। हल्की जख्मी वालों को इलाज के बाद रिलीज कर दिया गया है।

यूपी के सीएमयोगी आदित्यनाथ से मिले युवा साहित्यकार नीलोत्पल मृणाल

दुमका। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बुधवार को युवा साहित्यकार नीलोत्पल मृणाल ने मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री को उत्तर प्रदेश के द्वारा डार्क हॉर्स पुस्तक के विषय मे लेखक नीलोत्पल मृणाल से लगभग 30 मिनट तक चर्चा किए। इसके बाद साहित्य के उत्थान पर भी चर्चा हुई। मौके पर निलोत्पल मृणाल ने अपनी लिखी अन्य दो पुस्तक औघड़ एवं यार जादूगर मुख्यमंत्री को भेंट स्वरूप प्रदान किए। वही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लेखक नीलोत्पल मृणाल को भेंट स्वरूप एक गणेश भगवान का मूर्ति भेंट किए।

राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का अमेरिका में भी मनेगा जश्न

हिंदू समुदाय घरों में जलायेंगे पांच दीये, उद्घाटन समारोह का होगा सीधा प्रसारण

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका में रहने वाले हिंदू समुदाय के लोग अगले महीने अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर अपने घरों में पांच दीये जला कर इसका जश्न मनाने की योजना बना रहे हैं। अमेरिकी हिंदू समुदाय ने इस मौके पर कई कार्यक्रम भी आयोजित करने की योजना बनाई है, जिसमें विभिन्न शहरों में कार रैलियां निकालना, भव्य उद्घाटन समारोह का सीधा प्रसारण करना तथा सामुदायिक सभा आदि शामिल हैं। शिकागो में हिंदू समुदाय के नेता भरत बराई ने बताया कि यह हम सभी के लिए एक सपने के सच होने जैसा है। हमने अपने जीवन में कभी नहीं सोचा था कि हम यह दिन देख पाएंगे। वह क्षण आ गया है। राम मंदिर (उद्घाटन) का जश्न मनाने का समय है। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने के लिए मंदिर अधिकारियों द्वारा आमंत्रित लोगों में से डॉ. बरई ने कहा कि बड़ी संख्या में हिंदू अमेरिकियों ने राम जन्मभूमि आंदोलन में भाग लिया था।

विश्व हिंदू परिषद ने लॉन्च की वेबसाइट

विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका (वीएचपीए) ने इन समारोहों में 1,000 से अधिक मंदिरों और व्यक्तियों की भागीदारी की सुविधा के लिए एक वेबसाइट लॉन्च की है। यह संस्था यहां समारोहों का नेतृत्व कर रही है। वीएचपीए ने सभी हिंदू अमेरिकियों से मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का जश्न मनाने के लिए अपने घरों में कम से कम पांच दीये जलाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हिंदू अमेरिकियों के बीच अभूतपूर्व उत्साह है। बड़ी संख्या में भारतीय अमेरिकी इस ऐतिहासिक समारोह का हिस्सा बनने के लिए अयोध्या जाना चाहते हैं। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों से होगी। इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए बड़ी संख्या में लोगों को निमंत्रण दिया गया है।

श्रीराम एयरपोर्ट पर 30 दिसंबर को उतरेगा पहला विमान

अयोध्या। भगवान श्रीराम की नगरी में भव्य मंदिर निर्माण के साथ-साथ तमाम विकास कार्यों को तेज गति से पूरा किया जा रहा है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो इसे ध्यान में रखते हुए मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के निर्माण का कार्य भी तेज गति से पूरा किया जा रहा है। जनवरी माह में भव्य श्रीराम मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले अयोध्या जनपद में हवाई यातायात सेवाएं प्रारंभ हो जाएंगी। एयरपोर्ट पर 30 दिसंबर को उद्घाटन के लिए पहला विमान पहुंच जाएगा। सीएम योगी व उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और वीके सिंह ने अभी कुछ दिन पहले ही एयरपोर्ट का निरीक्षण किया था। अधिकारियों को 15 दिसबंर तक काम पूरा करने के आदेश दिए गए थे। अधिकारियों ने भी सीएम और केंद्रीय मंत्रियों को आश्वस्त किया था कि काम युद्ध स्तर पर जारी है और तय सीमा पर काम पूरा कर दिया जाएगा। मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का काम आखिरी स्टेज में है। रनवे बनकर तैयार हो गया है। एयरपोर्ट के रनवे की लंबाई 2,200 मीटर व चौड़ाई 45 मीटर का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण है। टर्मिनल बिल्डिंग का निर्माण कार्य 98 फीसदी पूरा हो गया है। जबकि रनवे का कार्य पूरा कर लिया गया है। एयरपोर्ट 50 हजार स्क्वायर फीट का हो जाएगा। रनवे पर नाइट लैंडिंग के लिए सभी उपकरण लगा दिये गये हैं।

फर्जी रोजगार प्रस्तावों के झांसे में नहीं आएं : केंद्र

नयी दिल्ली। विदेश में रोजगार की तलाश कर रहे भारतीयों को सतर्क रहना चाहिए और नौकरी के फर्जी प्रस्तावों के झांसे में नहीं आना चाहिए। विदेश मंत्रालय ने लोगों से गुरुवार को यह अपील की। मंत्रालय ने रोजगार की तलाश कर रहे लोगों से पंजीकृत भर्ती एजेंट की सुरक्षित और कानूनी सेवाओं का उपयोग करने का भी आग्रह किया। विदेश मंत्रालय ने एक परामर्श जारी कर विदेशों में नौकरियां देने का वादा करने वाली सभी अपंजीकृत एजेंसियों को विदेशी भर्ती में शामिल न होने की चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां उत्प्रवास अधिनियम 1983 का उल्लंघन हैं और मानव तस्करी के समान हैं, जो एक दंडनीय अपराध है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह भी देखा गया है कि विदेश में नौकरी चाहने वालों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है, जिन्हें अपंजीकृत भर्ती एजेंट द्वारा फर्जी नौकरी की पेशकश के जरिए ठगा जाता है और साथ ही उनसे दो से पांच लाख रुपये तक की वसूली भी की जाती है। अपंजीकृत और अवैध एजेंट मंत्रालय से लाइसेंस प्राप्त किए बिना काम करते हैं, जबकि लाइसेंस विदेश में किसी भर्ती के लिए अनिवार्य है।

संसद की सुरक्षा में सेंध मामले में सभी के खिलाफ यूएपीए के तहत मामला दर्ज

कोर्ट ने चार आरोपियों को सात दिन की पुलिस रिमांड में भेजा

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने नये संसद भवन की सुरक्षा में सेंध लगाने के आरोप में गिरफ्तार चार लोगों को बृहस्पतिवार को सात दिन के लिए दिल्ली पुलिस की हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने आरोपियों- मनोरंजन डी, सागर शर्मा, अमोल शिंदे और नीलम देवी- को एनआईए (राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण) मामलों की विशेष न्यायाधीश हरदीप कौर की विशेष अदालत में पेश किया। पुलिस ने अदालत से आरोपियों को 15 दिन की हिरासत में भेजने का अनुरोध किया, ताकि उनसे पूछताछ की जा सके। अदालत ने आरोपियों को सात दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया। आरोपियों पर आईपीसी की विभिन्न धाराओं के अलावा आतंकवाद-रोधी कानून गैर कानूनी गतिविधियां निवारण अधिनियम (यूएपीए) के तहत आरोप लगाए गए हैं। संसद पर 2001 में हुए आतंकी हमले की बरसी के दिन सुरक्षा में सेंध लगाने की यह घटना हुई। बुधवार को लोकसभा की कार्यवाही के दौरान दर्शक दीर्घा से दो लोग सदन के भीतर कूद गए और केन के जरिये पीले रंग का धुआं फैला दिया। दोनों को पकड़ लिया गया। कुछ देर बाद, पीले और लाल रंग का धुआं छोड़ने वाली केन लेकर संसद भवन के बाहर प्रदर्शन करने वाले एक पुरुष और एक महिला को गिरफ्तार किया गया। दर्शक दीर्घा से कूदने वाले दोनों व्यक्तियों की पहचान सागर शर्मा और मनोरंजन डी. के रूप में हुई है। संसद भवन के बाहर से गिरफ्तार किए गए दो लोगों की पहचान हरियाणा के जींद जिले के घासो खुर्द की निवासी नीलम और लातूर (महाराष्ट्र) के निवासी अमोल शिंदे के रूप में हुई है।

सांसदों का निलंबन तानाशाही : खड़गे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संसद में सुरक्षा को लेकर सवाल पूछने पर पार्टी सांसदों के निलंबन को अलोकतांत्रिक करार देते हुए कहा कि सुरक्षा में चूक का मामला गंभीर है और इस मुद्दे को संसद में उठाने के कारण सांसदों का निलम्बन तानाशाही रवैया है।

श्री खड़गे ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा और हमारे लोकतंत्र के मंदिर यानी संसद की सुरक्षा को खतरे में डालने के बाद भाजपा अब इस मुद्दे को लेकर बात करने वालों को ही सजा दे रही है। संसद में हुई गंभीर सुरक्षा चूक को लेकर चर्चा करने की बात करने वाले विपक्ष के 15 सांसदों को सरकार ने संसद से निलंबित कर दिया, लेकिन सही मायने में यह लोकतंत्र का निलंबन हुआ है। जिन सांसदों का निलम्बन हुआ है सरकार बताए उनका अपराध क्या है। क्या गृहमंत्री से सदन में बयान देने का आग्रह करना अपराध है या गंभीर सुरक्षा चूक पर चर्चा कराना अपराध है।

महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि 13 दिसंबर को संसद की सुरक्षा में जो चूक हुई उसके खिलाफ कांग्रेस के सांसदों ने आवाज उठाई तो उन्हें आज निलंबित कर दिया गया।

दबाव के बावजूद लड़ाई जारी रहेगी : नेतन्याहू

तेल अवीव। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कर दिया है कि अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद हमास के खिलाफ इजराइल की लड़ाई को कोई नहीं रोक सकता। इजराइल इस लड़ाई को अंत तक जारी रखेगा और इसे रोकने का कोई सवाल नहीं है।

इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने सोशल मीडिया एक्स पर जारी वीडियो संदेश में अपना रुख साफ कर दिया। उन्होंने कहा कि अपने सैनिकों को खोने की भारी पीड़ा और अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद हम आखिर तक और जीत तक लड़ेंगे। इससे पहले इजराइल के विदेश मंत्री एली कोहेन ने कहा कि वैश्विक दबाव के बावजूद हमास के खिलाफ इजराइल का युद्ध जारी रहेगा। अभी युद्धविराम आतंकी संगठन के लिए उपहार जैसा होगा और युद्ध रुका तो हमास एकबार फिर मजबूत होकर खड़ा हो जाएगा। मंगलवार को एक कार्यक्रम के दौरान अमेरिकी प्रधानमंत्री जो बाइडेन ने कहा था कि गजा पर अंधाधुंध बमबारी करके इजराइल दुनियाभर का समर्थन खो रहा है।

मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में आरोपित और दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की सुप्रीम कोर्ट की ओर से जमानत नहीं देने के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने पुनर्विचार याचिका खारिज करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने 30 अक्टूबर को फैसले में सिसोदिया को जमानत देने से इनकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने जमानत देने से इनकार करते हुए कहा था कि 6 से 8 महीने में मुकदमा खत्म न हो तो सिसोदिया दोबारा जमानत का आवेदन कर सकते हैं।

बाइडेन के खिलाफ महाभियोग को मंजूरी

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिकी संसद ने बुधवार को राष्ट्रपति जो बाइडेन के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। प्रस्ताव के समर्थन में 221 और इसके खिलाफ 212 मत मिले। अमेरिकी राष्ट्रपति अपने बेटे हंटर बाइडेन के विवादास्पद अंतरराष्ट्रीय सौदों के बचाव को लेकर घिरे हैं। प्रस्ताव के जरिये राष्ट्रपति बाइडेन के खिलाफ महाभियोग जांच शुरू करने को मंजूरी दी गई। हालांकि राष्ट्रपति बाइडेन ने इसे राजनीतिक हथकंडा बताया है। यह पूरा मामला अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन के बेटे हंटर बाइडेन के व्यापारिक सौदों से जुड़ा हुआ है। रिपब्लिकन पार्टी के सदस्य हंटर बाइडेन के व्यापारिक सौदे की जांच कर रहे हैं। इस मामले में उन्हें पेश होने के लिए नोटिस जारी किया था। हंटर बाइडेन ने बंद कमरे की बजाय सार्वजनिक रूप से गवाही देने की बात कही। उन्होंने बंद कमरे में किसी भी तरह का ब्यौरा देने से मना कर दिया। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने महाभियोग प्रस्ताव को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए इसे राजनीतिक हथकंडा करार दिया है। उन्होंने इसे आधारहीन बताते हुए कहा कि अमेरिकी जनता चाहती है कि उसका नेता देश-दुनिया की जरूरी चीजों पर कदम उठाए। हालांकि रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से अभीतक राष्ट्रपति बाइडेन के खिलाफ कोई मजबूत तथ्य पेश नहीं किया गया है। महाभियोग से कोई लाभ नहीं होगा क्योंकि उच्च सदन सीनेट में यह प्रस्ताव गिर जाएगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन के बेटे हंटर बाइडेन के व्यापारिक सौदा मामला

सेंसेक्स 70 हजार के पार, निफ्टी नये शिखर पर

एजेंसी

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन तेजी आई बीएसई सेंसेक्स 929 अंक से अधिक उछलकर नये रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी अबतक के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर को यथावत रखने और अगले साल इसमें कटौती किये जाने के संकेत के बाद मुख्य रूप से आईटी, प्रौद्योगिकी और रियल्टी कंपनियों के शेयरों में तेज लिवाली से बाजार में उछाल आया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 929.60 अंक यानी 1.34 प्रतिशत उछलकर अबतक के उच्चतम स्तर 70,514.20 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,018.29 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 256.35 अंक यानी 1.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ अबतक के उच्चतम स्तर 21,182.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 21,210.90 अंक तक चला गया था। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, विप्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व और महिंद्रा एंड महिंद्रा प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, नेस्ले, जेएसडब्ल्यू स्टील, मारुति, टाइटन और टाटा मोटर्स शामिल हैं।एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में जबकि जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरूआती कारोबार में तेजी रही। अमेरिकी बाजार बुधवार को बढ़त में रहे थे। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने बुधवार को लगातार तीसरी बार नीतिगत दर को यथावत रखा। इससे संकेत मिलता है कि महंगाई को काबू में लाने के लिए नीतिगत दर में वृद्धि का सिलसिला संभवतः थम गया है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने यह भी संकेत दिया कि अगले साल नीतिगत दर में कटौती की जा सकती है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि बाजार में उत्साह बना रहा और फेडरल रिजर्व की उदार टिप्पणी के बीच दोनों मानक सूचकांक नई ऊंचाई पर पहुंच गए। बाजार को फेडरल रिजर्व के अगले साल नीतिगत दर में तीन बार कटौती के संकेत से समर्थन मिला। इसके अलावा अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में में तेज गिरावट ने निवेशकों के भरोसे को मजबूत किया है।

सेंसेक्स 930 अंक उछलकर अबतक के उच्चतम स्तर 70,514 पर पहुंचा, निफ्टी में 256 अंकों की तेजी

निवेशकों की संपत्ति 3.22 लाख करोड़ बढ़ी

बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) गुरुवारको बढ़कर 355 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। वहीं सेंसेक्स के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचने से निवेशकों की संपत्ति 3.22 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई।

राजस्थान में भजनलाल शर्मा आज में मुख्यमंत्री पद की शपथ, मोदी रहेंगे मौजूद

जयपुर। राजस्थान के मनोनीत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और दो उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा शुक्रवार को सुबह 11 बजे शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

अल्बर्ट हॉल (रामनिवास बाग) के बाहर होने वाले इस समारोह को भव्य बनाने के लिए तैयारियां की जा रही हैं। शपथ ग्रहण में प्रधानमंत्री मोदी की गारंटियों की भी झलक देखने को मिलेगी। समारोह स्थल पर भाजपा के झंडों और होर्डिंग काउंटर सहित प्रधानमंत्री मोदी की जन कल्याणकारी योजनाओं वाले पोस्टर और बैनर लगाए गए हैं।

एक नजर में

कोयला घोटाले में बघेल के करीबी सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका खारिज

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कथित कोयला लेवी धनशोधन मामले में आरोपी एवं छत्तीसगढ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उप सचिव सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका गुरुवार को खारिज कर कर दी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने अनुचित बयान देकर तथ्यों को गलत तरीके से पेश करने के लिए चौरसिया पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। पीठ ने कहा कि इसे अस्वीकार नहीं किया जा सकता कि न्याय के लिए अदालत का रुख कर रहे पक्षों से सभी तथ्यों का पूर्ण और सही खुलासा करने की उम्मीद की जाती है और किसी पक्ष की तरफ से पेश होने वाले प्रत्येक वकील से उचित तरीके से अदालत की सहायता करने की उम्मीद की जाती हे। पीठ ने कहा कि गुण-दोष के आधार पर भी हमें कुछ नहीं मिला है। चूंकि गलत तथ्य बताए गए हैं तो हम एक लाख रुपये के जुमार्ने के साथ अपील खारिज करते हैं। एजेंसी ने कहा था कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच एक बड़े घोटाले से जुड़ी है जिसमें वरिष्ठ नौकरशाह, कारोबारी, नेता और बिचौलियों से जुड़े एक गिरोह द्वारा छत्तीसगढ़ में कोयला की ढुलाई पर प्रति टन 25 रुपये की अवैध उगाही की जा रही थी।

गडचिरोली में मुठभेड़, दो नक्सली ढेर

नागपुर। पूर्वी महाराष्ट्र के गडचिरोली जिले में गुरुवार को पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर हो गए, जिनमें 2019 में जंबुलखेड़ा विस्फोट में शामिल रहा एक नक्सली भी है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि 2019 में जंबुलखेड़ा विस्फोट के मुख्य षडयंत्रकारियों में शामिल एवं कसानसुर दलम (दस्ता) का उप कमांडर दुर्गेश वट्टी मुठभेड़ में मारे गए दो नक्सलियों में से एक है। 2019 में हुए विस्फोट में गडचिरोली पुलिस के 15 पुलिसकर्मियों की जान चली गई थी। पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने बताया कि पुलिस को खुफिया जानकारी मिली थी कि नक्सलियों का एक बड़ा समूह छत्तीसगढ़ सीमा पर गोदलवाही चौकी के निकट बोधिनटोला के पास कुछ गड़बड़ी करने और पुलिस बलों पर घात लगाकर हमला करने के मंसूबे से डेरा डाले हुए है। उन्होंने कहा कि तलाश अभियान के दौरान नक्सलियों ने पुलिस दल पर गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि करीब एक घंटे तक हुई गोलीबारी खत्म होने के बाद वट्टी और एक अन्य पुरुष नक्सली के शव मुठभेड़ स्थल पर मिले। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि एक एके-47 राइफल और एक सेल्फ-लोडिंग राइफल (एसएलआर) भी बरामद की गई है।

गुजरात में आप विधायक वसावा गिरफ्तार

देडियापाड़ा (गुजरात)। वन विभाग के कर्मियों को कथित तौर पर धमकाने और हवाई फायरिंग करने के मामले में महीने भर से अधिक समय से फरार गुजरात के आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक चैतर वसावा ने नर्मदा जिले के देडियापाड़ा कस्बे में पुलिस के समक्ष बृहस्पतिवार को आत्मसमर्पण कर दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। वसावा सुबह यहां आप कार्यालय से जुलूस का नेतृत्व करने के बाद अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ देडियापाड़ा पुलिस थाने पहुंचे। उनके जुलूस के कुछ वीडियो उनके समर्थकों ने सोशल मीडिया पर भी साझा किये हैं। उनके आत्मसमर्पण के बाद उन्हें पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस उपाधीक्षक घनश्याम सरवैया ने बताया कि उनके साथ तीन अन्य आरोपियों ने भी आत्मसमर्पण कर दिया।

मप्र विधानसभा का सत्र 18 दिसंबर से

भोपाल। नवगठित मध्यप्रदेश विधानसभा का पहला सत्र यहां 18 दिसंबर से शुरू होगा जिसमें नवनिर्वाचित विधायक शपथ लेंगे। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि 16वीं विधानसभा के चार दिवसीय सत्र के दौरान नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे और सदन के अन्य आवश्यक कामकाज निपटाए जाएंगे। यह सत्र 21 दिसंबर को समाप्त होगा। इससे पहले दिन में, राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने सत्तारूढ़ भाजपा के सबसे वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव को नए विधायकों को पद की शपथ दिलाने और छोटे सत्र के दौरान सदन के कामकाज का संचालन करने के लिए प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया। पटेल ने यहां राजभवन में मुख्यमंत्री मोहन यादव और अन्य की उपस्थिति में आयोजित एक समारोह में भार्गव को पद की शपथ दिलाई। प्रोटेम स्पीकर एक अस्थायी विधानसभा अध्यक्ष होता है जिसे नियमित स्पीकर की अनुपस्थिति में सदन की कार्यवाही संचालित करने के लिए सीमित समय के लिए नियुक्त किया जाता है।

'वेट्टैयन' में काम करेंगे अमिताभ बच्चन



मुंबई। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन , दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत के साथ फिल्म वेट्टैयनमें काम करते नजर आयेंगे। हाल ही में रजनीकांत की अगली फिल्म थलाइवर 170 की घोषणा की गई है। फिल्म 'थलाइवर 170' को आखिरकार एक टाइटल मिल गया है। टीजे ग्नानवेल द्वारा लिखित और निर्देशित इस फिल्म का नाम 'वेट्टैयन' रखा गया है। प्रोडक्शन बैनर लाइका प्रोडक्शंस ने टाइटल टीजर वीडियो में फिल्म के नाम का खुलासा किया है। फिल्म के टाइटल टीजर क्लिप में रजनीकांत स्टाइलिश रूप से काले धूप के चश्मे लगाए हुए दिखाई दे रहे हैं और कह रहे हैं, जब शिकार जारी है, तो शिकार को गिरना ही चाहिए। इसके बाद शुबा द्वारा लिखित और गाया गया एक छोटा रैप है, जिसे अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा संगीतबद्ध किया गया है। अमिताभ बच्चन और रजनीकांत ने अंतिम बार वर्ष 1991 में प्रदर्शित फिल्म हम में काम किया था। इससे पहले दोनों कलाकारों फिल्म अंधा कानून (1983) और गिरफ्तार (1985) में स्क्रीन शेयर कर चुके हैं।

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

Class - X		Class - IX	
Hindi	₹ 140	Hindi	₹ 140
English	₹ 140	English	₹ 140
Mathematics	₹ 140	Mathematics	₹ 140
Science	₹ 140	Science	₹ 140
Social Science	₹ 140	Social Science	₹ 140
Sanskrit	₹ 120	Sanskrit	₹ 120
Hindi - B	₹ 140	Hindi - B	₹ 80
Hindi Vyakaran- II	₹ 120	Hindi Vyakaran- II	₹ 120
English Grammar - II	₹ 120	English Grammar - II	₹ 120
Sanskrit Vyakaran-II	₹ 100	Sanskrit Vyakaran-II	₹ 100
Hindi Practical	₹ 55	Hindi Practical	₹ 55
English Practical	₹ 55	English Practical	₹ 55
Maths. Practical	₹ 65	Maths. Practical	₹ 55
Science Practical	₹ 65	Science Practical	₹ 70
S. Science Practical	₹ 65	S. Science Practical	₹ 65
Sanskrit Practical	₹ 55	Sanskrit Practical	₹ 55
Maths. Practical (Combined)	₹ 90	Maths. Practical (Combined)	₹ 75
Science Practical (Combined)	₹ 90	Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
Mathematics	₹ 200	Mathematics	₹ 130
Science	₹ 200	Science	₹ 200
Social Science	₹ 200	Social Science	₹ 130
Maths. Practical	₹ 80	Maths. Practical	₹ 80
Science Practical	₹ 80	Science Practical	₹ 80
S. Science Practical	₹ 80	S. Science Practical	₹ 80

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !